



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-31 अंक : 10 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) वैशाख कृ.9 2083 शनिवार, 11 अप्रैल-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद * पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## प्रियदर्शिनी केस : संतोष सिंह की परोल बढ़ाने की मांग खारिज

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने 1996 के चर्चित प्रियदर्शिनी मट्टू हत्याकांड के दोषी संतोष कुमार सिंह को दी गई परोल की अवधि बढ़ाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि मामले से जुड़ा मुख्य मुद्दा रिहाई पहले से ही दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह मामला 18 मई को हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए निर्धारित है। सुप्रीम कोर्ट ने संतोष सिंह को यह स्वतंत्रता दी कि वह हाईकोर्ट से अपने मामले की जल्द सुनवाई की मांग कर सकते हैं। पीठ ने यह भी कहा कि अगर ऐसी मांग की जाती है, तो हाईकोर्ट मामले के तथ्यों को देखते हुए उस पर विचार करे।

# जस्टिस यशवंत वर्मा का इस्तीफा

* घर में 500 के जले नोटों से भरे बोरे मिले थे * सुप्रीम कोर्ट की जांच में दोषी * संसद में महाभियोग प्रस्ताव

प्रयागराज, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को इस्तीफा भेज दिया है। 14 मार्च 2025 को उनके दिल्ली स्थित सरकारी घर में आग लगने के दौरान 500-500 के नोटों के बंडल जले मिले थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली थी, लेकिन उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी। मामले की जांच पूरी होने तक उन्हें न्यायिक कामों से दूर रखा गया था। जस्टिस वर्मा ने 9 अप्रैल को इस्तीफा भेजा था, लेकिन न्यूज एजेंसी ने अगले दिन, यानी 10 अप्रैल को इसकी जानकारी दी।




### इस्तीफे में लिखा-गहरे दुख के साथ पद छोड़ रहा

जस्टिस वर्मा ने इस्तीफे में लिखा है-मैं आपके सम्मानित कार्यालय को उन कारणों से परेशान नहीं करना चाहता, जिनकी वजह से मुझे यह पत्र लिखना पड़ रहा है। लेकिन गहरे दुख के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है।

### सुप्रीम कोर्ट की कमेटी ने जस्टिस वर्मा को दोषी माना

सुप्रीम कोर्ट के चीफ संजीव खन्ना ने 22 मार्च को जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की इंटरनल जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। इसने 4 मई को सीजेआई को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया था।

### जस्टिस वर्मा ने महाभियोग प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी

लोकसभा में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। उन्होंने इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा था कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। इसके बावजूद लोकसभा ने जांच समिति बना दी, जो गलत है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा-लोकसभा स्पीकर के पास जांच का अधिकार

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लोकसभा स्पीकर की ओर से गठित संसदीय जांच पैनल में कुछ खामी दिखाई देती है। लेकिन जजेज इन्क्वायरी एक्ट के तहत लोकसभा स्पीकर के पास यह अधिकार है कि वह जस्टिस वर्मा के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए समिति गठित कर सकें, भले ही राज्यसभा में ऐसा प्रस्ताव खारिज हो चुका हो। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को फैसला सुरक्षित रखा था। लेकिन कोर्ट ने जस्टिस वर्मा को पार्लियामेंट्री कमेटी के सामने जवाब दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने से मना कर दिया था।

## रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे 26 भारतीयों की वापसी से जुड़े मामले में केंद्र को नोटिस

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने रूस-यूक्रेन युद्ध में फंसे 26 भारतीय नागरिकों के परिवारों की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और विस्तृत जवाब मांगा है। याचिका में कहा गया है कि ये सभी भारतीय नागरिक देश में सक्रिय कुछ एजेंटों के माध्यम से रूस गए थे, जिन्होंने उन्हें वहां अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा दिया था। परिवारों का आरोप है कि रूस पहुंचने के बाद इन लोगों को जबरन रूसी सेना के साथ युद्ध क्षेत्र में भेज दिया गया, जहां उन्हें रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान लड़ने के लिए मजबूर किया गया। याचिका के अनुसार इनमें से अधिकांश लोग पंजाब और हरियाणा से हैं, जिन्होंने बेहतर रोजगार की उम्मीद में विदेश जाने का फैसला किया था। परिजनों का कहना है कि एजेंटों ने उनसे मोटी रकम लेकर उन्हें गलत जानकारी दी और सुरक्षित नौकरी का वादा किया।

# हरिवंश राज्यसभा के मनोनीत सांसद बने, फिर उपसभापति बन सकते हैं

**कार्यकाल 2032 तक रहेगा, उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने पद की शपथ दिलाई**

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राज्यसभा के पूर्व उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह मनोनीत सांसद बने। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में शपथ दिलाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें राज्यसभा के लिए नॉमिनेट किया था।

हरिवंश का पिछला कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हो गया था। उनकी पार्टी जेडीयू ने इस बार नाम नहीं दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने उनका मनोनयन किया। पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई के रिटायर होने के बाद सीट खाली हुई थी। इसे भरने के लिए जेडी(यू) के हरिवंश को चुना गया। 69 साल के हरिवंश 2032 तक राज्यसभा में रहेंगे। राज्यसभा में 12 सदस्य मनोनीत होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति तय करते हैं। इन्हें कला, साहित्य, विज्ञान और समाज सेवा में विशेष योगदान के आधार पर चुना जाता है। इधर, बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने भी राज्यसभा सांसद की शपथ ली। हरिवंश को नीतीश कुमार का करीबी माना जाता था, लेकिन कुछ समय से दोनों के बीच दूरी नजर आई।




बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान राज्यसभा में रिटायर हो रहे सांसदों का विदाई समारोह 18 मार्च को हुआ था। इस दौरान पीएम मोदी ने हरिवंश के लिए कहा था-हमारे उपसभापति हरिवंश विदा ले रहे हैं। हरिवंश को इस सदन में लंबे समय तक अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का अवसर मिला। पीएम मोदी ने हिंट दी थी कि हरिवंश की राजनैतिक पारी अभी खत्म नहीं हुई है, वे आगे भी जनहित में काम करते रहेंगे। इसके आधार पर ही यह माना जा रहा है हरिवंश नारायण को मनोनीत सांसद बनाकर दोबारा लाया गया है।

## आतंकी साजिश नाकाम : आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले मॉड्यूल का भंडाफोड़

**सीसीटीवी से पाकिस्तान भेज रहे थे लाइव फीड**

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने एक बड़े अंतरराज्यीय जासूसी और हथियारों की तस्करी के मॉड्यल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यल पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने दिल्ली और पंजाब से गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। विदेशी और देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस और कई संदिग्ध सिम कार्ड भी जब्त किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, स्पेशल सेल की दो टीमों ने एक नेटवर्क ध्वस्त किया है, जिन्होंने आईएसआई की मदद से देश के कई इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। इनका हथियार तस्करी, ग्रेनेड अटैक का भी प्लान था।

इन्होंने सौर उर्जा से चलने वाले सीसीटीवी लगाए, जिनकी फीड पाकिस्तान जा रही थी। कई जगह की वीडियोग्राफी भी कराई है, जिनको बाहर भेजा गया है। पंजाब और दिल्ली के लोगों को पकड़ा गया है, ये लोग आर्म्स स्मगलिंग का इस्तेमाल सीसीटीवी लगाने में करते थे। इन कैमरों में रिकॉर्डिंग नहीं होती थी।

## पवन खेड़ा को राहत : तेलंगाना हाईकोर्ट से मिली एक हफ्ते की अग्रिम जमानत

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को असम में दर्ज एक मामले में एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है।

यह राहत शुक्रवार को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दी। कोर्ट की जज न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि पवन खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया जाता है ताकि वह संबंधित कोर्ट में जाकर नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। इस दौरान उन्हें कुछ शर्तों के साथ गिरफ्तारी से राहत मिलेगी। दरअसल, यह मामला असम पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है। पवन खेड़ा पर आरोप है कि उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे।



पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को दावा किया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसकी जानकारी चुनावी हलफनामे में नहीं दी गई। दरअसल, असम पुलिस, दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर पवन खेड़ा से पूछताछ करने उनके आवास पर पहुंची थी, लेकिन वे वहां मौजूद नहीं मिले। यह कार्रवाई उस मामले में की जा रही थी जिसमें खेड़ा ने हिमंता बिस्व सरमा की पत्नी पर तीन विदेशी पासपोर्ट रखने का आरोप लगाया था। इस बीच, पवन खेड़ा ने अग्रिम जमानत के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने अदालत में अपना आवासीय पता हैदराबाद बताया और गिरफ्तारी की स्थिति में राहत देने की मांग की। बताया जा रहा है कि उनका तेलंगाना से पारिवारिक संबंध है और हैदराबाद में उनका निजी निवास भी है। साथ ही, राज्य में कांग्रेस की सरकार होने को भी इस कदम से जोड़कर देखा जा रहा है।

## जयशंकर ने जापानी विदेश मंत्री मोटेगी से की बात

> होर्मुज और पश्चिम एशिया तनाव पर भी मंथन



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने शुक्रवार को जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी से फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात और होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही को लेकर विस्तार से चर्चा की। जापानी विदेश मंत्री ने अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष में जान गंवाने वाले भारतीयों के प्रति दुख जताया।

डॉ एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर बताया कि जापान के विदेश मंत्री के साथ अंतरराष्ट्रीय शिपिंग और ऊर्जा संसाधनों की सप्लाई को सुरक्षित बनाने पर बात हुई। उन्होंने संवेदना जताने के लिए जापानी मंत्री का शुक्रिया भी अदा किया। जापान के विदेश मंत्रालय ने भी इस बातचीत की पुष्टि की है। दोनों देशों का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना है।

इससे पहले विदेश मंत्री ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ नवीन रामगुलाम से भी मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से रामगुलाम को शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने कहा कि पिछले एक साल में भारत और मॉरीशस के रिश्तों में काफी मजबूती आई है। दोनों नेताओं ने विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और तकनीक जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक में समुद्री सुरक्षा और लोगों के बीच आपसी संबंधों को बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों और उनके असर को लेकर भी बातचीत हुई।

# भाजपा और हुमायूं नॉर्थ पोल-साउथ पोल जैसे : शाह

> बाबरी मस्जिद बनवाने वाले का साथ नहीं देंगे > इसके बजाय विपक्ष में बैठना पंसद

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में पूर्व टीएमसी नेता हुमायूं कबीर के भाजपा से डील वाले वायरल वीडियो पर शुक्रवार को अमित शाह ने जवाब दिया। शाह कोलकाता में भाजपा का संकल्प पत्र लॉन्च करने पहुंचे थे।

प्रेस कांफ्रेंस में उनसे हुमायूं के दावे पर सवाल हुआ। शाह ने जवाब दिया-आप ममता जी की क्षमताओं से अनजान हो। वह ऐसे 2000 वीडियो बनवा सकती हैं। हुमायूं कबीर और भाजपा नॉर्थ पोल और साउथ पोल की तरह हैं। हम कभी साथ नहीं आ सकते। हम उन लोगों के साथ बैठने के बजाय अगले 20 साल तक विपक्ष में बैठना पसंद करेंगे जो बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाते हैं। हुमायूं कबीर ने पश्चिम बंगाल चुनाव में आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) बनाई है। उनका 19 मिनट का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें वे बीजेपी नेताओं के साथ 1000 करोड़ रुपये की डील पर चर्चा करते दिख रहे हैं। हालांकि, भास्कर इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता।




### वायरल वीडियो में पीएमओ, असम सीएम का भी जिक्र

टीएमसी नेता कुणाल घोष ने एक दिन पहले वीडियो का जिक्र कर कहा कि हुमायूं सुवेंदु अधिकारी, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा के करीबी हैं। घोष ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) चुप क्यों है। उसे इस मामले की जांच करनी चाहिए। बीजेपी ने हुमायूं के जरिए मतुआ, हिंदुओं और मुसलमानों को बेवकूफ बनाने के लिए 'बी टीम' और 'सी टीम' बनाई है।

### वीडियो में सुवेंदु अधिकारी से बातचीत का दावा

वीडियो में हुमायूं कबीर दावा करते हैं कि उनकी बातचीत बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी से हुई है। उन्हें दिल्ली ले जाकर केंद्रीय नेतृत्व से मिलाने की बात कही गई थी। हुमायूं प्रधानमंत्री कार्यालय और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से संपर्क का भी जिक्र करते हैं।

वे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिसवा सरमा के साथ बातचीत का संकेत भी देते हैं। वीडियो में हुमायूं कबीर बीजेपी के साथ 1000 करोड़ रुपए की डील का जिक्र करते दिखाई दे रहे हैं। साथ ही कुछ सीनियर नेताओं के साथ बातचीत के दावे भी सामने आए हैं। वायरल वीडियो में यह भी दावा किया गया है कि अगर वह इस रणनीति में सफल होते हैं तो उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। बंगाल चुनाव में हुमायूं की पार्टी विधानसभा की 294 सीटों में से 118 पर चुनाव लड़ रही है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम (एआईएमआईएम) ने हुमायूं कबीर की पार्टी आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) से गठबंधन तोड़ लिया है।

## 'सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन उनपर नहीं'

> चुनावी रैली में भाजपा पर बरसीं सीएम ममता



कोलकाता, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला किया। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को असम के स्थानीय लोगों के वोटों पर भरोसा नहीं था। इसलिए पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए बाहर से लोग बुलाए। ममता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को ट्रेन में भरकर असम लाया गया। ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के राज में देश की कोई भी एजेंसी निष्पक्ष नहीं रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसरिया पार्टी ने सभी एजेंसियों को खरीद लिया है। भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, 'एक सांप पर तो भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर कभी नहीं।'

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग काफी तेज हो गई है। रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि इन 90 लाख नामों में से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं। उन्होंने असम के एनआरसी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी 19 लाख नाम लिस्ट से बाहर किए गए थे, जिनमें 13 लाख हिंदू और 6 लाख मुस्लिम थे।

# 'चीन-पाकिस्तान से परमाणु हमले का खतरा'

**> जनरल द्विवेदी बोले-भारत की भी बड़े लेवल पर है तैयारी**

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और पिछले साल पाकिस्तान के साथ हुई झड़प के बाद भारतीय सेना एक साथ कई मोर्चों पर निपटने के लिए रणनीतिक रूप से खुद को तैयार कर रही। जिसमें पाकिस्तान और चीन द्वारा परमाणु खतरों के आकलन के दायरे को व्यापक बनाना, हथियार, सैन्य उपकरण में खुद को आत्मनिर्भर बनाना शामिल है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय सेना ने रणनीतिक स्तर पर बंद दरवाजों के पीछे परमाणु खतरों पर चर्चा का दायरा बढ़ा दिया है। हाल में ही सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने युद्ध के बदलते स्वरूप व मल्टी-डोमेन युद्ध पर बात करते हुए बताया कि, पिछले एक साल में हमने युद्ध अभ्यासों में परमाणु खतरों पर चर्चा की है।

### 'परमाणु खतरे पर चर्चा अनिवार्य'

सेना प्रमुख ने बताया कि परमाणु खतरा हमारी दोनों सीमाओं पर एक वास्तविकता है। इस पर चर्चा करना अनिवार्य है। भारत की तैयारियों को लेकर उन्होंने बताया कि हम प्रतिदिन आक्रामक और रक्षात्मक योजनाओं पर विचार कर रहे हैं और यह देख रहे हैं कि सेनाओं की सुरक्षा के लिए क्या आवश्यक कार्रवाई हो सकती है।



### किए गए बदलाव

बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि पहले परमाणु खतरों पर सामरिक बलों की कमान में शीर्ष स्तर पर चर्चा की जाती थी। अब, इस दायरे में विस्तार किया गया है। कोर कमांडर व सेना कमांडर स्तर पर लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारियों द्वारा खतरों के युद्ध अभ्यास को शामिल किया गया है। इससे उन्हें संभावित परमाणु खतरों की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त होती है।

### सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने क्या कहा?

रण संवाद के दौरान सेना प्रमुख ने समझाया कि आज की दुनिया एक तरह के लगातार चलने वाले संघर्ष के दौर में है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी नहीं कि हर बार युद्ध आधिकारिक रूप से घोषित हो, लेकिन अलग-अलग जगहों पर, अलग-अलग तरीकों से टकराव चलता रहता है। ऐसे माहौल में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इन सभी क्षेत्रों के बीच तालमेल कैसे बनाया जाए। सेना प्रमुख ने बताया कि अब युद्ध सिर्फ सीमा पर नहीं होता, बल्कि कई स्तरों पर एक साथ चलता है। जमीन पर गोलीबारी हो रही होती है, उसी समय साइबर हमले किए जा सकते हैं, दुश्मन की संचार व्यवस्था को बाधित किया जा सकता है, और अंतरिक्ष से उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती है।

इसलिए आज के सैन्य कमांडर को केवल अपने क्षेत्र तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे हर क्षेत्र की जानकारी रखनी जरूरी है। तभी वह पूरी स्थिति को सही तरीके से समझ पाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना भी नए तरीके के युद्ध के लिए खुद को तैयार कर रही है। इसके लिए नए-नए अभ्यास किए जा रहे हैं, नई संरचनाएं बनाई जा रही हैं और आधुनिक तकनीक को शामिल किया जा रहा है। सेना में ड्रोन यूनिट, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से जुड़ी इकाइयों को मजबूत किया जा रहा है, ताकि हर क्षेत्र में एक साथ काम किया जा सके।

## 'नागरिकों की सुरक्षा को सबसे पहली प्राथमिकता'

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत ने लेबनान पर इजरायल के हमलों को लेकर चिंता जाहिर की है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि लेबनान में बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने को लेकर भारत चिंतित है। आम नागरिकों की सुरक्षा को सबसे पहली प्राथमिकता दी है।

रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने हमेशा आम नागरिकों की सुरक्षा को सबसे पहली प्राथमिकता दी है। अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना, और देशों की संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना अनिवार्य है। लेबनान में हमारा दूतावास, वहां रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और हिफाज़त के लिए उनके साथ लगातार संपर्क में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि लेबनान में बड़ी संख्या में आम नागरिकों के हताहत होने की खबरों से हम बेहद चिंतित हैं।

# 'ऐसी अभद्र भाषा कहां से लाते हैं?'

> जाति जनगणना रोकने की मांग वाली याचिका खारिज कर बोले सीजेआई

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी।




### सीजेआई ने लगाई याचिकाकर्ता को फटकार

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा, 'आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं?'

### याचिका में अभद्र भाषा लिखी है : सीजेआई सूर्यकांत

अदालत ने जनहित याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा के लिए याचिकाकर्ता की आलोचना की। सीजेआई सूर्यकांत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से कहा, आपने अपनी याचिका में बदतमीजी की भाषा लिखी है। आपने अपनी याचिका में अभद्र भाषा लिखी है। आपकी याचिका किसने लिखी है? इससे पहले दो फरवरी को शीर्ष अदालत ने 2027 की आम जनगणना में नागरिकों के जातिगत आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली एक अलग जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था।

2027 की जनगणना, जो आधिकारिक तौर पर 16वीं राष्ट्रीय जनगणना है, 1931 के बाद पहली बार व्यापक जाति गणना को शामिल करने वाली और देश की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी।

## सीडीआर बेचने के शक में 2 पुलिसकर्मियों से पूछताछः डिटेक्टिव एजेंसी से सामने आया कनेक्शन

इंदौर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। इंदौर में कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) बेचने के संदेह में एटीएस ने क्राइम ब्रांच के दो पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। दोनों को नोटिस देकर बुलाया गया था। पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया है, हालांकि आगे भी जरूरत पड़ने पर मुख्यालय बुलाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक एक डिटेक्टिव एजेंसी संचालक की जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नंबर सामने आए। इसी कड़ी में एटीएस को पता चला कि एएसआई राम और सिपाही रविंद्र का एजेंसी से संपर्क रहा है।

सूत्रों के अनुसार, दोनों पुलिसकर्मियों को नोटिस दिए गए थे, लेकिन समय पर पेश नहीं होने पर कर्नाटक एटीएस की टीम इंदौर पहुंची। रवींद्र से पूछताछ की गई और बाद में उसे छोड़ दिया गया। वहीं एएसआई राम किसी मामले में बाहर होने के कारण भोपाल स्थित एटीएस कार्यालय में पेश होंगे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों का संपर्क डिटेक्टिव एजेंसी संचालक मुकेश तोमर से था।

# नीतीश कुमार की नई संसदीय पारी

### राज्यसभा सांसद की शपथ ली; बिहार में नई सरकार की तैयारी शुरू



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज दिल्ली में राज्यसभा सांसद की शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नीतीश कुमार के साथ केंद्रीय मंत्री ललन सिंह भी पहुंचे थे। जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी थे। नीतीश कुमार आज राज्यसभा सांसद के तौर पर अपनी पारी की शुरुआत कर रहे हैं तो दूसरी तरफ बिहार में नई सरकार के गठन को लेकर तैयारी शुरू हो गई है।

आज दिल्ली में बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक होगी जिसमें पार्टी सीएम फेस के नाम को फाइनल कर सकती है इससे पहले गुरुवार को दिल्ली पहुंचने पर नीतीश ने कहा था कि बहुत दिन बिहार में रहा अब दिल्ली में काम करेंगे। इसे बिहार में सत्ता परिवर्तन का संकेत भी माना जा रहा है। वहीं, दिल्ली में बिहार बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक में प्रदेश के नए सीएम के नाम पर मुहर लगेगी। 15 अप्रैल को नए सीएम की ताजपोशी हो सकती है। इससे पहले हाल ही में नीतीश कुमार ने एमएलसी सीट से इस्तीफा दे दिया था जिससे ये बात कंफर्म हो गई थी कि बिहार में मुख्यमंत्री बदलने जा रहा है।

आपको बता दें कि साल 2005 से ही नीतीश कुमार लगातार (बीच में 9 महीने छोड़कर) बिहार के मुख्यमंत्री का पद संभाल रहे थे। ऐसे में वह लंबे समय के बाद केंद्र की राजनीति में वापस आ रहे हैं।

गुरुवार को दिल्ली पहुंचने के बाद सीएम नीतीश कुमार का पहला बयान भी सामने आ गया है। नीतीश कुमार दिल्ली स्थित घर पर पहुंचने के बाद मीडिया से बात करने के लिए बाहर की तरफ आए। इस दौरान नीतीश कुमार ने कहा, 20 साल तक वहां (बिहार) में रहे हैं। अब यहां (दिल्ली) में भी काम करेंगे। इसलिए वापस आ गए हैं यहां। नीतीश कुमार के ताजा बयान से अब यह साफ हो गया है कि नेतृत्व परिवर्तन जल्द होने वाला है।

वहीं, बिहार के मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि पूरा एनडीए, जिसमें बीजेपी और उसके सहयोगी शामिल हैं, सभी नीतीश कुमार के शासन मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए एकजुट है।

## 'नटवरलाल' गिरफ्तार, 12 थानों की पुलिस कर रही थी तलाश; पत्नी भी देती थी साथ

लुधियाना, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कभी प्रॉपर्टी के नाम पर ठगी तो कभी एनआरआई से ठगी करने वाले शातिर ठग को थाना साहनेवाल की पुलिस ने काबू कर लिया है। पंजाब के इस नटवरलाल के पत्नी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जो कि उसके साथ इस ठगी के नेटवर्क को ऑपरेट करती थी। आरोपित 12 थानों की पुलिस के लिए वांटेड था और पांच मामलों में उसे भगौड़ा करार किया था। आरोपितों की पहचान जय इंदरपाल सिंह और उसकी पत्नी मनमीत कौर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। सएचओ साहनेवाल वरिंदरपाल उप्पल ने बताया कि आरोपित प्रॉपर्टी के जाली दस्तावेज, जमीनों के खरीद-फरोख्त और इसी तरह से एनआरआई को ठगता था। आरोपित के खिलाफ कई मामले दर्ज थे और 12 थाने आरोपित को तलाश रहे थे। आरोपित 2022, 23, 24 में दर्ज पांच मामलों में अदालत से भगौड़ा था। वीरवार को सूचना मिली थी आरोपित साहनेवाल के इलाके में अपनी पत्नी के साथ घूम रहा है।

## विवादों में रही उर्मिला सनावर एक बार फिर कानूनी शिकंजे में आई

### दून में प्राथमिकी दर्ज



देहरादून, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पोस्ट के कारण विवादों में रहने वाली उर्मिला सनावर एक बार फिर कानूनी शिकंजे में आ गई हैं। इस बार देहरादून के थाना नेहरू कॉलोनी में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। मोथरोवाला चौक निवासी आरती गौड़ ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि सहारनपुर के गोविंद नगर की रहने वाली उर्मिला सनावर ने अपनी फेसबुक और इंस्टा आईडी के जरिए उनके खिलाफ लगातार आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट डालीं। शिकायत के अनुसार, उर्मिला सनावर ने न केवल आरती गौड़ की सामाजिक और राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की, बल्कि लोगों को उनके खिलाफ उकसाने का भी प्रयास किया। आरती ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि सनावर ने फेसबुक पर उनका मोबाइल नंबर सार्वजनिक कर दिया, जिसके बाद उन्हें अज्ञात लोगों से लगातार कॉल और धमकियां मिलने लगीं। आरती ने पुलिस को बताया कि इस पूरे घटनाक्रम से वह मानसिक रूप से काफी परेशान हैं और खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

उन्होंने अपनी जान को खतरा बताते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। थाना नेहरू कॉलोनी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मनोज नौटियाल ने बताया कि पुलिस सोशल मीडिया अकाउंट समेत पूरे मामले की जांच कर रही है। ऑडियो बम विवाद : उर्मिला सनावर ने दावा किया था कि उनके पास अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य और ऑडियो क्लिप्स हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ रिकॉर्डिंग्स वायरल की थीं, जिन्हें ऑडियो बम कहा था। इन क्लिप्स के आधार पर उन्होंने भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं और पूर्व विधायकों पर गंभीर आरोप लगाए थे।

## संभाजीनगर में दिनदहाड़े महिला की हत्या, प्रेमी ने रेता गला

संभाजीनगर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर से दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां करमाड इलाके में दिनदहाड़े एक महिला कर्मचारी की बेरहमी से हत्या कर दी गई। शिवसमर्थ पेट्रोल पंप पर काम कर रही 27 वर्षीय पूजा गावंडे का धारदार हथियार से गला रेतकर कत्ल कर दिया गया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया है और जांच जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार, जब पूजा सुदाम गावंडे पेट्रोल पंप पर काम कर रही थी। तभी अचानक आरोपी सत्यम गावंडे वहां पहुंचा और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गला रेतकर उसकी मौके पर ही हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी और मृतका के बीच प्रेम संबंध थे और आपसी विवाद के चलते इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया गया। सूचना मिलते ही करमाड पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद पंचनामा किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। फिलहाल आरोपी को कचनेर से हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## 'महिलाओं से पीएम मोदी को मांगनी चाहिए माफी'

### महिला आरक्षण विधेयक लागू करने में देरी पर बोले जयराम रमेश



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कांग्रेस ने महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023) के कार्यान्वयन में कथित देरी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। पार्टी का आरोप है कि सरकार ने इस महत्वपूर्ण कानून को लागू करने में यू-टर्न लिया है, जो उनकी विफलता और विदेश नीति में गंभीर झटकों को छिपाने का प्रयास है।

जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया में लेख लिखना शुरू कर दिया है, ताकि वे खुद को 2029 से लोकसभा और विधानसभा में महिला आरक्षण का अकेला चैंपियन बता सकें।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को भारत की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस सांसद ने कहा, "जब 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया था, तब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इसकी मांग की थी कि इसे 2024 से ही लागू किया जाए। लेकिन यह प्रधानमंत्री को स्वीकार नहीं था, जिन्होंने आरक्षण को परिसीमन और जनगणना की प्रक्रियाओं पर निर्भर बना दिया- जिन्हें वे स्वयं समय पर करवा नहीं पाए और वर्षों तक टालते रहे।" उन्होंने कहा, "30 महीने बाद, विधानसभा चुनावों में संभावित हार का सामना करते हुए- और यह सब उस स्थिति में जब चुनाव आयोग संघ गृह मंत्रालय के एक अधीनस्थ कार्यालय की तरह काम कर रहा है-प्रधानमंत्री ने अपना मन बदल लिया है।

अब वे चाहते हैं कि हम जनगणना को भूल जाएं और जनगणना आधारित परिसीमन को भी यह कहकर नजरअंदाज कर दें कि इसमें बहुत समय लगेगा।" कांग्रेस नेता ने लिखा, "यह तब कहा जा रहा है, जबकि उनके ही जनगणना आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि इसके परिणाम 2027 तक आ जाएंगे। यह एक ऐसा नैरेटिव है जो झूठ और टालमटोल पर आधारित है, और यह सब इस उम्मीद में किया गया है कि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की महिलाएं भाजपा की ओर जाएंगी।

## 500 के जाली नोटों से खरीददारी कर रहे थे दो युवक पुलिस ने गिरफ्तार किया

फिरोजपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। जीरा में जाली नोटों से खरीददारी करने आए दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनसे 500 रुपये के 55 जाली नोट बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार जीरा के वार्ड नंबर एक स्थित पुराने डाकखाने वाली गली में बर्तनों की दुकान चलाने वाले मनोज कुमार ने पुलिस को शिकायत दी कि दो व्यक्ति उसकी दुकान पर बर्तन खरीदने आए थे। खरीददारी के दौरान उन्होंने पानी की बोतल लेते हुए 500-500 रुपये के दो नोट दिए, जो जांच करने पर जाली पाए गए। दुकानदार को शक होने पर उसने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही थाना सिटी के एएसआई जगजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों संदिग्धों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान उनकी तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से 500 रुपये के कुल 55 जाली नोट बरामद हुए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मनप्रीत सिंह उर्फ मन्नी निवासी गांव खोसा दल सिंह वाला और तरसेम सिंह उर्फ बाबा निवासी गांव जोध सिंह वाला जिला तरनतारन के रूप में हुई है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपितों को ये जाली नोट कहां से मिले और क्या इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं।

## मेट्रो में बढ़ी रील्स की आदत और अश्लील हरकत

### 8251 यात्रियों पर लगाया गया जुर्माना

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली मेट्रो में यात्रियों की तरफ से नियमों का उल्लंघन लगातार बढ़ रहा है। आए दिन यू-ट्यूब, एक्स, इंस्टाग्राम और फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मेट्रो में हुड़दंग और अन्य वर्जित काम के वीडियो वायरल होते रहते हैं। ऐसे में दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) लगातार इनपर नकेल कसने का काम कर रहा है। इसके चलते सफर के दौरान रील्स बनाना, गाली-गलौज करना और लड़ाई-झगड़ा करने समेत अन्य काम को रोकने के लिए कार्रवाई की है। डीएमआरसी के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच 8,251 यात्रियों पर विभिन्न अपराधों के लिए जुर्माना लगाया गया। डीएमआरसी के एक अधिकारी ने बताया कि सितंबर में 1,316, अक्तूबर में 1,381, नवंबर में 1,275, दिसंबर में 1,242, जनवरी में 1,656 और फरवरी में 1,381 यात्रियों को जुर्माने के दायरे में लाया गया।

## शिवराज सिंह बोले-सिर्फ अनाज उगाने से नहीं बढ़ेगी आय

### कहा- इंटीग्रेटेड फार्मिंग अपनाएं; जीतू पटवारी की धरने की धमकी पर दिया जवाब



भोपाल, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए एक बड़ा विजन पेश किया है। भोपाल में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारतीय किसानों, विशेषकर छोटे किसानों की आर्थिक स्थिति केवल गेहूं और धान पैदा करने से नहीं सुधरेगी। आय में क्रांतिकारी बदलाव के लिए किसानों को 'इंटीग्रेटेड फार्मिंग' (एकीकृत कृषि) की ओर मुड़ना ही होगा। शिवराज सिंह ने कहा कि भारत में औसतन जोत का आकार मात्र 0.96 हेक्टेयर है। इतने छोटे खेत में पारंपरिक खेती से गुजारा मुश्किल है।

उन्होंने समाधान देते हुए कहा, किसान अनाज के साथ-साथ फल, सब्जियां, दूध, और 'श्री अन्न' (मोटा अनाज) पर ध्यान दें। वहीं, नई तकनीकों और प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादन की लागत घटाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि इसी 'इंटीग्रेटेड मॉडल' का लाइव प्रदर्शन दिखाने के लिए 11 से 13 अप्रैल तक रायसेन में 'उन्नत कृषि महोत्सव' आयोजित किया जा रहा है, जहां देश के दिग्गज वैज्ञानिक किसानों को ट्रेनिंग देंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा बोरियां लेकर उनके बंगले पर धरने को लेकर शिवराज सिंह चौहान ने इसे 'अपरिपक्व राजनीति' करार देते हुए कहा, अगर कृषि सुधार के लिए कोई काम होता है, तो उसका स्वागत है।

## देह व्यापार का धंधा, भोली-भाली लड़कियों से करवाते थे घिनौना काम; 8 गिरफ्तार

बठिंडा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब के बठिंडा जिले के थाना कोतवाली पुलिस ने देह व्यापार के धंधे में संलिप्त आठ आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 4,680 प्रतिबंधित कैप्सूल भी बरामद किए हैं। आरोपितों ने गोल डिग्गी के पास एक होटल किराए पर लेकर देह व्यापार का धंधा संचालित किया था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

डीएसपी सिटी वन अमृतपाल भाटी ने बताया कि थाना कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग मिलकर स्थानीय गोल डिग्गी के पास अलझर नामक होटल में अवैध देह व्यापार कर रहे हैं। आरोपित भोली-भाली लड़कियों को अपने जाल में फंसाकर उन्हें इस धंधे में धकेल रहे थे। सूचना के आधार पर थाना कोतवाली के इंचार्ज इंस्पेक्टर परविंदर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की।

## गुजरात में बीजेपी का हुआ विरोध

### अहमदाबाद में प्रचार करने गए नेताओं को जनता ने रोका



अहमदाबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। गुजरात में अगले विधान सभा चुनाव होने हैं। इसको लेकर राजनीतिक पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में बीजेपी ने प्रचार शुरू कर दिया है। लेकिन अहमदाबाद के बोडकदेव में इलाके में बीजेपी को लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। लोगों ने बीजेपी नेताओं को रोककर प्रचार बंद कराया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, अहमदाबाद के बोडकदेव इलाके में बीजेपी के नेता चुनावी माहौल में ढोल-नगाड़ों के साथ प्रचार करने पहुंचे थे। यहां भाजपा नेताओं को स्थानीय लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। नेताओं में भाजपा के पूर्व कॉर्पोरेटरों और कार्यकर्ताओं का एक समूह था, जिसमें पूर्व कॉर्पोरेटर वासंतीबेन पटेल और एएमटीएस कमेटी के पूर्व चेयरमैन धरमशी देसाई के पुत्र धनराज देसाई भी शामिल थे। इलाके में ढोल-नगाड़ों के साथ प्रचार के लिए निकला था। लेकिन जैसे ही यह टीम इलाके में पहुंची, स्थानीय लोगों ने उन्हें रोक लिया और साफ शब्दों में नाराजगी जताई। लोगों ने सड़क की खराब हालत, अधूरी लाइट व्यवस्था और गटर की समस्याओं को लेकर नेताओं को घेर लिया।

खरी-खरी सुनाते हुए लोगों ने कहा कि 5 साल जब नहीं दिखाई दिए तो अब क्यों आए हो। स्थानीय लोगों का कहना था कि पांच साल तक बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी हुई और अब चुनाव आते ही विकास के दावे किए जा रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब काफी वायरल हो रहा है। वहीं विरोधी राजनीतिक दल भी अब इस वीडीओ को लेकर बीजेपी पर निशाना साध रहे हैं।

## अपराजिता सारंगी की सीएम माझी से अपील

### कहा- मेट्रो प्रोजेक्ट रोकने के फैसले पर करें पुनर्विचार



भुवनेश्वर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को पत्र लिखकर भुवनेश्वर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट को रोकने के अपने हालिया फैसले पर फिर से सोचने की अपील की। पत्र में अपराजिता सारंगी ने कहा कि भुवनेश्वर इस समय एक 'टिपिंग पॉइंट' पर पहुंच चुका है। तेजी से हो रहे शहरीकरण, बढ़ती आबादी और लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम ने शहर की मौजूदा परिवहन व्यवस्था पर भारी दबाव डाल दिया है। उन्होंने कहा, हमारा शहर तेजी से बदल रहा है। ट्रैफिक की समस्या बढ़ रही है और लोगों को बेहतर, टिकाऊ और आधुनिक परिवहन की जरूरत महसूस हो रही है। अब समय आ गया है कि हम एक मजबूत और आधुनिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम अपनाएं। सारंगी ने मेट्रो रेल को सबसे बेहतर और दीर्घकालिक समाधान बताते हुए कहा कि इससे न सिर्फ भुवनेश्वर बल्कि आसपास के इलाके (कटक, जतनी और खुर्दा) भी लाभान्वित होंगे।


उन्होंने कहा कि मेट्रो सेवा से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों, छात्रों, कामकाजी लोगों, व्यापारियों और दिव्यांगजनों को सुरक्षित और आसान यात्रा सुविधा मिलेगी। भाजपा सांसद ने चेतावनी दी कि अगर इस परियोजना को बंद किया गया तो इसका सीधा असर रोजगार, आर्थिक विकास और योजनाबद्ध शहरी विकास पर पड़ेगा। सारंगी ने लिखा, मेट्रो प्रोजेक्ट को रोकना मतलब रोजगार के नए अवसरों, आर्थिक गतिविधियों और शहर के समग्र विकास के मौके खो देना है। यह सिर्फ एक ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि भुवनेश्वर को स्मार्ट और आधुनिक शहर बनाने की दिशा में अहम कदम है। अपराजिता सारंगी ने अपने पत्र में कई महत्वपूर्ण आंकड़े और तर्क भी रखे। उन्होंने कहा कि भुवनेश्वर, कटक और खुर्दा की संयुक्त आबादी मेट्रो परियोजना की जरूरत को सही ठहराती है।

## मणिपुर में पुलिस ने छह लोगों को किया गिरफ्तार, बिष्णुपुर ब्लास्ट केस में पीड़ित परिवार ने ठुकराया मुआवजा

इंफाल, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हुए बम धमाके के बाद राज्य में हालात चुनौतीपूर्ण बने हुए हैं। इस तनावपूर्ण स्थिति के बीच पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि इन्होंने पुलिसकर्मियों से हथियार छीनने की कोशिश की और इलाके में लागू कर्फ्यू के नियमों को तोड़ा। पुलिस ने यह कार्रवाई हेंगंग थाना क्षेत्र के अहलुप माखा लेकाई में की। पकड़े गए आरोपियों की पहचान यांगोजम बोरिश सिंह (23), मंगसाताबम डेविड सिंह (21), पंगमबम निवास मेइतेई (22), लैतोनजम रोमन सिंह (22), फेरेनजम टोनी (21) और निंगथौजम डेनिश सिंह (22) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, इन लोगों ने न केवल पाबंदियों का उल्लंघन किया बल्कि सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट भी की। दूसरी तरफ, धमाके में जान गंवाने वाले दो मासूम बच्चों के परिवार में गहरा दुख और गुस्सा है। बच्चों की मां का इलाज फिलहाल राज मेडिसिटी अस्पताल में चल रहा है। बच्चों की दादी हिजाम लोइदम ने सरकार की ओर से मिलने वाली आर्थिक मदद (मुआवजा) को लेने से साफ मना कर दिया है।

## जिम कॉर्बेट पार्क दो जोन बने पर्यटकों की पहली पसंद

### बाघों की सबसे अच्छी साइटिंग से हो रही कमाई



देहरादून, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में इस बार ढिकाला और झिरना पर्यटन जोन पर्यटकों के बीच सबसे ज्यादा लोकप्रिय बनकर उभरे है। बाघों की बेहतर साइटिंग और प्राकृतिक सुंदरता के कारण इन दोनों जोन में पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिली है। यही वजह है कि पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में इन जोनों ने न केवल पर्यटकों को आकर्षित किया, बल्कि पार्क के राजस्व में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, साल 2025-26 में कार्बेट पार्क में कुल 4,00,946 पर्यटक पहुंचे। इनमें 3,89,997 भारतीय और 10,949 विदेशी पर्यटक शामिल हैं। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में करीब 58,400 पर्यटक कम पहुंचे, फिर भी पार्क ने अपने राजस्व लक्ष्य को पार कर लिया। इस दौरान पार्क को कुल 27.75 करोड़ रुपये की आय हुई, जो निर्धारित 26.67 करोड़ रुपये के लक्ष्य से अधिक है। हालांकि यह आय पिछले वर्ष की तुलना में 2.05 करोड़ रुपये कम रही। कार्बेट पार्क में पर्यटकों की पहली पसंद हमेशा से जंगल सफारी और नाइट स्टे रही है। खासतौर पर ढिकाला और झिरना जोन में बाघों की अच्छी साइटिंग के चलते पर्यटकों का रुझान इन क्षेत्रों की ओर तेजी से बढ़ा है।

डे सफारी के लिए झिरना जोन सबसे अधिक लोकप्रिय रहा, जहां 84,725 बुकिंग दर्ज की गईं। यह आंकड़ा इस जोन की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है। वहीं नाइट स्टे के मामले में ढिकाला जोन ने बाजी मारी। यहां 15,118 बुकिंग दर्ज की गईं, जो इसे पर्यटकों के बीच सबसे पसंदीदा ठहरने वाला क्षेत्र बनाती हैं। ढिकाला का प्राकृतिक वातावरण पर्यटकों को खास आकर्षित करता है। कार्बेट पार्क में सफारी के लिए कई पर्यटन जोन संचालित हैं, जिनमें बिजरानी, गिरिजा, ढेला, झिरना, दुर्गादेवी, सोनानदी और वतनवासा शामिल हैं।

## स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था देह व्यापार; आपत्तिजनक सामग्री सहित समेत 6 गिरफ्तार

बाघापुराना, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब के मोगा जिले के थाना बाघापुराना की पुलिस ने स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार के अवैध धंधे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गोल्डन स्पा सेंटर पर छापा मारा। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस रेड के दौरान स्पा सेंटर के कमरों में देह व्यापार चलता हुआ पाया गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्पा सेंटर के मालिक सतनाम सिंह पुत्र भाग सिंह निवासी पंजगराई कला (जिला फरीदकोट), लवप्रीत सिंह पुत्र केवल सिंह निवासी लंडे सहित चार लड़कियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने स्पा सेंटर से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की। पुलिस के अनुसार इस मामले में थाना बाघापुराना में इमोरल ट्रैफिक प्रिवेंशन एक्ट 1956 के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है और कानूनी कार्रवाई जारी है।

रेड के दौरान पुलिस ने चार मोबाइल फोन और एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार भी बरामद की है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शनिवार, 11 अप्रैल, 2026 3

सुविचार: आज के परीणाम अतित के कर्मों से तय होते है, अपने भविष्य को बदल पाने के लिए आज के फैसलों को बदले!

## रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भाग लिया



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में भाग लिया। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राहुल गांधी, के. सी. वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी, जयराम रमेश, सलमान खुर्शीद, अंबिका सोनी, सचिन पायलट तथा भूपेश बघेल सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तथा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ भी महत्वपूर्ण चर्चाओं में भाग लिया। बैठक में लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन तथा महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की जानकारी प्राप्त हुई है। संसद के 16 से 18 अप्रैल तक विशेष सत्र को देखते हुए यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## केएमसी में रैगिंग मामले में 7 एमबीबीएस छात्र निलंबित

वारंगल, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। काकतीय मेडिकल कॉलेज (केएमसी) के अधिकारियों ने जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग करने के आरोप में एमबीबीएस तृतीय वर्ष के सात छात्रों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। कॉलेज प्रशासन ने संबंधित छात्रों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है और उन्हें पूरे पाठ्यक्रम की अवधि के लिए छात्रावास से भी निष्कासित कर दिया गया है। बताया गया है कि एमबीबीएस द्वितीय वर्ष के कुछ छात्रों ने अपने व्हाट्सएप ग्रुप में तृतीय वर्ष के छात्रों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। जब तृतीय वर्ष के छात्रों को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने द्वितीय वर्ष के करीब 20 छात्रों को छात्रावास की छत पर बुलाया। आरोप है कि वहां उन्हें घुटनों के बल बैठने के लिए मजबूर किया गया, उनसे माफी मंगवाई गई और भविष्य में ऐसा व्यवहार न करने का दबाव बनाया गया।

## तेलंगाना के विकास के प्रति केंद्र प्रतिबद्ध : किशन

### डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान में आयोजित की गई दिशा की बैठक



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने पुष्टि की है कि पिछले ग्यारह वर्षों में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने तेलंगाना के विकास के लिए लगातार समर्थन प्रदान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेलंगाना को प्राथमिकता दी गई है और सड़क परिवहन और रेलवे परियोजनाओं के लिए उचित बजट आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा, मुझे अत्यंत प्रसन्नता के साथ यह घोषणा करनी पड़ रही है कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने 'सेतु बंधन' योजना के तहत 103 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का तेलंगाना के लिए इन परियोजनाओं को आवंटित करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

हैदराबाद जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को जुबली हिल्स स्थित डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान में आयोजित की गई। हैदराबाद जिले के कलेक्टर, जीएचएमसी आयुक्त और जल निर्माण विभाग के प्रबंध निदेशक बैठक में उपस्थित थे। विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों ने भी कार्यवाही में भाग लिया। समिति ने हैदराबाद जिले के अधिकार क्षेत्र में वर्तमान में लागू विभिन्न विकास कार्यों और केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जीएचएमसी, जल निर्माण विभाग और अन्य सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने – डीआईएसएचए समिति के सदस्यों के साथ – इन योजनाओं के जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन की स्थिति पर अद्यतन जानकारी देने के लिए बैठक में भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार के अनुदान से शुरू की गई परियोजनाओं को समय पर पूरा करना और कल्याणकारी योजनाओं को जनता के लिए अधिक सुलभ बनाना है।

## मुलुगु में जिला कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक कल

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मुलुगु जिले में कल जिला कांग्रेस समिति की कार्यसमिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस समिति अध्यक्ष अशोक करेंगे। इस बैठक में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य महेश कुमार गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। साथ ही राज्य की मंत्री सीतक्का, सांसद बलराम नायक, विधायक, विधान परिषद सदस्य तथा कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी बैठक में भाग लेंगे। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत करने, जिला कार्यसमिति के सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने तथा सरकार द्वारा जनता के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## मंत्री कोण्डा सुरेखा ने नेताओं से की शिष्टाचार भेंट



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद स्थित गांधी भवन में राज्य की मंत्री कोण्डा सुरेखा ने तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य महेश कुमार गौड़, सांसद चामला किरण कुमार रेड्डी, व्हिप एवं जिला कांग्रेस समिति अध्यक्ष बीरला आयिलैया तथा विधायक शमुएल से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान हाल ही में राय चेस अकादमी के तत्वावधान में आयोजित विश्व पुस्तक कीर्तिमान अंतरराष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने पर कोण्डा श्रेयांश मुरली कृष्ण पटेल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। नेताओं ने उनकी कम उम्र में प्राप्त इस उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाकर राज्य का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में वे और अधिक उपलब्धियां हासिल कर देश एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। इस कार्यक्रम में कई पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जुबली हिल्स चोरी कांड का खुलासा, कचरे में छिपाए हीरे बरामद

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स क्षेत्र में हुई एक चोरी के मामले में पुलिस ने चोर की चालाकी भरी साजिश का पर्दाफाश करते हुए चोरी की संपत्ति बरामद कर ली है। इस मामले में बिहार के एक गिरोह के सदस्य आनंद मुखिया को जुबली हिल्स अपराध टीम ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने करीब दस दिनों तक पूछताछ के दौरान जांचकर्ताओं को गुमराह करने की कोशिश की और चोरी की संपत्ति छिपाने की बात से इनकार करता रहा। हालांकि, गहन तलाशी के दौरान पुलिस को उसके घर के कचरे में छिपी हीरे की अंगूठियां बरामद हुईं, जिससे मामले का खुलासा हो गया।

पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 14 लाख रुपये की चोरी की संपत्ति जब्त की है। मामले में अन्य संभावित सहयोगियों और संबंधित अपराधों की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है।

## चेर्लापल्ली केंद्रीय जेल में नए जी+1 बैरक के निर्माण से क्षमता में विस्तार



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के चेर्लापल्ली स्थित केंद्रीय कारागार में शुक्रवार को कैदियों के लिए नवनिर्मित जी+1 बैरक का उद्घाटन कारागार एवं सुधार सेवा महानिदेशक डॉ. सौम्या मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। नवनिर्मित बैरक को जेल की आवास क्षमता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसमें अतिरिक्त 108 कैदियों को रखा जा सकेगा। इस विकास से कैदियों के रहने की स्थिति में काफी सुधार होने और जेल के अंदर भीड़भाड़ कम होने की उम्मीद है। इस अवसर पर बोलते हुए सौम्या मिश्रा ने कहा कि भवन का निर्माण पिछले चार वर्षों से लंबित था और छह महीने के भीतर सफलतापूर्वक पूरा हो गया।

सौम्या मिश्रा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि नई बैरक से आवास क्षमता में काफी वृद्धि हुई है और यह बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में विभाग के केंद्रित प्रयासों को दर्शाती है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इस तरह की पहल से जीवन स्थितियों में सुधार होता है और अधिक मानवीय, सुधार-उन्मुख जेल वातावरण को बढ़ावा मिलता है। अपनी यात्रा के दौरान सौम्या मिश्रा ने जेल के भीतर विभिन्न गतिविधियों का निरीक्षण किया, जिसमें जेल का बगीचा भी शामिल था जहाँ कैदियों द्वारा जैविक पत्तेदार सब्जियाँ उगाई जाती हैं। उन्होंने जेल उद्योग इकाई का भी दौरा किया, वहाँ काम करने वाले कैदियों से बातचीत की और रोजगार एवं प्रशिक्षण निदेशालय के सहयोग से प्रस्तावित नए आईटीआई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना के लिए कारखाने परिसर की समीक्षा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जेल पुस्तकालय और एनआईओएस कक्षा सुविधाओं का निरीक्षण किया, जो कैदियों के लिए शिक्षा और कौशल विकास के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। जेल एवं सुधार सेवा विभाग ने अपने व्यापक सुधार एजेंडा के अंतर्गत बुनियादी ढांचे के विकास, भीड़भाड़ कम करने और कैदियों के समग्र कल्याण एवं पुनर्वास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## बदमाशों पर सख्ती, ड्रग जांच अभियान तेज

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस कमिश्नरेट की सीमा में गुंडों की गतिविधियों में बढ़ोतरी को देखते हुए पुलिस ने निगरानी और प्रवर्तन को कड़ा करने का फैसला लिया है। पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार के निर्देश पर शहर भर में चिन्हित बदमाशों की ड्रग जांच शुरू कर दी गई है।

अधिकारियों के अनुसार, हैदराबाद में वर्तमान में 1300 से अधिक आपराधिक रिकॉर्ड वाले अपराधी चिन्हित हैं। अब तक 250 से अधिक व्यक्तियों की ड्रग जांच की जा चुकी है, जिनमें से लगभग 190 लोग गांजा सेवन के दोषी पाए गए हैं। इन निष्कर्षों के आधार पर पुलिस ने गांजा आपूर्ति करने वालों का पता लगाने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई के प्रयास तेज कर दिए हैं। मादक पदार्थों के नेटवर्क से जुड़े लोगों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हेलमेट न पहनने वालों पर ट्रैफिक पुलिस की विशेष कार्रवाई



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस ने बिना हेलमेट तथा हेलमेट की स्ट्रैप (पट्टी) के बिना वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त डॉ. एम. रमेश (आईपीएस) के आदेशानुसार 9 अप्रैल से 10 अप्रैल तक ट्रैफिक पुलिस कर्मियों द्वारा यह विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में ट्रैफिक उप पुलिस आयुक्त रंजन रतन कुमार तथा अतिरिक्त उप पुलिस आयुक्त हनुमंत राव भी उपस्थित रहे। अभियान के दौरान कुल 3072 वाहन चालकों पर बिना हेलमेट वाहन चलाने के लिए चालान किए गए, जबकि 173 वाहन चालकों पर हेलमेट की स्ट्रैप न लगाने के कारण कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को हेलमेट और स्ट्रैप न पहनने से होने वाले गंभीर दुर्घटना जोखिमों के बारे में जागरूक किया। साथ ही सभी से अपील की गई कि वे अनिवार्य रूप से हेलमेट एवं उसकी स्ट्रैप पहनकर ही वाहन चलाएं, ताकि सुरक्षित रूप से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें। जो वाहन चालक नियमों का पालन कर रहे हैं, उनकी पुलिस ने विशेष रूप से सराहना भी की।

## नई वर्दी में देरी, पुराने यूनिफॉर्म में शुरू हो सकता है सत्र



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य भर के सरकारी और स्थानीय निकाय विद्यालयों के छात्रों को शैक्षणिक वर्ष 2026-27 की शुरुआत पुरानी वर्दी में करनी पड़ सकती है। कपड़े की निविदा प्रक्रिया में देरी और छात्रों के माप लंबित होने के कारण नई वर्दी की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाने की आशंका जताई जा रही है। वर्दी के लिए कपड़ा खरीदने की प्रक्रिया इस बार केंद्रीकृत निविदा के जरिए की जा रही है। सरकार द्वारा 2 अप्रैल को वर्दी, स्कूल बैग, जूते, मोजे, टाई, बेल्ट और बिस्तर सामग्री की आपूर्ति के लिए 13 अप्रैल तक निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। हालांकि, ठेकेदारों ने पूर्व-बोली बैठक में अपेक्षित बिक्री मूल्य न बताए जाने, 45 दिनों में आपूर्ति की शर्त और पिछली निविदाओं के भुगतान लंबित होने पर आपत्ति जताई। बैठक बेनतीजा रही और समय सीमा बढ़ाए जाने की संभावना है।

पिछले वर्षों में फरवरी में ही निविदा प्रक्रिया शुरू हो जाती थी और जून में स्कूल खुलने के पहले दिन छात्रों को वर्दी वितरित कर दी जाती थी, लेकिन इस बार प्रक्रिया में देरी से स्थिति प्रभावित हो सकती है। अभी तक छात्रों की माप भी नहीं ली गई है, जबकि गर्मी की छुट्टियां करीब हैं। इसी बीच शिक्षा विभाग ने आगामी सत्र से छात्रों को जूते उपलब्ध कराने के साथ उन पर विशिष्ट पहचान संख्या मुद्रित करने का निर्णय लिया है, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके। राज्य में लगभग 19.22 लाख छात्रों को जूते, मोजे और बेल्ट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें ट्रैक करने के लिए प्रत्येक जोड़ी पर यूनिक नंबर अंकित किया जाएगा।

## CLASSIFIEDS

### दस्तावेज़ खो गए

मैं, करण उपाध्याय, पुत्र दीपक चंद उपाध्याय, निवासी 14-3-159/1, जोशीवाड़ी, गोशामहल, मेरा मूल विक्रय-पत्र (Sale Deed) दस्तावेज़ संख्या 2203/1988 S.R.O हैदराबाद (R.O.) 1607, मंगलहाट से अपने घर जाते समय खो गया है। यदि किसी को यह मिले, तो कृपया इस नंबर पर कॉल करें: 7842970535

### CHANGE OF NAME

I , S HABEEBUNNI, Legally Wedded Spouse of HAV SHAIK MASTHAN VALLI R/O: H.NO.14/52, MAHABOOB NAGAR, RANGA SAMUDRAM, PORUMAMILLA, CUDDAPAH, ANDHRA PRADESH – 516193 have changed my name from S HABEEBUNNI to SHAIK HABEE-BUNNI and my Date of Birth is: 04-06-1989 vide affidavit dt.23/03/2026

I, Saji Peter, W/o, No.14597107P, Ex- ACP Hav, K O Peter, R/o, Dist: South Andaman, Andaman & Nicobar Islands, changed my name from Saji Peter to Sajji Varghese vide Affidavit No BU 311246 dt. 09.04.2026 before Spl Judicial Magistrate at LB Nagar.

I, JC 773851F, Sub, Krishna Das M S, R/o, Dist: Mysuru, Karnataka, changed my Mother's name from Janakamma to Janaki, vide Affidavit No. 466287 dt. 08.04.2026 before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, No. 14651849L, Hav, Humlal Nirmalkar, R/o, Dist: Durg. Chhattisgarh, changed my Mother's name from Badeen Bai to Bedu Bai Nirmalkar vide Affidavit No. 466265 dt. 07.04.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, No 14671480M, NK, Renjith Babu BR, R/o, Dist: Thiruvananthapuram, Kerala changed my Mother's name from P Radhamaniamma to Radhamani Amma P vide Affidavit No.466268 dt. 07.04.2026 before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

I, No 14651586X, Hav, Bhambhi Bahecharbhai Pashabhai, R/o, Dist : Sabarkantha, Gujarat, changed my Mother's name from Savita Ben to Savitaben Pashabhai Bhambhi vide Affidavit No. 466289 dt. 08.04.2026, before Medchal-Malkajgiri Court, Telangana.

### सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

### PUBLIC NOTICE

The public in general is hereby informed that my clients have entered into Agreement of Sale to purchase House Property bearing Municipal No.2-4-67/SB/35, consisting of Ground, First, Second Floor, on Plot No.35, admeasuring 200 Square yards or equivalent to 167.2 Sq. Mtrs., in Layout known as **"Sai Bhavani"**, forming part of Sy. Nos.147/P, 148/P & 149/P, situated at Upperpally Village, Rajendranagar Mandal, R.R. District, Telangana, from **Sri. Avinash Kumar Vijaywargiya** S/o. Suresh Chandra V., R/o. H. No. 2-4-67/SB/35, Upperpally, Attapur, R.R. District, and have paid substantial part sale consideration amounts to him. If any person/s, financial institution/s, etc., is/are having any kind of claim, interest, title or objection over the above said property, then shall contact the undersigned with all relevant document/s in support of his/her/their claim/s or objection/s **WITHIN 7 DAYS** from the date of this publication, otherwise sale transactions will be concluded and thereafter no any claim or objection will be entertained in any manner whatsoever it may be.

Sd/-
**M/s. Girija Shankar Sharma**
B.Com, LLB, PGDCLIPR, Advocate
Flat No.501, 5th Floor, 14-1-399
Aghapura, Hyderabad-500001
Ph: 9848033429
Between: 07:00 pm & 08:00 pm



## दुबई में बैठे आकिब को भारत लाने की कवायद

मेरठ, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मेरठ के मवाना क्षेत्र के सठला गांव निवासी संदिग्ध आतंकी आकिब खान के खिलाफ जांच एजेंसियों ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। दुबई में बैठे आकिब को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उसके खिलाफ पहले ही लुकआउट सर्कुलर जारी किया जा चुका है और अब उसका पासपोर्ट निरस्त कराने की कार्रवाई भी की जा रही है। एटीएस जल्द ही पासपोर्ट कार्यालय को पत्र भेजकर आकिब का पासपोर्ट निरस्त कराने की औपचारिक प्रक्रिया पूरी करेगी।

जांच एजेंसियों का मानना है कि आकिब के तार पाकिस्तान के हैंडलर्स से जुड़े हुए हैं और वह भारत में आतंकी साजिशों को अंजाम देने की योजना में शामिल था। जांच एजेंसियों की कार्रवाई के बीच आकिब ने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर आकर धमकी भरे संदेश दिए हैं। उसके कुछ साथियों ने भी सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयान दिए हैं, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां और सतर्क हो गई हैं।

# यूपी के शिक्षामित्रों को लेकर सियासत तेज

### भाजपा के नैरेटिव को बदलने के लिए सपा ने चला दांव



लखनऊ, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। वर्ष 2027 के पहले राजनीतिक दलों के बीच नैरेटिव बदलने और बनाए रखने की जंग तेज हो गई है। भाजपा, विपक्ष खासकर सपा द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों को कमजोर कर बड़ी लकीर खींचने के प्रयास में जुटी है। योगी सरकार द्वारा शिक्षामित्रों के मानदेय में की गई आठ हजार की एकमुश्त बढ़ोतरी इसी रणनीति का हिस्सा है। इसके सहारे भाजपा, शिक्षामित्रों सहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच समर्थन का ताना-बाना तो बुन ही रही है, इससे सपा द्वारा स्कूलों के विलय से लेकर शिक्षकों के अधिकारों को लेकर उठाए जा रहे सवालों को निरुत्तर करने की कोशिश में है। इस जोखिम से बचने के लिए सपा मानदेय बढ़ोतरी का नैरेटिव बदलने में जुटी है।

उसके द्वारा सरकार के फैसले पर 'राहत बनाम हक' की बहस तेज करने की कोशिश हो रही है। शिक्षामित्रों का मुद्दा राजनीतिक दलों के एजेंडे में रहा है। कल्याण सिंह सरकार ने वर्ष 1999 में इनकी नियुक्ति की थी। वर्ष 2005 में मुलायम सरकार ने इनका मानदेय 2400 रुपये किया, फिर वर्ष 2007 में मायावती सरकार ने इसे तीन हजार रुपये प्रतिमाह किया था। 2014-15 में अखिलेश सरकार ने प्रशिक्षित शिक्षामित्रों को समायोजित कर सहायक शिक्षक बनाया और वेतन 40 हजार रुपये तक पहुंच गया था। वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा समायोजन रद करने से शिक्षामित्र मूल मानदेय पर आ गए थे, बाद में योगी सरकार ने इसे 10 हजार रुपये प्रतिमाह किया था। इसके बाद से शिक्षामित्र मानदेय बढ़ाने की मांग कर रहे थे और सपा सरकार पर लगातार सवाल खड़े कर रही थी। अब योगी सरकार ने मानदेय 18 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया है। प्रदेश में वर्तमान में 1,42,929 शिक्षामित्र नियुक्त हैं।

इसके जरिए भाजपा ने एक बड़े वर्ग को साधने और प्राथमिक शिक्षा के मुद्दे पर सपा की आक्रामकता को कम करने की कोशिश की है। शिक्षामित्र न केवल खुद वोटर हैं, बल्कि अपने परिवार और सामाजिक नेटवर्क के सहारे कई सीटों पर चुनावी माहौल प्रभावित कर सकते हैं। सपा ने पूर्व में परिषदीय स्कूलों के विलय के मुद्दे पर पीडीए पाठशालाओं के सहारे भाजपा के विरुद्ध माहौल बनाने की कोशिश की थी। अब मानदेय बढ़ोतरी के बाद सपा अपने नैरेटिव को बनाए रखना चाहती है।

## मुस्लिम समाज को गुमराह कर रहे हैं अखिलेश यादवः ओपी राजभर



आजमगढ़, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि आजमगढ़ अब किसी एक का गढ़ नहीं रह गया है, बल्कि यह सभी जाति और धर्म के लोगों का साझा क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव का मामला न्यायालय में विचाराधीन है और अदालत के निर्णय के बाद ही सरकार चुनाव कराएगी। राजभर सिविल लाइन स्थित नेहरू हाल में आयोजित अल्पसंख्यक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वह मुस्लिम समाज को गुमराह कर रहे हैं, जबकि भाजपा एवं सहयोगी दलों की सरकार में मुस्लिम समाज अधिक सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की कई बार सरकार बनी, लेकिन किसी मुसलमान को मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया।

यदि सपा वास्तव में मुस्लिम हितैषी है तो उसे पहले ही घोषित करना चाहिए कि सत्ता में आने पर मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। ओपी राजभर ने आरोप लगाया कि सपा केवल समाज को भ्रमित कर सत्ता हासिल करना चाहती है, लेकिन इस बार उसके मंसूबे सफल नहीं होंगे और भाजपा व सहयोगी दल प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएंगे। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि वह गाजीपुर की जहूराबाद विधानसभा सीट से ही चुनाव लड़ेंगे।

साथ ही बताया कि आजमगढ़ में एनडीए सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि अतरौलिया विधानसभा सीट से उनके पुत्र को चुनाव लड़ाने की तैयारी की जा रही है।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के यूपी अध्यक्ष अजहरी को एचसी से नहीं मिली जमानत

प्रयागराज, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भाजपा शासित राज्यों में मुसलमानों को डराने और अतीक-अशरफ हत्याकांड को सरकारी साजिश बताने वाले मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड उप्र के अध्यक्ष नूर अहमद अजहरी को राहत देने से इन्कार कर दिया है। कोर्ट ने धार्मिक उन्माद फैलाने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोपों में दर्ज मुकदमे की पूरी कार्यवाही रद करने की मांग में दायर याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की एकल पीठ ने दिया है। विवाद वायरल वीडियो से शुरू हुआ था।

इसमें पीलीभीत निवासी नूर अहमद अजहरी ने आरोप लगा रहे हैं कि यूपी की भाजपा सरकार मुसलमानों को डराने का प्रयास कर रही है। अतीक व अशरफ की हत्या सरकार के शासन में एक सोची-समझी साजिश थी। वीडियो में उन्होंने यह भी दावा किया था कि वर्तमान सरकार का संविधान में कोई विश्वास नहीं है। इस वीडियो के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। जांच के बाद विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच शत्रुता, द्वेष या दुर्भावना को बढ़ावा देने के आरोप में चार्जशीट दाखिल की गई। अजहरी ने मुकदमे की पूरी कार्यवाही को रद करने की मांग कर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कहा था कि केस राजनीति प्रेरित और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ है। याची के अधिवक्ता ने दलील दी थी कि अजहरी डिबेट में मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड का विचार रख रहे थे। उनके बयानों से कोई अपराध नहीं बनता है।

राज्य सरकार की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता ने याचिका का विरोध किया। कहा कि ये तथ्य साक्ष्य से जुड़े हैं। इनका निर्धारण केवल ट्रायल के दौरान ही किया जा सकता है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों का संदर्भ दिया और कहा कि मजिस्ट्रेट को केवल यह देखना होता है कि क्या आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त आधार है। हाई कोर्ट ने पाया कि एफआइआर के विवरण के अनुसार आवेदक पर विशेष समुदाय के बीच धार्मिक उत्तेजना और नफरत फैलाने के आरोप हैं, जिससे सार्वजनिक शांतिभंग की आशंका बनी।

## 16वीं मंजिल से गिरी लड़की की मौत

गाजियाबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के इंदिरापुरम से एक दुखद और चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक हाईराइज सोसाइटी की 16वीं मंजिल से गिरकर 18 साल की एक लड़की की मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मामले को लेकर पुलिस और परिवार के बीच अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं। मृतका के परिवार का कहना है कि पुलिस ने उनके साथ गलत व्यवहार किया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में परिजन रोते हुए आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस ने जबरदस्ती घर से शव उठाया और उनके साथ धक्का-मुक्की की।

परिवार का यह भी कहना है कि उन्हें जबरन कागजों पर हस्ताक्षर करवाए गए। उनका आरोप है कि लड़की के साथ गलत हुआ है और पुलिस सबूत मिटाने की कोशिश कर रही थी। परिवार का दावा है कि लड़की के कपड़े फटे हुए थे, जिससे उन्हें शक है कि यह मामला सिर्फ आत्महत्या नहीं है। वहीं, पुलिस इसे आत्महत्या का मामला बता रही है और कह रही है कि जांच में अभी तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जो किसी और एंगल की पुष्टि करे।

# यूपी में कब होंगे पंचायत चुनाव

### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दे दी जानकारी



लखनऊ, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने फतेहपुर से विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है, इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर भी बड़ा बयान दिया है। आपको बता दें कि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक फतेहपुर में रेड क्रॉस सोसाइटी बिल्डिंग का उद्घघाटन करने के लिए पहुंचे थे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने रेड क्रॉस सोसाइटी बिल्डिंग का उद्घघाटन करते हुए मंच से विपक्षियों पर हमला बोलते हुए कहा कि, 'जब विपक्षी जीतते हैं तो कहते हैं ईवीएम अच्छी है और जब हारते हैं तो कहते हैं कि ईवीएम खराब है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव समय पर होगा, हमारी पूरी तैयारी है, मामला अदालत में विचाराधीन है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि, सपा की सरकार में सपा वाले नारा लगाते थे कि 'समाजवादी पार्टी का नारा है, खाली प्लाट हमारा है'।

उन्होंने कहा कि, प्रदेश की जनता ने चार बार सरकार बनाने का अवसर दिया, तीन बार पापा को और एक बार तुमको। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्षी दलों पर हमला तेज करते हुए कहा कि, सत्ता ट्रांसफर होते दो-तीन जगह हुए देखा है, जैसे तथाकथित गांधी परिवार का राजनीति से कुछ लेना-देना नहीं है। डिप्टी सीएम ने कहा कि, अभी यहां ओला पड़ रहे हैं वह 20 दिन की छुट्टी में नानी के यहां इटली, हिंदुस्तान के लोग परेशान हैं लेकिन वह विदेश घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता कोई ट्रांसफर प्रॉपर्टी एक्ट नहीं है कि वसीयत के आधार या माता-पिता के मृत्यु के आधार पर ट्रांसफर हो जाए यह जनता तय करती है। डिप्टी सीएम ने कहा कि, सपा के लोग अगर जाति धर्म पर वोट ना मांगे तो एक पार्षदी और प्रधानी तक नहीं जीत पाएंगे।

## खौफनाक वारदात, मां-बेटी पर तेजाब फेंका, युवती ने तोड़ा दम

कुशीनगर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। रामकोला थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरवन के टोला इमिलिया में एक खौफनाक वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। यहां अज्ञात हमलावर ने घर में घुसकर सो रही मां-बेटी पर तेजाब फेंक दिया, जिससे दोनों बुरी तरह झुलस गई हैं। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए डीआईजी एस चिनप्पा, एसपी केशव कुमार और एडिशनल एसपी सिद्धार्थ वर्मा ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रभुनाथ यादव घर के बाहर बरामदे में सो रहे थे, जबकि उनकी पत्नी लीलावती देवी (58) और सबसे छोटी बेटी काजल (23) अंदर कमरे में सोई हुई थीं।

आधी रात के बाद कोई अज्ञात हमलावर छत के रास्ते घर के भीतर दाखिल हुआ और सो रही मां-बेटी पर तेजाब उड़ेल दिया। चीख-पुकार सुनकर जब तक प्रभुनाथ अंदर पहुंचे, हमलावर फरार हो चुका था। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। पीड़ित परिवार की स्थिति बेहद मार्मिक है।

## लैब टेक्नीशियन की गोली मारकर हत्या, लैब मालिक का बेटा हिरासत में

सीतापुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कोतवाली देहात के नैपालापुर में लैब संचालक के पुत्र ने पिता के लाइसेंसी रिवाल्वर से लैब टेक्नीशियन को गोली मार दी। टेक्नीशियन की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपित मानसिक मंदित है, जिसका इलाज लखनऊ से चल रहा है। नैपालापुर से पुलिस को सूचना मिली कि नहीं लैब टेक्नीशियन सतीश यादव ने लैब में ही गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पुलिस पहुंची तो हत्या की पुष्टि हुई। पुलिस ने लैब संचालक के पुत्र शिवेश सिंह को हिरासत में ले लिया।

शिवेश ने बताया कि उसने अपने पिता के रिवाल्वर से सतीश को गोली मारी है। क्षेत्राधिकारी सदर नेहा त्रिपाठी ने बताया कि शिवेश मानसिक मंदित है।

## सुबह-सुबह आग का कहरः दानापुर में शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

पटना, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। तपिश बढ़ते ही अगलगी की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। कहीं फसल जलने से लोगों का निवाला छिन रहा तो घर जलने से आशियाना। दानापुर में खगौल रोड स्थित विजय सिंह यादव पथ पर त्रिभुवन मोड़ के पास शुक्रवार सुबह शॉर्ट सर्किट से किड्स एंड  मॉम गिफ्ट कॉर्नर नामक दुकान में आग लग गई। देखते-देखते आसपास की अन्य दुकानें भी उसकी चपेट में आ गई। हालांकि उन्हें ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा। फायर ब्रगिड ने मशक्कत कर आग बुझाई। जबतक आग बुझाई जाती तब तक दुकान पूरी तरह जल चुका था। आसपास की एक-दो दुकानों में भी आग से आंशिक नुकसान पहुंचा है। बताया जाता है कि सुबह में दुकान से धुआं उठता देख अफरातफरी मच गई। दुकानदार को बताया गया इसके बाद फायर ब्रगिड को सूचित किया गया।

आग की लपटें तेजी से अगल-बगल फैलती जा रही थी, हालांकि सूचना के कुछ ही देर बाद फायर ब्रगिड की टीम पहुंच गई। त्वरित गति से आग बुझाई गई। करीब आधे घंटे में आग पर पूरी तरह काबू किया गया। दुकानदार अमित कुमार ने बताया कि वो पास में ही रहते हैं। सुबह में आग लगने की सूचना मिली। जब वे मौके पर पहुंचे तो दुकान पूरी तरह जल चुकी थी। उन्होंने लाखो रुपये के नुकसान की आशंका जताई है। कहा कि आग लगने से दुकान में रखे सभी सामान जल कर राख हो गए। फायर ब्रिगेड अधिकारी विजय शंकर यादव के अनुसार, प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।

# 'प्रथमदृष्टया अपराध पाए जाने पर अदालत तय कर सकती है आरोप'

### इलाहाबाद हाई कोर्ट का अहम फैसला



प्रयागराज, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि प्रथमदृष्टया अपराध होना पाए जाने पर आरोप तय करने में कोई कानूनी बाधा नहीं है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने आपराधिक पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा ने डा। मदन गोपाल शर्मा की याचिका खारिज करते हुए दिया है। मामले के तथ्यों के अनुसार याची के खिलाफ आइपीसी की धारा 153 बी और 295 ए के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया गया। आरोप लगाया गया कि 'टंकार सावधान आगे यहां विस्फोटक' नामक किताब में धर्म के खिलाफ अपमानजनक शब्द प्रकाशित किए गए।

यह प्रकाशन समाज में धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने के उद्देश्य से किया गया। पुलिस ने कई किताबें बरामद कीं और यह पाया गया कि याची उन किताबों का संपादक था। कहा गया कि ये किताबें आरोपित याशु जी महाराज के कहने पर संजय पुस्तक भंडार नामक प्रकाशन से छापी गईं। जून 2025 में गाजीपुर के अपर सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट ने याची की आरोप मुक्ति की अर्जी खारिज की थी। हाई कोर्ट में उसकी ओर से कहा गया कि जांच अधिकारी ने उचित जांच नहीं की।

याची को केवल इसलिए झूठा फंसाया गया क्योंकि किताब के संपादक के तौर पर उसका नाम छपा था। दूसरी ओर सरकारी वकील ने तर्क दिया कि छपी हुई सामग्री में धार्मिक किताब के संबंध में अपमानजनक बयान थे और यह सामग्री किसी विशेष वर्ग की धार्मिक मान्यताओं का अपमान करके उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली थी। केस डायरी और ट्रायल कोर्ट के आदेश की जांच करने के बाद हाई कोर्ट ने पाया कि याची का नाम संपादक के तौर पर छपी हुई किताबों की बरामदगी से संबंधित तथ्य केस डायरी में स्पष्ट रूप से उल्लिखित था। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया मामला स्थापित पाया गया।

## तेंदुए का आतंक, एक युवक की मौत और दो घायल

बलरामपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।



जिले में तेंदुए का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों में हुए हमलों ने ग्रामीणों में दहशत फैला दी है। चपेड़वा के ग्राम पंचायत रेहरा धोबोलिया निवासी 42 वर्षीय हरिकांत यादव पर तेंदुए ने उस समय हमला कर दिया, जब वह किसी काम से घर से बाहर निकले थे। घात लगाए तेंदुए ने उन्हें दबोच लिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया। जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

वहीं, महाराजगंज तराई क्षेत्र में तेंदुए ने बलदेवनगर ललिया निवासी 30 वर्षीय अलीम व बनकटवा कनहरा निवासी 45 वर्षीय सहजराम पर हमला कर दिया। हमले में अलीम के हाथ में कई जगह चोटें आईं, जबकि सहज राम के सिर पर गंभीर घाव होने के कारण कई टांके लगाने पड़े। दोनों घायलों को जिला मेमोरियल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है।

## बक्सर में शादी के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा

### नकली दुल्हन गैंग का भंडाफोड़, 9 आरोपी गिरफ्तार



बक्सर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। बक्सर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी के नाम पर झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने नकली दुल्हन, उसके परिजन और फर्जी पुलिसकर्मी समेत कुल 9 लोगों को गिरफ्तार किया है।

बक्सर के एसपी शुभम आर्य ने प्रेस वार्ता में बताया कि उत्तर प्रदेश के कानपुर की रहने वाली रमा देवी ने मुफस्सिल थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, कोरान सराय थाना क्षेत्र के कलावती देवी और उनके पति रमेश गोंड ने शादी कराने का झांसा देकर रमा देवी के देवर को बुलाया। आरोप है कि 7 अप्रैल को उन्हें फरीदाबाद से बक्सर बुलाया गया। जहां उनके साथ धोखाधड़ी की गई। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने शादी कराने के नाम पर पहले 50 हजार रुपये और गहनों की मांग की। बाद में 40 हजार रुपये और कुछ जेवर पर सौदा तय हुआ। पीड़िता के देवर विनय और आरोपी दुल्हन नीतु की कोर्ट मैरिज कराई गई।

इसके बाद शादी की रस्में पूरी करने के नाम पर सभी लोग मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महादेवा गंगा घाट पहुंचे। रस्म के दौरान दुल्हन को गहने भी दिए गए। लेकिन विदाई के समय एक बाइक पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और खुद को पुलिसकर्मी बताकर सभी को थाना चलने की धमकी देने लगे। इस दौरान मौका पाकर दुल्हन और उसके साथ आए सभी लोग नगदी और गहने लेकर फरार हो गए। ठगी का एहसास होने पर लड़का पक्ष ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस से मदद मांगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# आईपीएस लिपि नगायच नाना से किया वादा निभाया

### अब पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बनीं एडीसीपी



वाराणसी, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की योगी आदत्यिनाथ सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के 12 अधिकारियों को इधर-उधर किया है। यूपी आईपीएस तबादला सूची में शामिल लिपि नगायच को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एडीसीपी नियुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश में आईपीएस ट्विंकल जैन की तरह लिपि नगायच भी काफी चर्चित पुलिस अधिकारी हैं। इन्होंने न केवल अपने नाना से किया वादा पूरा कर दिखाया, बल्कि उनकी जिंदगी में ज्योतिष की भविष्यवाणी भी सही साबित हुई है। उत्तर प्रदेश कैडर में साल 2022 बैच की आईपीएस अधिकारी लिपि नगायच को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में सहायक पुलिस आयुक्त पद से वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट में अपर पुलिस उपायुक्त पद पर तैनात किया गया है। वे गाजियाबाद के मसूरी क्षेत्र में सहायक पुलिस आयुक्त पद पर भी सेवाएं दे चुकी हैं। नोएडा पुलिस कांस्टेबल हत्याकांड में उनकी त्वरित कार्रवाई भी चर्चा में रही थी। लिपि नगायच मूल रूप से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के करेली क्षेत्र की रहने वाली हैं। संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2021 में उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर 140वीं रैंक हासिल की थी। लिपि नगायच की यूपीएससी में सफलता मिली थी तब उनके पिता डॉ। उमाशंकर नगायच ने मीडिया से बातचीत में बताया कि लिपि छोटी थीं, तब उन्होंने एक ज्योतिष को उनकी कुंडली दिखाई थी।

26 दिसंबर 1998 को जन्मी लिपि नगायच की कुंडली देखकर ज्योतिष ने भविष्यवाणी की थी कि यह बच्ची 24 साल की उम्र में अफसर बनेगी। इत्तेफाक देखिए, जब लिपि ने यूपीएससी क्रैक की, तब उनकी उम्र महज 23 साल थी। परिजनों के अनुसार, कोरोना की दूसरी लहर में उनके नाना रामप्रिय शरण तिवारी की तबीयत ज्यादा खराब हो गई थी। तब लिपि ने अपने नाना से वादा किया था कि वे अफसर बनकर दिखाएंगी।

## नवादा में किराए के मकान में नर्स का मिला शव

नवादा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। नवादा में नर्स का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ बरामद किया हुआ है। युवती किराए के मकान में एक युवक के साथ पति-पत्नी बनकर रह रही थी। घटना के बाद से युवक फरार है। घटना नगर थाना क्षेत्र के चौधरी नगर मोहल्ले की है। मृतका की पहचान अकबरपुर प्रखंड के बकसंडा गांव निवासी जितेंद्र मांझी 23 वर्षीय बेटी मनीषा कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। मृतका के फूफा दूधी मांझी ने बताया कि मनीषा एक प्राइवेट नर्सिंग होम में नर्स का काम करती थी। उन्हें अचानक सूचना मिली कि मनीषा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

जब परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे, तो मकान मालिक रंजन कुमार ने बताया कि मनीषा कुमारी शादीशुदा थी और उसके गले में मंगलसूत्र भी था। मकान मालिक के खुलासे के बाद परिवार हैरान रह गया। उन्हें पता चला कि मनीषा धनबाद के अभिषेक पांडे नामक एक युवक के साथ पिछले छह महीने से पति-पत्नी के रूप में किराए के मकान में रह रही थी। मनीषा ने अपने परिवार को बताया था कि वह चार सहेलियों के साथ रहती है और वहां पुरुषों का आना मना है। जिसके बाद उन्होंने उन्हें मकान खाली करने के लिए कह दिया था। नगर थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह ने मामले के हर बिंदु पर जांच शुरू कर दी है।

## एनसीआर में अगले तीन दिन तेज हवाओं का असर, बारिश की संभावना नहीं



नोएडा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) समेत पूरे उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज फिलहाल शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले तीन दिनों तक क्षेत्र में बारिश की कोई संभावना नहीं है, लेकिन तेज सतही हवाएं लगातार चलेंगी। इन हवाओं का असर खास तौर पर दिन के समय अधिक देखने को मिलेगा, जिससे तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव के साथ-साथ वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में भी सुधार दर्ज किया जा सकता है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 10 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। 11 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 19 डिग्री और अधिकतम 34 डिग्री रहने का अनुमान है। इसी तरह 12 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 19 डिग्री और अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इन तीनों दिनों में "स्ट्रॉन्ग सरफेस विंड्स" यानी तेज सतही हवाएं चलने की संभावना जताई गई है।

13 अप्रैल से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा, जब आसमान साफ रहेगा और तेज धूप निकलेगी। इस दिन न्यूनतम तापमान 20 डिग्री और अधिकतम तापमान 35 डिग्री रहने का अनुमान है। 14 अप्रैल को भी मौसम साफ रहेगा, जहां तापमान 20 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। वहीं 15 अप्रैल को अधिकतम तापमान 36 डिग्री तक पहुंच सकता है, जिससे गर्मी का असर और बढ़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार, तेज हवाओं के चलते वातावरण में मौजूद धूल और प्रदूषक कणों का स्तर कम होगा, जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार देखने को मिलेगा।

फिलहाल एनसीआर का एक्यूआई येलो जोन (मध्यम श्रेणी) में बना हुआ है, लेकिन आने वाले दिनों में यह और बेहतर हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की हवाएं गर्मी के शुरुआती दौर में आम होती हैं और ये प्रदूषण को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। हालांकि, तेज हवाओं के दौरान लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है, खासकर खुले क्षेत्रों में।

## महिला आरक्षक ने किया सुसाइड का प्रयास: फर्स्ट बटालियन के फ्लैट में फंदे पर लटकी मिली

इंदौर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। इंदौर के फर्स्ट बटालियन में रहने वाली एक महिला आरक्षक ने गुरुवार को आत्महत्या की कोशिश की। महिला अपने फ्लैट में फंदे पर लटकी मिली। परिजन ने उसे देखा तो नीचे उतारकर निजी अस्पताल ले गए। फिलहाल महिला पुलिसकर्मी आईसीयू में भर्ती है और बयान देने की स्थिति में नहीं है। सदर बाजार पुलिस के मुताबिक, महिला का नाम रूचि, पति पंकज है। वह अपने पति के साथ फर्स्ट बटालियन में रहती है।

सदर बाजार पुलिस को रात करीब 11 बजे गोकुलदास अस्पताल से सूचना मिली। हालांकि रूचि अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। उनके पति पंकज भी क्राइम ब्रांच में पदस्थ हैं। रूचि ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कनिमोझी पर पलानीस्वामी की टिप्पणी से भड़की डीएमके

### एआईएडीएमके को घेरा बिना शर्त माफी की मांग



चेन्नई, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। चेन्नई में डीएमके ने एआईएडीएमके के महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी पर तीखा हमला किया है। डीएमके नेताओं का कहना है कि पलानीस्वामी ने पार्टी की उप महासचिव कनिमोझी करुणानिधि के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। शुक्रवार को एक मीडिया वार्ता में डीएमके सांसद थमिझाची थंगापांडियन और कनिमोझी सोमू ने अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि पलनिसामी के बयान उनकी हार के डर को दिखाते हैं। उन्हें डर है कि आने वाले चुनाव में उनकी पार्टी तीसरे नंबर पर रहने की आशंका है। पलानीस्वामी ने हाल ही में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि अगर सांसद कनिमोझी मुख्यमंत्री स्टालिन पर भरोसा करना जारी रखती हैं, तो वह फिर से तिहाड़ जेल पहुंच जाएंगी।

उन्होंने यह बात 2011 के 2जी स्पेक्ट्रम मामले का जिक्र करते हुए कही थी। पलानीस्वामी ने यह भी दावा किया कि कनिमोझी के पास पार्टी में कोई असली ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई जिम्मेदारी न होने के बावजूद वह इतनी बातें करती रहती हैं। इस पर डीएमके नेताओं ने कहा कि महिलाओं पर निजी हमले करना एआईएडीएमके की आदत बन गई है।

उन्होंने सीवी षणमुगम और डिंडीगुल श्रीनिवासन जैसे नेताओं के कथित बयान का उदाहरण देते हुए कहा उन्होंने भी महिलाओं के बारे में अपमानजनक बातें कही थीं। कनिमोझी सोमू ने कहा कि पलानीस्वामी ने एक महिला के सम्मान का ध्यान नहीं रखा। उनके शब्द उनके खुद के आत्म-सम्मान की कमी को दर्शाते हैं। इस मामले पर डीएमके ने पूर्व मुख्यमंत्री से बिना शर्त माफी की मांग की है। डीएमके ने एआईएडीएमके और भाजपा के गठबंधन पर भी निशाना साधा। उन्होंने इसे नॉनसेंस डेवलपमेंट अलायंस कहा और आरोप लगाया कि यह गठबंधन महिलाओं के अधिकारों को कमतर समझता है। पार्टी अब इस मामले में कानूनी रास्ता अपनाने पर विचार कर रही है।

इसमें मानहानि का मुकदमा और चुनाव आयोग से शिकायत करना शामिल है। थमिझाची थंगापांडियन ने बताया कि मुख्यमंत्री स्टालिन और कानूनी विशेषज्ञों से सलाह लेने के बाद इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु पेरियार और अन्नादुरई जैसे समाज सुधारकों की धरती है। यहां की जनता चुनाव में ऐसी राजनीति का करारा जवाब देगी।

## आईटी कंपनी में यौन शोषण और धर्मांतरण के आरोप में एचआर समेत 7 गिरफ्तार

नासिक, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। नासिक मल्टीनेशनल कंपनी में कथित कॉर्पोरेट जिहाद के मामले में पुलिस ने सातवें आरोपी के रूप में कंपनी की एचआर को गिरफ्तार किया। आरोप है कि मुस्लिम टीम लीडर्स ने हिंदू महिला कर्मचारियों का शारीरिक शोषण करने, ऑफिस में जबरन नमाज पढ़ने, हिंदू देवी देवताओं की मूर्ति अपमान और धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बनाया। इस नामी कंपनी के एचआर से पिछले चार सालों से यौनशोषण, छेड़खानी और जबरन धर्मांतरण की शिकायत की थी, लेकिन एचआर ने शिकायत को नजरंदाज किया। इस मामले में एचआर सहित 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नासिक स्थित एक आइटी कंपनी में चल रहे यौन शोषण और धर्मांतरण की कोशिश के मामले में कंपनी के छह टीम लीडर्स, एक एचआर अधिकारी को गिरफ्तार किया गया है। महाराष्ट्र सरकार ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया है। नासिक की एक आइटी कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कंपनी के सीनियर कर्मचारी (टीम लीडर्स) पिछले चार साल से उन पर यौन शोषण एवं मतांतरण का दबाव डाल रहे थे। पुलिस सूत्रों का कहना है कि वहां आठ महिलाओं और एक पुरुष कर्मचारी को इस्लाम धर्म अपनाने के लिए प्रेरित और मजबूर किया गया। सभी ने आरोप लगाया है कि उन्हें गोमांस खाने और ऑफिस में नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया गया। उनके अपने धार्मिक प्रतीकों का अपमान किया गया यह मामला तब सामने आया, जब कुछ महिला कर्मचारियों के पहनावे में बदलाव देखा गया और उन्होंने रमजान के दौरान रोजा रखना शुरू कर दिया। तब स्वजन की शिकायत के बाद नासिक पुलिस ने इस मामले में सभी पीड़िताओं की ओर से कुल नौ एफआइआर दर्ज कर अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

## अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से राहत विधानसभा सदस्यता बनी रहेगी बरकरार



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मऊ । उत्तर प्रदेश के मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। हेट स्पीच से जुड़े एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के सजा पर रोक वाले फैसले को बरकरार रखा था। कोर्ट के इस ताजा फैसले के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता बनी रहेगी और फिलहाल उस पर कोई खतरा नहीं है। दरअसल हेट स्पीच से जुड़े एक केस से में निचली अदालत ने अब्बास अंसारी को सजा सुनाई थी। सजा के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता पर सवाल उठने लगे थे।

हालांकि बाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस सजा पर रोक लगा दी थी, जिसके चलते उनकी सदस्यता फिलहाल बच गई थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस फैसले को चुनौती देते हुए भारत का सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। सरकार ने मांग की थी कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द किया जाए, जिसमें सजा पर रोक लगाई गई थी। सरकार का कहना था कि हाईकोर्ट का फैसला गलत है और सजा पर रोक हटाई जानी चाहिए, ताकि कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ सके। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका को खारिज कर मामले का निस्तारण कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का मतलब यह है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा सजा पर लगाई गई रोक अभी भी लागू रहेगी। इसी वजह से अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता पर कोई असर नहीं पड़ेगा और वह अपने पद पर बने रहेंगे। इस मामले में पहले निचली अदालत के फैसले के बाद सदस्यता पर खतरा पैदा हो गया था, लेकिन हाईकोर्ट की रोक ने उन्हें राहत दी थी। अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद यह स्थिति और स्पष्ट हो गई है कि फिलहाल उनकी सदस्यता सुरक्षित रहेगी।

## संसदीय प्रदर्शन पर उठे सवाल पर राघव चड्ढा ने वीडियो के जरिए दिया जवाब

### कहा- मैं अपने काम को ही बोलने दूंगा



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने अपने संसदीय कामकाज को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब सोशल मीडिया के जरिए दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, मेरे संसदीय प्रदर्शन पर सवाल उठाने वालों के प्रति आदरपूर्वक, मैं अपने काम को ही बोलने दूंगा। इस वीडियो में उनके राज्यसभा में दिए गए भाषणों की झलक दिखाई गई है, जिसमें उन्होंने कई अहम मुद्दों को उठाया था। वीडियो में डाटा, पितृत्व अवकाश को कानूनी अधिकार बनाने, न्यूनतम बैलेंस पेनल्टी खत्म करने और खाद्य मिलावट जैसे विषय शामिल हैं। इसके अलावा, 28 दिन के मोबाइल रिचार्ज प्लान, एयरलाइंस के एक्स्ट्रा बैगेज चार्ज, पेपर लीक घोटाले और वायु प्रदूषण की समस्या पर भी उन्होंने आवाज उठाई।

राघव चड्ढा ने गिग वर्कर्स के शोषण, हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम में देरी, टोल प्लाजा पर लूट, महंगे एयरपोर्ट खाने और बढ़ते हवाई किराए जैसे मुद्दों को भी संसद में उठाया। उन्होंने मुफ्त वार्षिक हेल्थ चेकअप का अधिकार देने की बात कही। साथ ही डिजिटल कॉपीराइट स्ट्राइक, बढ़ते कर्ज-से-जीडीपी अनुपात और भीड़भाड़ वाले एयरपोर्ट्स की समस्या पर भी चिंता जताई। वीडियो में सरकारी बैंकों की स्थिति, दिव्यांग और सशस्त्र बलों पर टैक्स हटाने, वर्चुअल डिजिटल एसेट्स को वैध बनाने और 'राइट टू हायर, राइट टू फायर' जैसे विषय भी शामिल हैं। उन्होंने महंगाई, पंजाब की 'कैंसर ट्रेन', जल संकट, भूजल की कमी और पीने के पानी की समस्या जैसे गंभीर मुद्दों को भी उठाया है।

इसके अलावा शिक्षा और रोजगार के बीच बढ़ती खाई, वेतन इंडेक्सेशन, किसानों के लिए एमएसपी, उत्पादों की भ्रामक ब्रांडिंग, और ग्रामीण बैंकिंग ढांचे को मजबूत करने की जरूरत का जिक्र है। राघव चड्ढा ने भगत सिंह को भारत रत्न देने, 'वन नेशन, वन मेडिकल ट्रीटमेंट,' मासिक धर्म स्वच्छता, और श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर जैसे मुद्दों को भी उठाया। उन्होंने केंद्र सरकार से पंजाब के लिए फंड जारी करने, केंद्र-राज्य ग्रांट्स और उड़ान कैफे विस्तार की भी मांग की। यह वीडियो उनके संसदीय कामकाज और जनहित से जुड़े मुद्दों को सामने लाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

## 'गुड टच-बैड टच'

### सिखाने स्कूल गई महिला पुलिसकर्मी ने ही रची साजिश, प्रिंसिपल से 7 लाख की उगाही का पर्दाफाश



पुणे, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पुणे के एक स्कूल में 'गुड टच बैड टच' सिखाने गई, महिला पुलिसकर्मी ने वहां के प्रिंसिपल के खिलाफ ही साजिश रच दिया। मामला सामने के बाद पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने जांच के आदेश दिए है। इसके साथ ही दो और पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार महिला पुलिसकर्मी सोनाली हिंगे, जो कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। उन पर दो अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर 55 साल के स्कूल प्रिंसिपल को कथित तौर पर धमकाने और उनसे पैसे ऐंठने का मामला दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्ट की माने तो तीनों पुलिसकर्मियों ने प्रिंसिपल को झूठे पोस्को एक्ट केस में फंसाने की धमकी दी थी। हिंगे के अलावा, इस मामले में पुलिस सब-इंस्पेक्टर अजीत बाडे और कांस्टेबल सुदाम तायडे का नाम सामने आया है। सूत्रों के अनुसार इन तीनों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए प्रिंसिपल को निशाना बनाया और पोस्को एक्ट के तहत एक झूठा केस बनाकर उन्हें गिरफ्तार करने और बदनाम करने की धमकी दी। इसके अलावा, केस को 'रफा-दफा' करने के लिए उन्होंने पैसों की मांग की। इसके बाद कानूनी पचड़ों और अपनी बदनामी के डर से प्रिंसिपल ने उन्हें 7 लाख रुपये भी दे दिए। हालांकि, बाद में पीड़ित को शक हुआ और उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। जांचकर्ताओं के अनुसार, हिंगे ने दो अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर 'गुड टच, बैड टच' जागरूकता सत्र के बहाने 55 साल के प्रिंसिपल को निशाना बनाया था।

## गोल्ड स्मगलिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

### 38 करोड़ की कीमत का सोना जब्त, 26 अरेस्ट; जानें कैसे हुआ गिरोह का भंडाफोड़

मुंबई, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय (सीएसएमआई) हवाई अड्डे पर हाल में ही राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया था। ऑर्गेनाइज्ड गोल्ड स्मगलिंग के खिलाफ इस बड़ी कार्रवाई में डीआरआई ने 37.74 करोड़ रुपये मूल्य का 29.37 किलोग्राम सोना जब्त किया गया था और अब तक कुल 26 तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस दौरान 25.10 किलोग्राम सोने की छड़ें और 4.27 किलोग्राम सोने के गहने बरामद किए गए। राजस्व खुफिया निदेशालय को विशिष्ट खुफिया जानकारी मिली थी, जिसपर कार्रवाई करते हुए डीआरआई के अधिकारियों ने 8 अप्रैल 2026 को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय ( सीएसएमआई) हवाई अड्डे के रास्ते भारी मात्रा में सोने की तस्करी करने की कोशिश कर रहीं नैरोबी से आई महिला वाहकों के एक ग्रुप की पहचान की। 8 अप्रैल को सुबह करीब 11 बजे यात्री ग्रीन चैनल की ओर बढ़े, लेकिन अधिकारियों को देखकर वहां से हट गए। पूछताछ के दौरान 25 यात्रियों ने अपनी पहचान बताई, जबकि 26वें यात्री को फर्जी पासपोर्ट इस्तेमाल करने की कोशिश के आरोप में पहले ही हिरासत में लिया गया था। सभी 25 यात्रियों ने किसी भी अवैध सामान को ले जाने से इनकार किया। हालांकि, दो यात्रियों की तलाशी लेने पर उनके जूतों में छिपाकर रखे गए सोने के बार बरामद हुए। एक अधिकारी ने बताया, कुछ यात्री सामान बेल्ट के पास काले टेप में लिपटी वस्तुएं फेंकने लगे। डीआरआई ने कई पाउच बरामद किए, जिनमें पिघला हुआ सोना था। यात्रियों में से किसी ने भी इसकी जिम्मेदारी नहीं ली। अधिकारियों द्वारा पंचनामा कर गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उन्हें ज्यूडिशल कस्टडी में भेज दिया। राजस्व खुफिया निदेशालय की त्वरित और समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप इन यात्रियों से 25.10 किलोग्राम सोने की छड़ें और 4.27 किलोग्राम सोने के आभूषण बरामद किए गए।

## 'पुलिस का असंवेदनशील रवैया'

### सुप्रीम कोर्ट ने गाजियाबाद नाबालिग बच्ची के दुष्कर्म-हत्या मामले पर यूपी पुलिस को लगाई फटकार



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजियाबाद में चार साल की बच्ची के दुष्कर्म और हत्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने यूपी पुलिस और निजी अस्पतालों के असंवेदनशील रवैये पर नाराजगी जताई। सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर हैरानी जताते हुए पुलिस आयुक्त को तलब किया। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में 13 अप्रैल को जांच अधिकारी को भी तलब किया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राज्य पुलिस और निजी अस्पतालों की उदासीनता और असंवेदनशील रवैये की कड़ी आलोचना की। नंदग्राम थाना क्षेत्र में 16 मार्च 2026 को घर के बाहर खेल रही चार वर्षीय बच्ची का अपहरण कर दुष्कर्म के बाद निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। आरोपी को कुछ देर बाद ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बच्ची के परिजन नंदग्राम पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आरोप है कि नंदग्राम पुलिस बच्ची से हुए दुष्कर्म के मामले पर पर्दा डाल रही है और इस दिशा में कोई जांच नहीं की गई। पीड़ित पिता का आरोप है कि उनकी बेटी का अपहरण कर दुष्कर्म किया गया और ईंट से प्रहार कर हत्या की गई। आरोप है कि नंदग्राम पुलिस दुष्कर्म की दिशा में जांच नहीं कर रही है। इस अपराध की जांच करने की मांग की है। आरोप है कि पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी और न्याय मिलता नहीं दिख रहा है। 16 मार्च को आरोपी गौरव ने चार वर्षीय बच्ची का अपहरण उस समय कर लिया।

जब वह घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि उसे एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसने दुष्कर्म किया और ईंट से उसके सिर पर बार-बार वार कर उसकी हत्या कर दी। शव उसके घर से लगभग 500 मीटर दूर झाड़ियों में मिला था। जांच में सामने आया कि अपराध से पहले, गौरव बच्ची को एक स्थानीय बाजार ले गया, जहां समोसा और जलेबी खाई। फिर उसने उसके लिए कुछ लॉलीपॉप खरीदे और घर लौटते समय उसे एक सुनसान जगह पर ले गया। पुलिस ने आरोपी की जेब से कुछ लॉलीपॉप भी बरामद किए थे। मुठभेड़ में आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया था।

## क्या शिवसेना में शामिल होंगे उद्धव गुट के सांसद

### अटकलों पर डिप्टी सीएम शिंदे ने क्या कहा?

मुंबई, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों 'ऑपरेशन टाइगर' को लेकर चल रही चर्चाओं तेज हो गई हैं। इस बीच उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने उन सभी खबरों को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया जा रहा था कि वह उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों से गुप्त संपर्क में हैं। हाल के दिनों में ऐसी खबरें सामने आई थीं कि शिंदे यूबीटी सांसदों को अपने गुट में शामिल करने की कोशिश कर रहे हैं और इस सिलसिले में कुछ गुप्त बैठकें भी हुई हैं।

इन अटकलों के बीच अब शिंदे ने खुद सामने आकर स्थिति स्पष्ट की है। शिंदे ने साफ कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के किसी भी सांसद के साथ उनकी कोई बैठक नहीं हुई है। उन्होंने इन दावों को पूरी तरह गलत, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बताया। उनके मुताबिक, इस तरह की खबरें लोगों को गुमराह करने के उद्देश्य से फैलाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले डेढ़ साल से लगातार ऐसी अफवाहें उड़ाई जा रही हैं कि यूबीटी के कई सांसद उनके गुट में शामिल होने वाले हैं, लेकिन अब तक इनमें कोई सच्चाई सामने नहीं आई है। शिंदे ने दोहराया कि इन खबरों में कोई तथ्य नहीं है और इन्हें सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए प्रचारित किया जा रहा है। इसके साथ ही शिंदे ने मीडिया से अपील की कि वह अपुष्ट और सनसनीखेज खबरों को प्रसारित करने से बचें।

उन्होंने कहा कि जिम्मेदार पत्रकारिता के तहत तथ्यों की पुष्टि करना जरूरी है, ताकि जनता तक सही और सटीक जानकारी पहुंच सके। हालांकि, राजनीतिक गलियारों में इन चर्चाओं को लेकर अभी भी हलचल बनी हुई है, लेकिन शिंदे के इस बयान के बाद स्थिति काफी हद तक साफ हो गई है। फिलहाल, शिवसेना (यूबीटी) के सांसदों के पार्टी बदलने को लेकर कोई ठोस संकेत नहीं मिले हैं और इसे महज अफवाह ही माना जा रहा है।

## पैसे के लिए दबंगों ने मचाया तांडव, गर्भवती के पेट पर मारी लात; गर्भ में जुड़वा बच्चों की मौत

हावेरी, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कर्नाटक के हावेरी जिला से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां कर्ज के पैसे वापस मांगने को लेकर हुए विवाद में एक गर्भवती महिला के साथ दबंगों ने बेरहमी से मारपीट की। इस दौरान उसके पेट पर लात मारी। इस हमले के कारण उसके गर्भ में पल रहे छह महीने के जुड़वां बच्चों की मौत हो गई। यह घटना सवणूर तालुका के अल्लिपुर गांव में हुई। जानकारी के अनुसार, अल्लिपुर गांव की रहने वाली हालव्वा गोदभराई कार्यक्रम के लिए मायके आई थी। इस दौरान उसने गांव के ही एक युवक से करीब 30 हजार रुपये उधार लिए थे।

बताया जा रहा है कि आरोपी अपने परिजनों के साथ पैसे वापस मांगने के लिए उनके घर पहुंचा। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। हालव्वा ने आरोपियों से विनती की कि बेटी का गोदभराई कार्यक्रम पूरा होने के बाद वे पैसे लौटा देगी, लेकिन आरोपियों ने उसकी एक नहीं सुनी।

## ओवैसी की एआईएमआईएम ने हुमायूं कबीर की पार्टी से तोड़ा नाता

### वीडियो वायरल होने के बाद लिया फैसला




कोलकाता, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने हुमायूं कबीर की पार्टी के साथ अपना गठबंधन खत्म कर दिया है। अब एआईएमआईएम बंगाल में किसी भी दल के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ेगी।

एआईएमआईएम ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि हुमायूं कबीर के खुलासों से बंगाल के मुसलमानों की सुरक्षा और साख पर खतरा बढ़ा है। पार्टी ने कहा कि वह ऐसे बयान का साथ नहीं दे सकती, जो मुसलमानों की ईमानदारी पर सवाल खड़ा करे। ओवैसी की पार्टी का कहना है कि बंगाल के मुसलमान बहुत गरीब और पिछड़े हैं। दशकों के धर्मनिरपेक्ष शासन के बाद भी उनके लिए कुछ नहीं किया गया। इसलिए एआईएमआईएम अब अकेले चुनाव लड़कर पिछड़े समुदायों की मजबूत आवाज बनेगी। यह पूरा विवाद एक वीडियो के सामने आने के बाद शुरू हुआ। इस वीडियो में हुमायूं कबीर को कथित तौर पर भाजपा के बड़े नेताओं के साथ मिलकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हराने की रणनीति बनाते हुए दिखाया गया है।

टीएमसी ने आरोप लगाया कि कबीर भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के भी संपर्क में थे। टीएमसी का दावा है कि ममता बनर्जी को सत्ता से हटाने के लिए 1000 करोड़ रुपये की बड़ी डील हुई है। इसमें से 200 करोड़ रुपये अग्रिम के तौर पर दिए जा चुके हैं। पार्टी ने इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की है। दूसरी तरफ, आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के अध्यक्ष हुमायूं कबीर ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है।

कबीर ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए टीएमसी से इन आरोपों के सबूत मांगे।

उन्होंने मंत्री फिरहाद हकीम को चुनौती दी कि वे उस व्यक्ति को सामने लाएं, जो वीडियो में उनके साथ बैठा दिख रहा है। कबीर ने साफ किया कि उनका किसी दूसरी पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। वे हमेशा अपने समुदाय के हितों के लिए काम करेंगे। ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ गठबंधन टूटने पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब ओवैसी के नेताओं को देना चाहिए।

उन्होंने बताया कि 25 मार्च को गठबंधन की घोषणा हुई थी, लेकिन इसे क्यों तोड़ा गया, यह एआईएमआईएम ही बता सकती है।

## पीएम मोदी की सभा में घुस गए मोबाइल चोर सैकड़ों फोन उड़ा डाले धरने पर बैठे लोग

कोलकाता, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल गए थे जहां उन्होंने दो चुनावी सभाएं कीं। प्रधानमंत्री ने पहले पूर्वी मेदिनीपुर के शहर हल्दिया में रैली की और इसके बाद उन्होंने पश्चिम मेदिनीपुर के आसनसोल में एक चुनावी सभा की। पीएम मोदी ने आसनसोल में पोलो ग्राउंड में सभा को संबोधित किया। लेकिन आसनसोल में प्रधानमंत्री की सभा में शामिल हुए बहुत सारे लोगों को गहरा झटका लगा जब उन्हें पता चला कि उनके मोबाइल फोन चोरी हो गए। इसके बाद लोगों ने जमकर विरोध किया। बताया जा रहा है कि आसनसोल में आयोजित प्रधानमंत्री की सभा में मोबाइल फोन चोर भी शामिल हो गए और उन्होंने भीड़ का फायदा उठाकर सभा में प्रधानमंत्री को सुनने आए लोगों के फोन चुरा लिए। स्थानीय लोगों का दावा है कि सभा के दौरान लगभग 300 से अधिक मोबाइल फोन चोरी हुए हैं।

## कमल भाभी का हत्यारा पकड़ाया दिल्ली एयरपोर्ट में गिरफ्तार किया




चंडीगढ़, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पंजाब में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर कमल भाभी के हत्यारे अमृतपाल सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कमल भाभी की हत्या करने के बाद अमृतपाल पुलिस से बचने के लिए विदेश भाग गया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर उसे डिपोर्ट कराया और दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। अमृतपाल जून 2025 में बठिंडा में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी उर्फ कमल भाभी की सनसनीखेज हत्या का मुख्य आरोपी है। उसे मिडिल ईस्ट से डिपोर्ट किया गया था। बठिंडा पुलिस ने अमृतपाल के पकड़े जाने की जानकारी दी। पुलिस की तरफ से बताया गया कि पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग के तहत ओवरसीज फ्यूजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्सट्रैडिशन सेल और सेंट्रल एजेंसियों की मदद से भगोड़े अमृतपाल सिंह मेहरोन को पकड़ लिया गया है। अमृतपाल ने पिछले साल 9 जून को अपने तीन साथियों के साथ मिलकर पीड़िता को किडनैप करके उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद उसकी लाश को बठिंडा के आदेश हॉस्पिटल में खड़ी एक कार में छोड़ दिया।

इस मामले में उसके साथी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। हत्या करने के बाद, अमृतपाल कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए देश छोड़कर भाग गया। पंजाब पुलिस ने सेंट्रल एजेंसियों के साथ मिलकर मिडिल ईस्ट में उसकी लोकेशन का पता लगाया और एक्सट्रैडिशन की कार्रवाई शुरू की। इसके बाद उन्हें हिरासत में लेकर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। 10 अप्रैल, 2026 की सुबह इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

# ताइवान की विपक्षी नेता से मिले शी जिनपिंग

## ट्रंप के चीन दौरे से पहले बढ़ी कूटनीतिक हलचल



बीजिंग, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। चीन और ताइवान संबंधों के बीच एक अहम कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को बीजिंग में ताइवान की विपक्षी नेता चेंग ली-वुन से मुलाकात की। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब अगले महीने डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा प्रस्तावित है।

चेंग ली-वुन, ताइवान की प्रमुख विपक्षी पार्टी कुओमिनतांग (केएमटी) की पहली अध्यक्ष हैं, जिन्होंने एक दशक में पहली बार पार्टी प्रतिनिधिमंडल के साथ चीन का दौरा किया है। उनका यह दौरा एक सप्ताह का है और इसे दोनों पक्षों के बीच संवाद बहाल करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

चीन ताइवान को अपना अभिन्न हिस्सा मानता है और वन चाइना नीति के तहत उसके पुनर्एकीकरण पर जोर देता रहा है। वहीं ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) चीन के इस रुख का कड़ा विरोध करती है और ताइवान की अलग पहचान बनाए रखने की पक्षधर है।

इसके विपरीत केएमटी चीन के साथ करीबी संबंधों की वकालत करती रही है, जिससे यह मुलाकात और भी अहम हो जाती है।

बीजिंग रवाना होने से पहले चेंग ने अपने दौरे को शांति की यात्रा बताया और कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है, जहां स्थिरता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों पक्षों को संवाद और सहयोग के जरिए मतभेद सुलझाने चाहिए।

**अमेरिका ताइवान को 11 अरब डॉलर के रक्षा पैकेज देगा?**

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका ताइवान को करीब 11 अरब डॉलर का बड़ा रक्षा पैकेज देने की योजना बना रहा है। इस पैकेज में हिमार्स रॉकेट सिस्टम, एंटी-टैंक मिसाइल, ड्रोन, होवित्जर और अन्य सैन्य उपकरण शामिल हैं। चीन ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध करते हुए इसे क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा बताया है।

वहीं ताइवान की संसद में इस रक्षा बजट को लेकर गतिरोध बना हुआ है, क्योंकि विपक्षी दलों के कारण इसे मंजूरी नहीं मिल पाई है। इसी बीच हाल ही में अमेरिका का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ताइपेई पहुंचा और संसद से रक्षा बजट पारित करने की अपील की।

विशेषज्ञों का मानना है कि डोनाल्ड ट्रंप की 14-15 मई को प्रस्तावित चीन यात्रा के दौरान ताइवान का मुद्दा प्रमुख रूप से चर्चा में रहेगा। ऐसे में शी-चेंग की यह मुलाकात न केवल द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से अहम है, बल्कि इसका असर क्षेत्रीय और वैश्विक राजनीति पर भी पड़ सकता है।

# ईरान जंग सीजफायर- पाकिस्तानी पीएम को नोबेल शांति की मांग

## पाक की पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव पेश विधायक बोले- सेना प्रमुख को भी नॉमिनेट करें



इस्लामाबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान की पंजाब असेंबली में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और उपप्रधानमंत्री इशाक डार को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने का प्रस्ताव पेश किया गया है।

पीएमएल-एन के विधायक राणा मुहम्मद अरशद ने प्रस्ताव पेश किया। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान के नेताओं की मध्यस्थता से ही अमेरिका-ईरान के बीच 2 हफ्ते का सीजफायर हो पाया और इससे क्षेत्र में शांति और स्थिरता का रास्ता तैयार हुआ।

8 अप्रैल को अमेरिका ने ईरान से सीजफायर का ऐलान किया था। ट्रम्प ने बताया था कि उन्होंने यह फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर की अपील के बाद लिया था। ईरान ने भी इसकी पुष्टि की थी।

प्रस्ताव में कहा गया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रम्प से बातचीत कर 2 हफ्ते का समय मांगा, ताकि कूटनीतिक प्रयासों को मौका मिल सके। अमेरिकी पक्ष ने इसे स्वीकार किया। उपप्रधानमंत्री इशाक डार ने अमेरिका और अन्य पक्षों से बातचीत लगातार जारी रखी और दोनों देशों को बातचीत की टेबल पर लाने में अहम भूमिका निभाई।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि मिडिल ईस्ट में बढ़ता तनाव वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता था और अंतरराष्ट्रीय संकट में बदल सकता था। ऐसे में पाकिस्तान के नेतृत्व की कूटनीतिक पहल को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाना चाहिए और उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया जाना चाहिए।

शहबाज शरीफ की एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर विवाद हो गया था। इस पोस्ट में उन्होंने अमेरिका से ईरान पर हमला न करने की समय सीमा बढ़ाने की अपील की थी। पोस्ट की एडिट हिस्ट्री में 'ड्राफ्ट- पाकिस्तानी पीएम का मैसेज' दिखने के बाद सोशल मीडिया पर इसे लेकर कई दावे किए जा रहे हैं।

लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह मैसेज पहले से ही तैयार किया गया था। कुछ यूजर्स का कहना है कि यह मैसेज व्हाइट हाउस के निर्देश पर लिखा गया लगता है। वहीं, कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि ट्रम्प पाकिस्तान की नीतियों को प्रभावित कर रहे हैं और यह पाकिस्तानी प्रधानमंत्री की ओर से उनकी गुलामी करने जैसा है।


जंग शुरू होने के 3 हफ्ते बाद 22 मार्च को पाकिस्तानी आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने ट्रम्प और पीएम शहबाज शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान से बात की। अगले ही दिन ट्रम्प ने ईरान के गैस प्लांट्स पर 5 दिन के लिए हमले रोक दिए।

29 मार्च को इस्लामाबाद में पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्रियों की मीटिंग हुई। इसकी अपडेट लेकर इशाक डार बीजिंग पहुंचे। उन्होंने चीनी विदेश मंत्री वांग यी को ब्रीफ किया। 5 अप्रैल को खबरें आईं कि अमेरिका, ईरान और एक मध्यस्थ देश तीनों मिलकर 45 दिन के सीजफायर प्लान पर चर्चा कर रहे हैं। इसी दिन ट्रम्प ने ईरान को लेकर गालियों भरा एक पोस्ट भी लिखा। ट्रम्प ने 48 घंटे में होर्मुज स्ट्रेट खोलने और डील करने की धमकी दी। इसी बीच खबर आई कि पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के सामने 2 चरणों का प्लान पेश किया। पहले चरण में सीजफायर कर होर्मुज स्ट्रेट को खोलना, फिर बातचीत से समझौता करना।

6-7 अप्रैल की पूरी रात शरीफ और मुनीर ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची से कई बार फोन पर बात की। 7 अप्रैल की शाम 6 बजे ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'आज रात ईरान की पूरी सभ्यता को तबाह कर देंगे, जो फिर कभी वापस नहीं आ सकेगी।' इसके बाद से इस्लामाबाद ने फिर से डिप्लोमेटिक चैनल एक्टिव किया। उन्होंने ईरान को बताया कि सीजफायर कर डिप्लोमेसी से मसला सुलझाना ठीक रहेगा।

# ट्रम्प की पत्नी मेलानिया बोलीं- मेरा यौन अपराधी एपस्टीन से कोई रिश्ता नहीं था





वाशिंगटन, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रम्प के एक बयान ने अचानक हलचल बढ़ा दी है।

उन्होंने साफ कहा है कि उनका कुख्यात यौन अपराधी जैफ्री एपस्टीन से कभी कोई रिश्ता नहीं रहा।

मेलानिया ने कहा, "मैं कभी भी एपस्टीन की दोस्त नहीं रही। मैं कभी उसके प्लेन में नहीं बैठी और न ही उसके प्राइवेट आइलैंड पर गई।" उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी मुलाकात डोनाल्ड ट्रम्प से एपस्टीन के जरिए नहीं हुई थी। उनके मुताबिक, अगर कभी मुलाकात हुई भी तो बस कुछ सामाजिक कार्यक्रमों में ही हुई थी।

असल में, जैफ्री एपस्टीन एक बड़ा कारोबारी था, जिस पर नाबालिग लड़कियों के शोषण जैसे गंभीर आरोप लगे थे। 2019 में जेल में उसकी मौत हो गई थी, लेकिन आज भी उसका मामला काफी विवादों में रहता है और कई बड़े नाम इससे जुड़ते रहे हैं।

मेलानिया का यह बयान इसलिए चर्चा में है क्योंकि हाल में ऐसा कोई मुद्दा सामने नहीं आया था, फिर भी उन्होंने खुद सामने आकर सफाई दी। इससे सवाल उठ रहे हैं कि आखिर उन्होंने अभी यह बात क्यों कही। खुद डोनाल्ड ट्रम्प ने भी कहा कि उन्हें इस बयान की पहले से कोई जानकारी नहीं थी।

जानकारों का मानना है कि हो सकता है आगे किसी तरह का खुलासा होने वाला हो, उससे पहले ही मेलानिया ने अपनी स्थिति साफ कर दी हो।

वहीं कुछ लोग इसे इस तरह भी देख रहे हैं कि मौजूदा बड़े अंतरराष्ट्रीय मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश हो सकती है।

## सड़क हादसे में डिलीवरी बॉय की मौत

हजारीबाग, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। जिले के लाखे स्थित मजार के पास देर रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरौनी कला निवासी निरंजन कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा गया। जानकारी के अनुसार, निरंजन कुमार एक निजी कंपनी में डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। देर रात काम निपटाकर घर लौटते समय लाखे मजार के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात बस ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि निरंजन की मौके पर ही मृत्यु हो गई। चालक बस सहित मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर जिला बोर्ड चौक को जाम कर दिया।

# 2 कारें भिड़ीं, कॉन्स्टेबल का परिवार खत्म

## पत्नी, दामाद, बहन और भांजे समेत 6 की जान गई, शादी से लौट रहे थे



कांकेर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भीषण सड़क हादसे में कॉन्स्टेबल मुनेंद्र नेताम के परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा नेशनल हाईवे-30 पर कोतवाली थाना क्षेत्र में दो कारों की आमने-सामने टक्कर से हुआ। जानकारी के मुताबिक, उड़कुडा निवासी नेताम परिवार गुरुवार रात करीब 11 बजे चीवरांज में शादी से लौट रहा था। नाथिया नवागांव के पास उनकी कार दूसरी कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों में मुनेंद्र नेताम की पत्नी कुंती नेताम, दामाद शगुनदास नेताम, बहन मकतुला नेताम और 7 साल का भांजा वंश नेताम के साथ दो रिश्तेदार भी शामिल हैं। हादसे में दोनों वाहनों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रायपुर रेफर किया गया है। टक्कर में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। दूसरी कार में सवार दो युवक घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि उनकी कार तेज रफ्तार में थी और ट्रक को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर से टकरा गई।

इधर घटना की जानकारी मिलते ही हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तुरंत मौके पर पहुंचा और घायलों को फौरन अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

एसपी निखिल राखेचा ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। दोनों वाहनों के 3 घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। एसपी ने बताया कि नेशनल हाईवे 30 पर दो कारों की टक्कर में छह लोगों की मौत हुई है और तीन अन्य घायल हैं।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी में रखवाया गया, पीएम के बाद परिजनों को शव सौंपा जाएगा।

## चाची से था अफेयर, तो चाचा ने पीटकर की हत्या

### आपत्तिजनक स्थिति में देखने पर पकड़ा था आरोपियों ने, महिला समेत तीन गिरफ्तार

गोड्डा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। गोड्डा में 8 अप्रैल की रात हुई नीरज यादव हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। नीरज का अपनी चचेरी चाची के साथ अफेयर था और यही उसकी हत्या की वजह बनी। नीरज के दो चचेरे चाचा ने पीट-पीटकर उसकी जान ले ली। पुलिस ने इस मामले में मृतक के आरोपी दो चाचा और चाची को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नीरज हाल ही में बीएड की परीक्षा देकर ग्वालियर से अपने घर रामपुर लौटा था। गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि 8 अप्रैल की रात डायल 112 पर संजीव कुमार यादव ने शिकायत की थी कि एक लड़का उनके घर में घुसकर बदमाशी कर रहा है। सूचना पर पथरगामा थाना की गश्ती टीम शिकायतकर्ता के घर पहुंची।

# इजरायल हमारे, हम इजरायलियों के रडार पर

## पाकिस्तानी एक्सपर्ट का दावा- छिड़ सकती है एक नई लड़ाई



इस्लामाबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका की बातचीत से ठीक पहले पाकिस्तान और इजरायल में तनाव बढ़ गया है। ईरान-अमेरिका के मध्यस्थ के तौर पर पाकिस्तान पर इजरायल के अविश्वास और पाक रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की इजरायल पर टिप्पणी ने तनातनी को बढ़ा दिया है। बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तानी पत्रकार ने संकेत दिया है कि आने वाले समय में उनके देश का इजरायल से सैन्य टकराव हो सकता है।

पाकिस्तान के सीनियर पत्रकार अबसार आलम ने अपने एक वीडियो में कहा है कि इजरायल ने अब तक गाजा और लेबनान में बमबारी की है। उसने ऐसे देशों को निशाना बनाया, जिनके पास सेना के नाम पर कुछ भी नहीं है। ईरान से हुए टकराव ने साफ कर दिया कि इजरायल को ये लड़ाई भारी पड़ रही हैं। अगर पाकिस्तान से इजरायल उलझा तो उसे भारी पड़ जाएगा। अबसार आलम ने कहा कि इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अगर पाकिस्तान से उलझना चाहते हैं तो उनका स्वागत है। सोच लीजिएगा कि पाकिस्तान 80 साल से अपने कई गुना बड़े भारत से लड़ रहा है तो आप फिर क्या चीज हैं।

ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि आप नरसंहार कर रहे हैं तो इसमें एक सच्चाई है क्योंकि आपने गाजा और लेबनान में यह लगातार किया है। अबसार ने आगे कहा कि पाकिस्तान ने अपने लड़ाकू विमान ईरान और सऊदी में भिजवाए हैं।


इस्लामाबाद में शांति वार्ता को खराब करने में लगे इजरायल को मैसेज साफ है कि आप अगर हमसे उलझे तो भारी पड़ जाएगा। पाकिस्तानी पत्रकार ने कहा कि अब इजरायल हमारे रडार पर है और पाकिस्तान इजरायल के रडार पर है। आने वाले वक्त में क्या होता है ये देखना होगा। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गुरुवार को अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इजरायल पर जमकर निशाना साधा है। आसिफ ने लिखा कि इजरायल ने पहले पहले गाजा में लोगों को मारा। फिर ईरान और अब लेबनान में खून खराबा कर रहा है।

जिन लोगों ने यूरोपीय यहूदियों से छुटकारा पाने के लिए फिलिस्तीनी जमीन पर इस कैंसर को भेजा, वे दोजख में जलेंगे। ख्वाजा आसिफ के पोस्ट पर इजरायल से तीखी प्रतिक्रिया आई है।

इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से ख्वाजा आसिफ के बयान पर कहा गया कि इजरायल को मिटा देने की पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की मांग बेहद आपत्तिजनक है।

# इजरायल पर पोस्ट करके घर में ही फंस गए ख्वाजा आसिफ

## असीम मुनीर ने लगाई फटकार, ट्वीट कराया डिलीट



इस्लामाबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। इजरायल पर आक्रामक बयानबाजी को लेकर पाकिस्तानी आर्मी चीफ असीम मुनीर ने कथित तौर पर ख्वाजा आसिफ से नाराजगी जताई है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का इजरायल पर किया गया एक ट्वीट और इस पर बेंजामिन नेतन्याहू के दफ्तर से आई प्रतिक्रिया चर्चा का विषय बनी हुई थी। असीम मुनीर को लगा कि इस तरह के सोशल मीडिया पोस्ट से ईरान-अमेरिका में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान की छवि को नुकसान होगा।

भारतीय खुफिया सूत्रों के हवाले से की गई रिपोर्ट में दावा किया है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने दखल देकर रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की इजरायल पर की गई सोशल मीडिया पोस्ट को हटवाया है। यह ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका और ईरान के नेता वार्ता के लिए इस्लामाबाद में आ रहे हैं। यह घटनाक्रम पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व और सरकार में तनाव बढ़ा सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि असीम मुनीर को लगा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री 'गैर-जिम्मेदाराना' व्यवहार कर रहे थे। ऐसे में उन्होंने आसिफ तक अपनी नाराजगी की बात पहुंचाई। इसके बाद ख्वाजा ने इजरायल पर की गई अपनी पोस्ट डिलीट कर दी। मुनीर ने चेतावनी दी कि इससे पाकिस्तान की मध्यस्थता की भूमिका कमजोर पड़ सकती है।

आसिफ की टिप्पणियों पर असीम मुनीर का गुस्सा जताना और उनकी पोस्ट डिलीट करना दिखाता है कि देश में सेना ही असली शासक है। यह फील्ड मार्शल असीम मुनीर के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की सेना की देश की विदेश नीति पर नियंत्रण को दिखाता है। इससे पता चलता है कि चुनी हुई नागरिक सरकार के पास कितने सीमित अधिकार हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गुरुवार को किए गए अपने एक्स पोस्ट में इजरायल को मानवता के लिए अभिशाप बताया था। आसिफ ने लिखा कि इस्लामाबाद में शांति वार्ता चल रही है लेकिन इजरायली सेना लेबनान में नरसंहार कर रही है। इजरायल बेकसूर नागरिकों को मारा रहा है।

आसिफ ने कहा कि इजरायल ने पहले पहले गाजा में लोगों को मारा। फिर ईरान और अब लेबनान में खून खराबा कर रहा है। मुझे उम्मीद है कि जिन लोगों ने यूरोपीय यहूदियों से छुटकारा पाने के लिए फिलिस्तीनी जमीन पर इस कैंसर (इजरायल) को स्थापित किया, वे नरक में जलेंगे। उनका नाश होगा।

इजरायल को मिटा देने की पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की मांग बेहद आपत्तिजनक है।

# कांग्रेस-भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों को पीटा

## पुलिस गाड़ी से खींचकर मारपीट, भड़के लोगों ने की परिवार की पिटाई, अवैध शराब बिक्री से जुड़ा विवाद

बलौदाबाजार, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में अवैध शराब बिक्री की शिकायत करने वाले ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई। घटना के बाद ग्रामीण भी एकजुट हो गए और आरोपियों की पिटाई कर दी। इसके बाद चार आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया, जबकि मुख्य आरोपी और उसका एक अन्य साथी फरार हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी भागवत थवाईत के पिता संतोष थवाईत, चाचा राजेश थवाईत, भाई संजू थवाईत और एक साथी शंकर दुबे को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है और उसका वांटेड पोस्टर जारी किया गया है।

बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी भागवत थवाईत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल का ग्रामीण अध्यक्ष है। उसके चाचा राजेश थवाईत भाजपा से पूर्व जनपद सदस्य रह चुके हैं, जबकि पिता संतोष थवाईत के खिलाफ 13 साल पहले जिला बदर की कार्रवाई हो चुकी है। इस मामले में आरोपी के परिजनों ने सरपंच पर वसूली का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि सरपंच शराब बेचने के नाम पर हर साल 50 हजार रुपए लेता था। परिजनों ने इस संबंध में पुलिस को आवेदन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

# पाकिस्तान को तय समय से पहले मिलेंगे तुर्की के कान फाइटर जेट

## भारत के खिलाफ बढ़ेगी हवाई शक्ति?

अंकारा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। तुर्की अपने कान फाइटर जेट को तय समय से पहले पाकिस्तान को सौंप देगा। इसकी घोषणा टीयूएसएएस के सीईओ मेहमक देमिरोग्लू ने की है।

देमिरोग्लू ने कान लड़ाकू विमान प्रोग्राम को लेकर नई डिलीवरी डेडलाइन का ऐलान किया। इसमें उन्होंने कान प्रोजेक्ट से जुड़े या इस लड़ाकू विमान को खरीदने की चाहत रखने वाले देशों को दो साल पहले डिलीवरी का भरोसा दिया है। हालांकि, कान अब भी प्रोटोटाइप विमान है और इसकी फ्लाइट टेस्टिंग जारी है। वहीं, तुर्की का दावा है कि यह अमेरिकी F-35 जितना ताकतवर और स्टील्थ क्षमता से लैस है। इससे भारत के खिलाफ पाकिस्तान की हवाई शक्ति में इजाफा होने की आशंका है। देमिरोग्लू ने कहा कि कान लड़ाकू विमान कुछ ही महीनों में आसमान में दिखाई देंगे, जबकि अगले दो वर्षों में चार से छह प्रोटोटाइप का गहन परीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कान लड़ाकू विमान के बड़े पैमाने पर उत्पादन के प्रयास भी जारी हैं। देमिरोग्लू ने दावा किया कि कान लड़ाकू विमान की डिलीवरी 2028 के अंत या 2029 की पहली तिमाही में शुरू कर दी जाएगी है। इससे पहले तुर्की ने 2030 तक कान लड़ाकू विमान के पहले बैच की डिलीवरी की समयसीमा तय की थी।

पाकिस्तान लंबे समय से तुर्की से पांचवीं पीढ़ी के कान लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट में भागीदार है।

# बाढ़, भूकंप और भूस्खलन: अफगानिस्तान में अब तक 148 लोगों की मौत

काबुल, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में पिछले दो हफ्तों में मौसम ने कहर बरपाया है। भारी बारिश, अचानक आई बाढ़, भूस्खलन, भूकंप और बिजली गिरने जैसी घटनाओं ने देश को हिला कर रख दिया है। इन आपदाओं में अब तक 148 लोगों की मौत हो चुकी है और 216 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। हालात इतने खराब हैं कि हजारों परिवार बेघर हो गए हैं और कई इलाकों में जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया है। जानकारी के मुताबिक, अफगानिस्तान के कई हिस्सों में लगातार खराब मौसम के कारण तबाही बढ़ती जा रही है। राहत एजेंसियों के अनुसार, यह आपदा सिर्फ जान-माल का नुकसान ही नहीं, बल्कि देश में मानवीय संकट भी पैदा कर रही है। ग्रामीण और कमजोर इलाकों में हालात ज्यादा गंभीर हैं, जहां लोगों के पास बचाव के साधन भी नहीं हैं।

पूर्वी अफगानिस्तान का नंगरहार प्रांत इस आपदा से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां बीते दो दिनों में ही 24 लोगों की मौत और 33 लोग घायल हुए हैं। कई लोगों की जान मकानों की छत गिरने, बाढ़ के पानी और तूफान से गई। इस इलाके में 1,149 घर पूरी तरह तबाह हो गए हैं और सड़क, खेती और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार, 7,500 से ज्यादा परिवार इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। बाढ़ के पानी ने गांव और शहरों को डुबो दिया है। कई लोग फंसे हुए थे, जिन्हें हवाई रास्ते से सुरक्षित निकाला गया। सड़कों के टूटने से काबुल और अन्य प्रांतों के बीच संपर्क भी बाधित हो गया है, जिससे राहत कार्यों में दिक्कत आ रही है।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिनों में हालात और बिगड़ सकते हैं। इससे लोगों में डर बढ़ गया है कि मौत और तबाही का आंकड़ा और ऊपर जा सकता है। पहले से ही लगातार आपदाओं से जूझ रहा अफगानिस्तान इस बार फिर बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, इस आपदा में 73,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 9,000 से ज्यादा घरों को नुकसान पहुंचा है और 15,500 एकड़ से ज्यादा खेती बर्बाद हो गई है।

# जब भालू ने चबा डाला था राजा मांधाता का पैर, व्रत कथा और महत्व

हिंदू पंचांग के अनुसार, वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को वरुथिनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2026 में यह पावन तिथि 13 अप्रैल को पड़ रही है। 13 अप्रैल 2026 को ही राज पंचक शुरू हो रहा है। एकादशी के साथ पंचक का योग व्रत के प्रभाव को बढ़ा देता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, 'वरुथिनी' का अर्थ है 'कवच' और यह व्रत साधक के लिए एक अभेद्य सुरक्षा चक्र की तरह काम करता है, जो उसे हर प्रकार की नकारात्मकता और पापों से बचाता है। इस दिन भगवान विष्णु के 'वराह' अवतार की विशेष पूजा का विधान है।

**10 हजार वर्षों की तपस्या के समान फल**

शास्त्रों में वरुथिनी एकादशी की महिमा का बखान करते हुए बताया गया है कि जो फल एक तपस्वी को दस हजार वर्षों की कठिन तपस्या से प्राप्त होता है, वही फल एक श्रद्धालु को सच्चे मन से वरुथिनी एकादशी का उपवास रखने से मिल जाता है। यह व्रत न केवल शारीरिक शुद्धि करता है, बल्कि मानसिक शांति और परिवार में सुख-समृद्धि का संचार भी करता है।

**पौराणिक कथाः राजा मांधाता और भालू का हमला**

इस व्रत के महत्व से जुड़ी एक अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक कथा है। प्राचीन काल में नर्मदा नदी के तट पर राजा मांधाता राज करते थे, जो अपनी दानशीलता के लिए प्रसिद्ध थे। एक बार जब राजा वन में घोर तपस्या कर रहे थे, तभी एक जंगली भालू ने उन पर आक्रमण कर दिया और उनके पैर को चबाना शुरू कर दिया।



राजा अपनी तपस्या की मर्यादा नहीं तोड़ना चाहते थे, इसलिए उन्होंने भालू पर प्रहार करने के बजाय मन ही मन भगवान विष्णु का स्मरण किया। भक्त की पुकार सुनते ही प्रभु नारायण वहां प्रकट हुए और अपने सुदर्शन चक्र से उस भालू का वध कर दिया। हालांकि, राजा का पैर गंभीर रूप से घायल हो चुका था। राजा को दुखी देख भगवान ने उन्हें वैशाख कृष्ण एकादशी (वरुथिनी) का व्रत करने का निर्देश दिया और बताया कि मथुरा में भगवान वराह की प्रतिमा की पूजा करने से उनका अंग पुनः स्वस्थ हो जाएगा। राजा ने वैसा ही किया और प्रभु की कृपा से उनका पैर पहले की तरह सुंदर और निरोगी हो गया।

**व्रत के नियमः खान-पान में बरतें ये सावधानी**

वरुथिनी एकादशी के व्रत में सात्विकता का पालन अनिवार्य है। व्रत का पूर्ण लाभ लेने के लिए कुछ नियमों का पालन करें:

**अनाज और नमक का त्यागः** इस दिन किसी भी प्रकार के अन्न, दाल या साधारण नमक का सेवन वर्जित माना गया है।

**शुद्ध सात्विक भोगः** व्रत के दौरान ताजे फल, मेवे, दूध और साबूदाना खिचड़ी का ही सेवन करें।

घर का बना भोजनः बाजार के डिब्बाबंद जूस या चिप्स के बजाय घर पर तैयार फलाहार को प्राथमिकता दें।

# धार्मिक स्थल के पास घर बनाने से पहले वास्तु के इन 3 बातों का रखें खास ख्याल



धार्मिक स्थल जैसे मंदिर, मस्जिद या गुरुद्वारे के पास घर होना आध्यात्मिक रूप से बहुत शांतिदायक लगता है, लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार इसके कुछ कड़े नियम और सिद्धांत हैं। यदि आप किसी मंदिर के समीप निवास करते हैं या वहां घर बनाने की सोच रहे हैं, तो वास्तु की इन 3 विशेष बातों को नजरअंदाज करना आपके परिवार की तरक्की और सुख-शांति में बाधा डाल सकता है। तो आइए जानते हैं वास्तु के अनुसार, मंदिर के निकट घर बनाने के 3 प्रमुख सूत्र क्या है।

**मंदिर की छाया का सिद्धांत**

वास्तु शास्त्र का सबसे महत्वपूर्ण नियम ध्वज छाया और मंदिर छाया से जुड़ा है। माना जाता है कि मंदिर के शिखर या वहां लगे ध्वज की छाया कभी भी आपके घर पर नहीं पड़नी चाहिए। यदि मंदिर की छाया आपके घर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच पड़ती है, तो यह घर के सदस्यों की प्रगति में रुकावट और मानसिक तनाव का कारण बन सकती है। इसलिए, घर और मंदिर के बीच इतनी दूरी अवश्य रखें कि छाया का स्पर्श न हो।

**मुख्य द्वार की दिशा और मुख**

मंदिर के ठीक सामने घर का मुख्य द्वार होना वास्तु की दृष्टि से द्वार वेध माना जाता है। आपके घर का मुख्य दरवाजा मंदिर के प्रवेश द्वार के बिल्कुल सामने नहीं होना चाहिए। मंदिर से निकलने वाली ऊर्जा अत्यंत तीव्र और शक्तिशाली होती है। यदि घर का द्वार सीधे मंदिर के सामने होगा, तो वह ऊर्जा सीधे घर में प्रवेश करेगी, जिसे सामान्य गृहस्थ सहन नहीं कर पाते। इससे परिवार में कलह या स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। हमेशा द्वार को थोड़ा दाएं या बाएं खिसकाकर बनाना शुभ होता है।

**मंदिर की ऊंचाई और घर का स्तर**

वास्तु के अनुसार, आपके घर की ऊंचाई कभी भी पास स्थित मंदिर के शिखर से अधिक नहीं होनी चाहिए। मंदिर को समाज में सर्वोच्च स्थान दिया गया है। यदि आपका घर मंदिर से ऊंचा होता है, तो यह वास्तु दोष उत्पन्न करता है जिससे संचित धन में कमी आने लगती है। यदि मंदिर आपके घर के एकदम सटा हुआ है, तो कोशिश करें कि वह दीवार आपके घर की मुख्य दीवार न हो।

**हमें संसार की अच्छी बातों पर ध्यान देना चाहिए सोच सकारात्मक रखेंगे तो निराशा दूर होगी**

दुनिया में कई तरह की परेशानियां हैं, यह सोचने से हमारा मन बहुत उदास हो जाता है। यह मानना सही नहीं है कि दुनिया पूरी तरह खराब है या इसमें सिर्फ दुख ही दुख हैं। ऐसा सोचने से हमें लगता है कि यहां कोई अपना नहीं है और सब पराए हैं। इस तरह के विचार हमें सच्चा वैराग्य नहीं देते हैं, बल्कि हमारा मन निराश हो जाता है। इसलिए हमें दुनिया के अच्छे पहलुओं को देखना चाहिए और सोच सकारात्मक रखनी चाहिए।

# नए घर में कदम रखते ही करें ये 5 काम घर में कभी नहीं होगी धन की कमी



हर व्यक्ति की चाहत होती है कि उसका नया आशियाना न केवल सुंदर हो, बल्कि वहां कदम रखते ही जीवन में सौभाग्य और समृद्धि का संचार हो। अक्सर हम घर की सजावट पर तो लाखों खर्च कर देते हैं, लेकिन गृह प्रवेश के समय उन सूक्ष्म वास्तु नियमों को भूल जाते हैं जो घर की आर्थिक स्थिति और परिवार की खुशहाली तय करते हैं। वास्तु विज्ञान के अनुसार, नए घर की ऊर्जा को सक्रिय करने के लिए शुरुआती कुछ कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण माने गए हैं। नए घर में प्रवेश करते समय कौन सा पैर पहले रखना चाहिए? या रसोई में सबसे पहले क्या बनाना शुभ होता है? इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं वे 5 अचूक वास्तु उपाय, जिन्हें अपनाकर आप अपने नए घर से नकारात्मकता को कोसों दूर रख सकते हैं और सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके घर में धन-धान्य के भंडार हमेशा भरे रहें। तो आइए जानते हैं नए घर में प्रवेश के वे स्वर्णिम नियम जो आपके जीवन को खुशियों से सराबोर कर देंगे।

**शुभ मुहूर्त और 'दाहिने पैर' का प्रवेश**

हिंदू धर्म और वास्तु में मुहूर्त का बड़ा महत्व है। हमेशा विद्वान ब्राह्मण से पूछकर ही गृह प्रवेश करें। घर में प्रवेश करते समय ध्यान रखें कि पुरुष और महिला दोनों अपना दाहिना पैर पहले अंदर रखें। यह कदम आपके जीवन में नई सफलताओं और शुभता का मार्ग प्रशस्त करता है।

**मंगल कलश की स्थापना**

नए घर में खाली हाथ कभी न जाएं। एक तांबे के कलश में शुद्ध जल भरकर, उसमें कुमकुम से स्वास्तिक बनाएं। कलश के मुख पर अशोक या आम के पांच पत्ते रखें और ऊपर नारियल रखें। इस मंगल कलश को लेकर घर में प्रवेश करने से नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है और लक्ष्मी जी का वास होता है।

**नमक के पानी का पोंछा**

वास्तु के अनुसार, निर्माण के समय घर में कई तरह की नकारात्मक ऊर्जाएं जमा हो जाती हैं। नए घर में प्रवेश के पहले दिन पूरे घर में नमक मिले हुए पानी से पोंछा जरूर लगाएं। नमक नकारात्मकता को सोख लेता है और वातावरण को शुद्ध बनाता है।

**रसोई में पहली बार 'दूध' उबालना**

रसोई घर का सबसे पवित्र हिस्सा माना जाता है। नए घर की रसोई में सबसे पहले गैस चूल्हे पर दूध उबालना चाहिए। दूध का उबलकर बर्तन से बाहर गिरना बेहद शुभ माना जाता है। यह इस बात का प्रतीक है कि आपके घर में सुख और वैभव की कभी कमी नहीं होगी। इसके बाद उसी दूध से बनी खीर का भोग भगवान को लगाएं।

**शंख और घंटे की ध्वनि**

घर के कोने-कोने में सकारात्मकता पहुंचाने के लिए गृह प्रवेश के बाद शंख जरूर बजाएं। शंख और घंटी की आवाज से घर की सोइ हुई ऊर्जा जागृत होती है और वास्तु दोष दूर होते हैं। इसके साथ ही घर के मुख्य द्वार पर हल्दी और कुमकुम से स्वास्तिक बनाना न भूलें।

# क्या है हनुमान जी की गदा का नाम, किसने उन्हें दी थी



**कैसे मिली हनुमान जी को गदा**

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार एक बार बाल हनुमान ने सूरज को फल समझकर निगल लिया था। उस समय हनुमान जी इंद्र के वज्र प्रहार से मूर्छित हो गए थे। जिससे नाराज होकर वायु देव ने अपनी गति रोक कर पूरे त्रिलोक को व्यथित कर दिया। उस समय भगवान ब्रह्मा ने हनुमान जी को पुनः जीवित किया और सभी देवी देवताओं ने उन्हें कुछ ना कुछ वरदान दिया। साथ ही अपने-अपने दिव्य अस्त्रों से अभय होने का भी वरदान हनुमान जी को दिया। बाल हनुमान को उस समय कुबेर देवता ने गदा प्रदान करी।

**हनुमान जी की गदा का नाम क्या है**

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार राम भक्त हनुमान की गदा का नाम कौमोदकी गदा है। ये गदा उन्हें कुबेर देव से प्राप्त हुई थी। ऋषि अगस्त बताते हैं कि हनुमान जी के पंचमुखी अवतार के पास खड़ग, खट्वआंग, पर्वत, अंकुश, त्रिशूल, पाश, मुष्टि, स्तम्भ, गदा और वृक्ष शामिल हैं। परंतु बजरंगबली के पास अपार शक्ति थी जिसकी वजह से उन्होंने कभी भी लोहे की छड़, पर्वत और वृक्ष के अलावा किसी अन्य अस्त्र का प्रयोग नहीं किया।

**किस धातु की बनी थी गदा**

कानपुर के **पंडित राकेश दीक्षित** बताते हैं कि हनुमान जी को कुबेर देव ने सोने की गदा भेंट की थी। जो आकार में बहुत विशाल और बेहद वजन वाली थी। यह भी उल्लेख मिलता है कि हनुमान जी ने अपनी गदा से अनेक राक्षसों का संहार किया था।

**किस हाथ में रखते हैं हनुमान जी गदा**

आपने हनुमान जी की प्रतिमा या तस्वीर में उन्हें बाएं हाथ में गदा धारण किए हुए देखा होगा। बाएं हाथ में गदा रखने के कारण ही उन्हें वामहस्तगदायुक्तम भी कहा जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार कुबेर जी ने हनुमान जी को गदा दी थी तो उस समय यह वरदान दिया था कि आप इस गदा को हाथ में लेकर कभी भी किसी भी युद्ध में परास्त नहीं हो सकते। यहां तक कि भूत प्रेत भी हनुमान जी से भयभीत रहते हैं।

**बेहद शक्तिशाली हैं बजरंगबली**

पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा बताते हैं कि गदा की किसी तरह की शक्ति होने का वाल्मीकि रामायण में कोई वर्णन नहीं मिलता। बजरंगबली के मुष्टि, रात और पुंछ में अपार शक्ति थी। उनकी शक्ति अपरिमित और अविश्वसनीय है इसलिए उनको कभी असाधारण गधा की आवश्यकता नहीं पड़ी।

**ओम हं हनुमते रुद्रात्मकाय हुं फट**

शत्रु और उनसे उत्पन्न संकटों को दूर करने के लिए हनुमान जी के इस मंत्र का जाप किया जा सकता है। मान्यता है कि इससे जल्द ही शस्त्रु बाधा से मुक्ति मिल सकती है।।

**ओम हं हनुमते नमः**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हनुमान जी के इस मंत्र का जाप करने से व्यक्ति को कोर्ट से जुड़े मामलों में सफलता मिल सकती है। माना जाता है कि इस मंत्र के प्रभाव से फैसला आपके पक्ष में आ सकता है या फिर आपको कोर्ट की तरफ से कोई राहत मिल सकती है।

**ओम नमो भगवते हनुमते नमः**

अगर आपके घर-परिवार में हमेशा क्लेश का महौल बना रहता है। घर में परिवार के सदस्यों को बात-बात लड़ाई झगड़े होते रहते हैं तो ऐसे में आपको हनुमान जी के इस मंत्र का जाप कर सकते हैं। मान्यता है कि इस मंत्र के प्रभाव से लोगों के जीवन में सुख और शांति आ सकती है।

**मनोजवं मारुततुल्यवेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीरामदूतं शरणं प्रपद्ये**

इस मंत्र का जाप करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। अपने भक्तों को सुख एवं समृद्धि प्रदान करते हैं। साथ ही अपने भक्तों की मनोकामनाओं की पूर्ति करते हैं और दुखों को दूर करते हैं।

# भीड़ में भी मन को शांत रखने वाला सच्चा तपस्वी

अक्सर हम सोचते हैं कि तपस्या या साधना केवल हिमालय की गुफाओं में, संसार से दूर रहकर ही की जा सकती है। लेकिन सच्ची तपस्या किसी स्थान पर निर्भर नहीं करती, वह तो मन की अवस्था है। जिस क्षण मन संयमित हो जाता है, वहीं से साधना आरंभ होती है।

जीवन में हर व्यक्ति के सामने दो मार्ग आते हैं - श्रेय और प्रेय। प्रेय वह है, जो अभी सुख देता है, लेकिन आगे चलकर दुख या बंधन का कारण बनता है। जैसे - इंद्रियों की इच्छाएं, आलस्य या झूठे सुख अपनी तरफ खींचते हैं और हम कमजोर पड़ने लगते हैं। श्रेय वह मार्ग है जो शुरू में कठिन लगता है, पर आत्मा को ऊंचा उठाता है। संयम, सत्य, कर्तव्य और आत्मनियंत्रण श्रेय के मार्ग हैं। श्रेय वह है जो दीर्घकाल में सही हो, जैसे ईमानदारी से पढ़ाई या मेहनत से करियर बनाना, जबकि प्रेय वह है जो तुरंत सुख दे, जैसे मनोरंजन या आराम। दोनों का संतुलन आवश्यक है, लेकिन जब विद्यार्थी परीक्षा के समय पढ़ाई छोड़कर लगातार मोबाइल चलाने या खेल में समय गंवाने लगता है, तो वह तात्कालिक सुख (प्रेय) के कारण अपने स्थायी हित (श्रेय) को खो देता है। ठीक वैसे ही जैसे सरसों का तेल और दूध। दोनों अपने स्थान पर उपयोगी हैं, पर मिलाने पर दोनों ही बेकार हो जाते हैं। इसलिए जीवन में विवेक यही है कि हम प्रेय को संयम से और श्रेय को प्रधानता से अपनाएं। हिमालय की ठंडी चोटियों पर जाकर साधना करना सरल हो सकता है, लेकिन असली साधना तो संसार के बीच रहकर भी मन को शांत और पवित्र रखना है। जो व्यक्ति भीड़ में रहकर भी भीतर से एकाग्र है, वही है सच्चा तपस्वी।

तपस्या का अर्थ है - अपनी इंद्रियों को नियंत्रण में रखना। आंख वही देखे जो पवित्र है, वाणी वही बोले जो हितकारी है और मन वही सोचे जो शुभ है। इस संतुलन से घर ही आश्रम बन जाता है और मनुष्य स्वयं साधु।

सच्चा साधु वह नहीं जो वस्त्र बदल ले, बल्कि वह है जो विचारों को बदल ले। जो अपने भीतर की अशुद्धियों से लड़े, वही तपस्वी है। इसलिए तपस्या के लिए हिमालय जाने की आवश्यकता नहीं, हिमालय तो मन में बसाना है, जहां विचार निर्मल हों और आत्मा शांत।

वहीं से आरंभ होती है वह यात्रा, जो हमें परमात्मा के साक्षात्कार तक ले जाती है।



स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 11 अप्रैल - 2026

# युद्ध का खतरा टला नहीं है

पश्चिम एशिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां शांति और संघर्ष के बीच की दूरी बेहद कम रह गई है। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के सीजफायर पर सहमति बनने के बाद उम्मीद जगी थी कि क्षेत्र में तनाव कम होगा और संवाद की दिशा मजबूत होगी। लेकिन इजराइल द्वारा लेबनान पर किया गया अब तक का सबसे बड़ा हमला इस उम्मीद पर पानी फेरता दिख रहा है। यह साफ संकेत देता है कि केवल समझौते घोषित कर देने से शांति स्थापित नहीं होती, बल्कि उसके लिए निरंतर संयम और राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। लेबनान पर ताजा हमले ने न केवल क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ाया है, बल्कि मानवीय संकट को भी गंभीर बना दिया है। एक ही दिन में सैकड़ों लोगों की मौत और लाखों लोगों का विस्थापन इसका प्रमाण है कि युद्ध का सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिकों को ही उठाना पड़ता है। हिजबुल्लाह की सक्रियता और इजराइल की सैन्य प्रतिक्रिया ने संघर्ष को और जटिल बना दिया है। इस बीच पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में प्रस्तावित अमेरिका-ईरान वार्ता को उम्मीद की किरण माना जा रहा है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि जब जमीन पर गोलियां चल रही हों, तब मेज पर बातचीत का असर प्रभावशाली नही रह पाता है। इजराइल का यह कहना कि सीजफायर में लेबनान शामिल नहीं है और ईरान का बिना शर्त बातचीत के लिए तैयार न होना, इस प्रक्रिया को और कठिन बना रहा है। खासकर यूरेनियम संवर्धन जैसे संवेदनशील मुद्दों पर दोनों पक्षों की सख्त स्थिति समाधान की राह में रोडा अटका सकती है। ऐसे समय में चिंता की बात यह है कि बयानबाजी ने कूटनीति की जगह लेना शुरू कर दिया है। अमेरिकी नेतृत्व की ओर से यह कहना कि यदि समझौता नहीं हुआ तो बड़े हमले होंगे, शांति प्रक्रिया को मजबूत करने के बजाय और कमजोर किया है। इतिहास गवाह है कि धमकियों के आधार पर की गई वार्ताएं कभी स्थायी समाधान नहीं होती। शांति संवाद तभी सफल होता है, जब उसमें विश्वास और संतुलन दोनों मौजूद हों। इस संघर्ष का एक बड़ा असर खाड़ी देशों और पूरे पश्चिम एशिया की स्थिरता पर भी पड़ रहा है। क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे पर सवाल उठ रहे हैं और अमेरिका की सहयोगी देशों के साथ विश्वसनीयता भी प्रभावित हो रही है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसका असर वैश्विक ऊर्जा बाजार से लेकर अंतरराष्ट्रीय राजनीति तक महसूस किया जाएगा। दूसरी ओर, यह परिस्थिति ईरान के लिए भी एक अवसर बन सकती है। यदि वह बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए स्थायी समाधान की दिशा में सकारात्मक कदम उठाता है, तो इससे उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि बेहतर बनेगी और घरेलू हालात सुधारने में भी मदद मिल सकती है। अमेरिका के लिए भी जरूरी है कि वह दबाव की नीति से आगे बढ़कर संवाद आधारित रणनीति अपनाए। आज जरूरत इस बात की है कि सभी पक्ष संयम और जिम्मेदारी का परिचय दें। पश्चिम एशिया का भविष्य केवल सैन्य ताकत से तय नहीं हो सकता। स्थायी शांति का रास्ता बातचीत, भरोसे और संतुलित कूटनीति से ही निकलता है। यदि समय रहते समझदारी नहीं दिखाई गई, तो यह संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक संकट का रूप भी ले सकता है।

# विदेशी संस्थागत निवेशक खलनायक साबित हो रहे हैं



स्नेहा सिंह

युद्धविराम का असर शेयर बाजार पर सकारात्मक देखा गया था। बुधवार को उछला सेंसेक्स गुरुवार को धड़ाम से गिर गया। कल डाउ जोंस को देखकर ऐसा लग रहा था कि गुरुवार को सेंसेक्स में फिर तेजी आएगी, लेकिन बाजार के अधिकांश विशेषज्ञ गलत साबित हुए। वैश्विक राहत 24 घंटे में ही खत्म हो गई, क्योंकि इज़राइल ने लेबनान पर हमले जारी रखे।

भारतीय शेयर बाजार वैश्विक संकेतों की कमजोरी के कारण गिर रहा है, ऐसा बाजार विशेषज्ञों का मानना है। उनके अनुसार, बुधवार को इजराइल द्वारा लेबनान पर किए गए ताजा हमलों से वैश्विक बाजार में चिंता बढ़ गई है। अमेरिका-ईरान युद्ध में युद्धविराम की उम्मीद और स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के दोबारा खुलने की संभावनाओं को झटका लगा है। इसके अलावा, विशेषज्ञों का कहना है कि दो सप्ताह का युद्धविराम वैश्विक अर्थव्यवस्था को हुए नुकसान को कम करने के लिए पर्याप्त नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई का खतरा बना हुआ है, क्योंकि मध्यपूर्व में तेल की संरचनात्मक सुविधाओं को हुए नुकसान के कारण तेल और गैस की सप्लाई चिंता का विषय बनी रहेगी।

ईरान-इजरायल-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध में हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान के नियंत्रण के कारण भारत की अर्थव्यवस्था डगमगाने लगी थी। रसोई गैस की लंबी कतारों ने लोगों को परेशान कर दिया था।

एक तरफ अमेरिका के हमले की चेतावनी जारी है, तो दूसरी तरफ हॉर्मुज जलडमरूमध्य में भारत की सप्लाई अटकी हुई है। युद्धविराम घोषित हो चुका है, लेकिन उसकी प्रभावशीलता अभी तक दिखाई नहीं दे रही है, क्योंकि इससे जुड़े देश शर्तों से संतुष्ट नहीं हैं।

गुरुवार को भारतीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखी गई, जिसके कारण निवेशकों को एक ही दिन में लगभग 0.90 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। बाजार विशेषज्ञों ने इस गिरावट के पीछे निम्नलिखित पाँच प्रमुख कारण बताए हैं- 1- कमजोर वैश्विक संकेत

इज़राइल द्वारा लेबनान पर किए गए हालिया हमलों ने मध्यपूर्व में युद्धविराम की उम्मीदों को कमजोर कर दिया है। इसके कारण एशियाई बाजारों में गिरावट आई। जापान का निक्की 0.65 प्रतिशत चीन का शंघाई इंडेक्स 1 प्रतिशत और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.50 प्रतिशत गिरा।

इस नकारात्मक वैश्विक माहौल का सीधा असर भारतीय बाजार पर पड़ा।

2- महंगाई का डर

विशेषज्ञों का मानना है कि दो सप्ताह का युद्धविराम भी महंगाई के खतरे को टाल नहीं सकता। जब तक अमेरिका-ईरान के बीच ठोस समझौता नहीं होता, अनिश्चितता बनी रहेगी। कच्चे तेल की सप्लाई में बाधा और बढ़ती कीमतों के कारण निवेशकों में महंगाई का डर है। इसलिए निफ्टी के 23,800 से 24,000 के दायरे में मुनाफावसूली हो रही है।

भारत गैस सप्लाई के लिए कतर जैसे मध्यपूर्वी देशों पर निर्भर है। युद्ध के दौरान तेल और गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान के कारण गैस की कमी हो सकती है। इससे औद्योगिक उत्पादन प्रभावित होगा और आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी पड़ सकती है।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण बना रहने की आशंका है। यह समुद्री मार्ग वैश्विक व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यदि ईरान इस पर नियंत्रण बनाए रखता है, तो यह भविष्य में नए भूराजनीतिक तनाव पैदा कर सकता है और सप्लाई चेन के लिए जोखिम बन सकता है।

5- लगातार बिकवाली

विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय नकद बाजार में लगातार बिकवाली कर रहे हैं। हालांकि घरेलू संस्थागत निवेशक खरीदारी करके बाजार को संभालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन एफआईआई एस की सतर्कता और लगातार बिकवाली से बाजार पर दबाव बना हुआ है।

# केंद्र की राजनीति में नीतीश, बिहार में भाजपा युग



अजय कुमार

करीब दो दशकों तक बिहार की सत्ता के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का राज्यसभा की राह पकड़ना केवल एक राजनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि उस लंबे दौर का मोड़ है जिसने 2005 के बाद बिहार की राजनीति की दिशा तय की। जिस नेता ने करीब 21 वर्षों तक राज्य की सत्ता को प्रभावित किया, वही अब दिल्ली की राजनीति में नई भूमिका निभाने की तैयारी में हैं। यह बदलाव इसलिए भी अहम है क्योंकि बिहार की राजनीति लंबे समय से एक ही नेतृत्व के इर्द-गिर्द घूमती रही है और अब पहली बार इतने लंबे कार्यकाल के बाद सत्ता में बड़ा संक्रमण दिखाई दे रहा है। आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री कार्यकाल बिहार के इतिहास में सबसे लंबे और प्रभावशाली कार्यकालों में गिना जाता है। नवंबर 2005 में स्थायी सरकार बनने के बाद से अप्रैल 2026 तक, अलग-अलग चरणों को जोड़कर उन्होंने लगभग 18 से 19 वर्षों तक मुख्यमंत्री पद संभाला। इस दौरान वे कुल 10 बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड माना जाता है। 2000 में पहली बार वे सात दिन के लिए मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन बहुमत साबित न कर पाने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। इसके बाद 24 नवंबर 2005 को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने के साथ ही बिहार में स्थिर सरकार का दौर शुरू हुआ। राजनीतिक सफर के शुरुआती चरण पर नजर डालें तो 1985 में पहली बार विधायक बनने के साथ उनकी सक्रिय राजनीति शुरू हुई। उसके चार साल बाद, यानी 1989 में वे पहली बार लोकसभा पहुंचे। 1989 से 2004 तक लगातार चार बार लोकसभा सदस्य चुने जाने का रिकॉर्ड उनके नाम रहा। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारियां निभाईं। 1990 के दशक में कृषि राज्य मंत्री के रूप में काम करने के बाद 1998 से 2004 के बीच रेल मंत्री और भूतल परिवहन मंत्री जैसे अहम मंत्रालय संभाले।

रेल मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में कई नई रेल परियोजनाएं शुरू हुईं और यात्री सुविधाओं में सुधार के प्रयास किए गए, जिससे उन्हें प्रशासनिक अनुभव मिला। 2005 में जब उन्होंने बिहार की सत्ता संभाली, तब राज्य की स्थिति कई मायनों में चुनौतीपूर्ण थी। उस समय राज्य की सड़क व्यवस्था कमजोर मानी जाती थी और ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गों की कमी थी। 2005 के बाद के वर्षों में हजारों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया गया। आंकड़ों के अनुसार, 2005 से 2020 के बीच राज्य में लाखों किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण और मरम्मत कार्य हुआ, जिससे गांवों को जिला मुख्यालय से जोड़ने की प्रक्रिया तेज हुई। शिक्षा क्षेत्र में भी उनके कार्यकाल को बदलाव के दौर के रूप में देखा गया। 2006 में शुरू की गई साइकिल योजना का प्रभाव सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई गई, जिससे खासकर लड़कियों की स्कूल पहुंच बढ़ी। 2005 में जहां माध्यमिक स्तर पर लड़कियों का नामांकन प्रतिशत अपेक्षाकृत कम था, वहीं अगले दस वर्षों में इसमें उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह पोशाक योजना और छात्रवृत्ति योजनाओं ने भी स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने में भूमिका निभाई।पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला उनके शासनकाल की सबसे बड़ी प्रशासनिक पहलों में गिना जाता है। बिहार देश के उन शुरुआती राज्यों में शामिल हुआ, जहां पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी इतनी बड़ी संख्या में बढ़ी। इसके बाद हजारों महिलाएं मुखिया, वार्ड सदस्य और जिला परिषद सदस्य के रूप में सामने आईं। इस फैसले ने ग्रामीण राजनीति का स्वरूप बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कई बदलाव दर्ज किए गए। 2005 के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई और जिला अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार की प्रक्रिया शुरू हुई। सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की गई, जिसे स्वास्थ्य सेवाओं तक बढ़ती पहुंच का संकेत माना गया।हालांकि उनकी राजनीति केवल विकास योजनाओं तक सीमित नहीं रही। गठबंधन की राजनीति में बार-बार बदलाव उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पहचान बन गई। वर्ष 2013 में उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से अलग होकर नई राजनीतिक दिशा अपनाई। 2017 में फिर उसी गठबंधन में वापसी की।

2022 में उन्होंने एक बार फिर दिशा बदली और 2024 में पुनः उसी गठबंधन में शामिल हो गए। लगभग 11 वर्षों के भीतर चार बड़े राजनीतिक बदलाव उनके राजनीतिक जीवन की जटिलता को दर्शाते हैं।2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को भी उनके राजनीतिक जीवन का अहम मोड़ माना जा रहा है। राज्य की 243 सीटों वाली विधानसभा में गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला और इसके बाद उन्होंने दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। लेकिन चुनाव के चार-पांच महीने के भीतर ही राज्यसभा की ओर बढ़ने का फैसला यह संकेत देता है कि यह केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि व्यापक राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। राज्यसभा में जाने के साथ ही एक और अहम रिकॉर्ड उनके नाम जुड़ गया है। वे उन चुनिंदा नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था के चारों सदनों विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा की सदस्यता का अनुभव हासिल किया है। भारतीय राजनीति में ऐसे नेताओं की संख्या बहुत कम मानी जाती है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि दिल्ली में उनकी भूमिका क्या होगी। लंबे प्रशासनिक अनुभव के आधार पर यह माना जा रहा है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर नीति निर्माण या गठबंधन प्रबंधन में अहम भूमिका निभा सकते हैं। पिछले 30 से अधिक वर्षों के संसदीय अनुभव और लगभग दो दशकों के मुख्यमंत्री कार्यकाल ने उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया है, जो जटिल राजनीतिक समीकरणों को समझने और संतुलित करने में सक्षम माने जाते हैं।दूसरी ओर, बिहार में सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया ने नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। नए मुख्यमंत्री के नाम को लेकर लगातार चर्चा चल रही है। राज्य में करीब 13 करोड़ की आबादी और 38 जिलों वाले इस बड़े राज्य का नेतृत्व संभालना आसान नहीं माना जाता। नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि पिछले वर्षों में शुरू की गई योजनाओं को जारी रखा जाए और साथ ही नई प्राथमिकताओं को भी लागू किया जाए। बिहार की राजनीति इस समय एक संक्रमण काल से गुजर रही है। पिछले लगभग 20 वर्षों में जो प्रशासनिक ढांचा तैयार हुआ, उसे बनाए रखना और आगे बढ़ाना नई सरकार के लिए सबसे बड़ी परीक्षा होगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या नई सरकार विकास की उसी गति को बनाए रख पाती है, जो पिछले वर्षों में देखने को मिली थी।

# पाकिस्तान तो सिर्फ मोहरा, असली किंगमेकर चीन



सौरभ वार्ष्णेय

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव न केवल पश्चिम एशिया की स्थिरता के लिए खतरा है बल्कि दक्षिण एशिया के देशों, विशेषकर पाकिस्तान, के लिए भी एक कठिन कूटनीतिक की परीक्षा बनकर रह गया है। पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति, उसकी सैन्य-रणनीतिक अहमियत और इस्लामी देशों के साथ उसके रिश्ते इस संकट में उसकी भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण बना देते हैं।

वहीं चीन की चुप्पी कमजोरी नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है। वह सीधे मंच पर आने के बजाय पर्दे के पीछे से प्रभाव डालकर अपने हितों को सुरक्षित रखना चाहता है। अगर ऐसे में युद्ध विराम दो हफ्ते की वजाह पूरी तरह से सफल हो जाता है, इसमें चीन का ही फायदा होगा? क्योंकि फिर से अमेरिका तेल ऊर्जा की महाशक्ति बनते बनते रह जायेगा?

आज अमेरिका -ईरान के बीच भले ही दो हफ्ते का युद्धविराम हो गया है लेकिन पूरी तरह से हो गया है यह कहना बेईमानी होगी? युद्धविराम का अर्थ है कि शांति ? अमेरिका-ईरान-इजरायल युद्ध पश्चिम एशिया के लिए ही नहीं बरन पूरी दुनिया के लिए ऊर्जा संकट को खतरा बढ़ गया, वहीं दक्षिण एशिया के देशों, विशेषकर पाकिस्तान, के लिए भी एक कठिन कूटनीतिकार की भूमिका में ला खड़ा किया। पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति को देखा जाये तो उसकी सैन्य-रणनीतिक अहमियत और इस्लामी देशों के साथ उसके रिश्ते इस संकट में उसकी भूमिका को बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं क्योंकि इसके पीछे असली दिमाख तो चीन का लगा है, यानी जैसे अमेरिका खुद न लड़कर दूसरे के कंधे पर रखकर बंदूक चलाता है, वैसे ही पैतरा चीन ने सीख लिया। चीन ने भी पाकिस्तान को मोहरा बनाकर इस संकट से उबरने के लिए उसे अपना मोहरा बनाया।

यह भी किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका यह सब जानता न हो लेकिन इस समय इजरायल के जाल में फंसकर जैसा कि इजरायल शुरु से चाहता है कि ईरान को नेस्तनाबूद किया जाये। अब ऐसे समय में अमेरिका ने दो २ हफ्ते का युद्ध विराम घोषित कर पाकिस्तान को इसका क्रेडिट दे दिया।

वहीं इजरायल अब भी युद्ध छेड़े हुए हैं जिससे ईरान को होर्मूज को फिर से बंद करना पड़ा है, यानी ऊर्जा संकट फिर से खड़ा हुआ। अब पाकिस्तान की रणनीति कहां गई हालांकि पाकिस्तान में बातचीत के लिए मेज सजाई जा रही है।

लेकिन चीन जैसे चाहता है वैसे शतरंज के प्यादे की तरह पाकिस्तान को चला रहा है।

पाकिस्तान को पूरी तरह मोहरा कहना सही नहीं होगा, लेकिन यह भी सच है कि उसकी विदेश नीति अक्सर आर्थिक और सैन्य निर्भरता से प्रभावित होती है। अमेरिका के साथ उसका इतिहास रहा है वहीं, चीन के साथ उसका गहरा रणनीतिक रिश्ता है । इसलिए पाकिस्तान कई बार संतुलन बनाने वाला खिलाड़ी बन जाता है न कि केवल मोहरा। अगर गौर किया जाये कि चीन का असली हित क्या है? तो इससे चीन पूरे समीकरण में ज्यादा बड़ा और दीर्घकालिक खिलाड़ी है। ईरान उसके लिए ऊर्जा (तेल-गैस) का अहम स्रोत है।उसकी बेल्ट एंड रोड रणनीति का हिस्सा है। चीन नहीं चाहता कि अमेरिका मध्य-पूर्व में पूरी तरह हावी हो। इसलिए चीन सीधे युद्ध में कूदे बिना बैकग्राउंड स्ट्रेटेजी से अपना प्रभाव बनाए रखना चाहता है। तो क्या चीन पर्दे के पीछे है? चीन आमतौर पर खुलकर सैन्य हस्तक्षेप से बचता है आर्थिक, कूटनीतिक और अप्रत्यक्ष समर्थन देता है।

इसलिए यह कहना कि असली किरदार चीन है, कुछ हद तक सही हो सकता है, लेकिन वह पर्दे के पीछे रहकर खेलता है, न कि खुले युद्ध में। अगर अमेरिका और ईरान में बड़ा टकराव होता है तो पाकिस्तान पर दबाव बढ़ेगा कि वह किसी एक पक्ष के करीब जाए। चीन इस स्थिति का इस्तेमाल अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए कर सकता है। पूरे एशिया में शक्ति संतुलन बदल सकता है। कहने का आशय है कि पाकिस्तान को केवल मोहरा कहना सरलीकरण होगा। वह एक मिड-लेवल स्ट्रेटेजिक प्लेयर है, जो अपनी मजबूरियों और हितों के बीच संतुलन बनाता है। वहीं चीन एक बड़ा खिलाड़ी है, जो सीधे नहीं बल्कि रणनीतिक तरीके से पूरे खेल को प्रभावित करता है।

चीन सीधे मध्यस्थता क्यों नहीं करता?

अब प्रश्न उठता है कि चीन सीधे मध्यस्थता क्यों नहीं करता? इसका कारण भी जान लें कि वैश्विक राजनीति में चीन की भूमिका लगातार बढ़ रही है लेकिन जब बात सीधे मध्यस्थता की आती है—खासतौर पर अमेरिका- ईरान जैसे संवेदनशील विवादों में—तो चीन अक्सर परोक्ष रास्ता अपनाता है। यह सवाल महत्वपूर्ण है कि आखिर चीन खुलकर मध्यस्थता क्यों नहीं करता? सबसे पहले 'लो-प्रोफाइल कूटनीति की रणनीति। चीन पारंपरिक रूप से शांत शक्ति में विश्वास करता है। वह बिना शोर-शराबे के पर्दे के पीछे से बातचीत को प्रभावित करना चाहता है, ताकि असफलता की स्थिति में उसकी साख पर आंच न आए। दूसरा आर्थिक हितों की प्राथमिकता, यानी चीन का मुख्य फोकस व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा है। मध्य पूर्व से उसे बड़े पैमाने पर तेल मिलता है।

खुलकर किसी एक पक्ष की मध्यस्थता करने से उसके व्यापारिक संबंध प्रभावित हो सकते हैं, खासकर सऊदी अरब और ईरान दोनों के साथ। तीसरा 'नॉन-इंटरफेरेंस नीति अपनाना। चीन की विदेश नीति का एक प्रमुख सिद्धांत है—दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना। सीधे मध्यस्थता करना कई बार इस सिद्धांत के खिलाफ माना जाता है, इसलिए वह सावधानी बरतता है।

चौथी अमेरिका से टकराव से बचाव।

अमेरिका अब भी वैश्विक राजनीति में प्रमुख शक्ति है। चीन खुलकर मध्यस्थता करेगा तो इसे रणनीतिक चुनौती के रूप में देखा जा सकता है जिससे दोनों महाशक्तियों के बीच तनाव और बढ़ सकता है। पांचवां, 'सही समय का इंतजार। चीन अक्सर तब सामने आता है जब उसे सफलता की संभावना ज्यादा दिखती है—जैसे ईरान-सऊदी समझौता 2023। इससे वह ₹सफल मध्यस्थ की छवि बनाता है। चीन की चुप्पी कमजोरी नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति है। वह सीधे मंच पर आने के बजाय पर्दे के पीछे से प्रभाव डालकर अपने हितों को सुरक्षित रखना चाहता है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि चीन मध्यस्थ कम और संतुलन साधने वाला खिलाड़ी ज्यादा है।

# ट्रम्प की फितरत सिरे चढ़ेगा विश्वास नहीं हो रहा है



डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

मई 2025 में एक समाचार पत्र (फाइनेंसियल टाइम्स) में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बदलते बयानों को लेकर टिप्पणी करते हुए यह कहा कि ट्रम्प आलवेज चिकन आउट तो लग रहा था कि यह ट्रम्प के प्रति अतिवादी प्रतिक्रिया है पर पिछले एक साल की डोनाल्ड ट्रम्प की टिप्पणियों, निर्णयों, गैरजिम्मेदारी पूर्ण व्यक्तव्यों और उनसे पलटने में भी देरी नहीं करने ने यह सिद्ध कर दिया है कि उस समय जो टिप्पणी की वह अपने आप में सटीक टिप्पणी ही रही है। आज ट्रम्प द्वारा ईरान से युद्ध का परिणाम यह हो गया है कि प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से दुनिया के लगभग सभी देश इससे प्रभावित हो रहे हैं। आज यह समझ लेना चाहिए कि कोई भी देश चाहे वह बड़ा से बड़ा और अति शक्तिशाली देश ही क्यों न हो किसी छोटे से छोटे देश को दो चार दिन में पराजित करने का सपना पालता है तो यह सपना पूरा होने वाला नहीं है। रुस यूक्रेन युद्ध इसका बड़ा उदाहरण है जो चार साल होने पर भी किसी निर्णायक स्तर पर नहीं पंहुचा है। अमेरिका-इजरायल ने जब ईरान पर आक्रमण किया था तब यह सपने में भी नहीं सोचा था कि युद्ध लंबा और आत्मघाती सिद्ध होगा। ट्रम्प की ईरान की ताजा धमकी 24 घंटे में ईरान को मिटाने और फिर रातों-रात सीजफायर की बात सामने हैं।

एक बात और यह कि ट्रम्प की फितरत को जानने वालों को यह सीजफायर कितना चलेगा या सिरे चढ़ेगा भी या नहीं, विश्वास नहीं हो रहा। हालात साफ हो रहे हैं कि सीजफायर की बात होने के बाद भी अमेरिका का ही साथी इजरायल लेबनान पर आक्रमण को तेज कर दिया है और जनहानि के साथ ही तनाव के हालात अधिक बन रहे हैं। ट्रम्प के आलवेज चिकन आउट का ताजातरीन उदाहरण तो अब नया वक्तव्य कि स्ट्रेट ऑफ हार्मुज से गुजरने वाले वाहनों से टोल की वसूली अमेरिका और ईरान दोनों मिलकर करेंगे। कल तक यही ट्रम्प हार्मुज से यातायात बहाल करने पर जोर दे रहे थे और आज टोल वसूली की बात करने लगे हैं। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल के शुरुआत से ही अपनी विश्वसनीयता पूरी तरह से खो चुके हैं। यहां तक कि आज ट्रम्प को लोग दुनिया के देशों को आर्थिक संकट में ड़ालने वाला मानने के साथ ही विश्वयुद्ध हो या नहीं पर लगभग वैसे ही हालात बनाने वाला माना जाने लगा है। देखा जाए तो ट्रम्प के तुगलकी निर्णय अमेरिका को भी संकट में ही डाल रहे हैं और वहां के हालात किसी भी स्थिति में सामान्य नहीं माने जा सकते। ट्रम्प की लोकप्रियता में लगातार कमी और उनके खिलाफ नो किंग्स जैसे आंदोलन और प्रदर्शन इसके उदाहरण है। अमेरिका सहित 12 देशों में ट्रम्प के खिलाफ लाखों की संख्या में लोगों ने नो किंग्स अभियान के तहत प्रदर्शन किये हैं। ट्रम्प का विरोध उनके अपनों के बीच भी होने लगा है और उनकी वैश्विक और स्थाानीय लोकप्रियता का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। ट्रम्प 2 कार्यकाल के शुरुआत से ही अविवेकपूर्ण और तानाशाही पूर्ण निर्णयों के कारण दुनिया के देशों में विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। ट्रम्प का व्यवहार अनप्रेडिक्टेबल हो गया है। कुछ कहते हैं और उससे पीछे हटने में भी देरी नहीं लगाते। एक जिम्मेदार नेता तो ट्रम्प को माना ही नहीं जा सकता।

ट्रम्प के कोई से भी निर्णय चाहे वह हालिया दिनों में नाटो से हटने की धमकी हो या, ग्रीन लैण्ड के अधिग्रहण, वेनेजुएला प्रकरण हो या कनाडा को अमेरिका का राज्य बताना, चीन-भारत सहित दुनिया के देशों के साथ टैरिफ वार करने, वीजा व्यवस्था, सैनिक कार्रवाई की धमकियां देने और इसके परिणाम सबके सामने है। ईरान को एक ही रात में खत्म करने की धमकी और फिर सीज फायर की बात करना कहीं ना कहीं ट्रम्प को गैरजिम्मेदार और दुनिया को बेवजह संकट में ड़ालने वाला माना जाने लगा है। मजे की बात यह है कि इन पलटूराम के निर्णयों से बिना किसी कारण दुनिया तनाव के दौर में आ गई है।

एक बात साफ हो गई है कि ट्रम्प के इन निर्णयों से अमेरिका की बादशाहत खतरें में आ गई है। जहां कल तक अमेरिका दुनिया के देशों को अपनी हथेली में नचाया करता था, उसकी हैसियत बुरी तरह से प्रभावित हुई है। ट्रम्प में वैश्विक नेतृत्व करने की क्षमता तो लगभग नहीं ही लगती। दूसरी और यह भ्रम भी टूटता जा रहा है कि ड़रा-धमका कर कुछ भी करवाने की क्षमता भी अमेरिका खो चुका है। एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि दुनिया के देश तो तनाव और आर्थिक व अन्य तरह से अस्थिरता के दौर में आये ही हैं पर इसका व्यापक असर अमेरिका के सामने भी आने लगा है।

अमेरिका में जिस तरह से ट्रम्प के खिलाफ विद्रोह की चिनगारी फूटने लगी है इसके परिणाम गंभीर भी हो सकते हैं। अमेरिका के ही रिटायर्ड नेवी एडमिरल एसईएल विलियम मैक्रेवन की माने तो ''ट्रम्प आपने अपने कामों से हमारे बच्चों की नजरों में हमें शर्मिंदा कर दिया है। दुनिया के मंच पर अमेरिका की जलालत हो रही है, एक राष्ट्र के तौर पर भी हमें बांटा जा रहा है।'' यह तो एक प्रतिक्रिया या यों कहें कि अमेरिकावासियों में से एक आवाज है। हालात और प्रतिक्रियाएं इससे भी गंभीर है और इसे नो किंग्स के तहत हो रहे प्रदर्शनों में आसानी से देखा जा सकता है। यह साफ हो जाता है कि ट्रम्प के व्यवहार और निर्णयों ने अमेरिका की प्रतिष्ठा को भी अधिक प्रभावित किया है।

# मोबाइल में बैठा अदृश्य राक्षस



डॉ. सुरेश कुमार

धरमपुरा गांव के स्वघोषित समाजशास्त्री 'फरेब सिंह' ने जब प्रधानी के चुनाव में अपनी दावेदारी पेश की, तो उन्होंने गांव वालों को एक नया और डरावना सपना दिखाया-'डिजिटल नरक'। फरेब सिंह का चुनावी घोषणापत्र किसी धार्मिक ग्रंथ और सॉफ्टवेयर मैनुअल का मिला-जुला खिचड़ी था। उन्होंने तर्क दिया कि गांव की बदहाली का कारण सड़कें नहीं, बल्कि मोबाइल के भीतर बैठा वह 'अदृश्य राक्षस' है जो सबका डेटा और पुण्य एक साथ चबा रहा है। उन्होंने वादा किया कि जीतते ही वे पूरे गांव में 'डेटा-जामर' लगवाएंगे और हर ग्रामीण को एक 'एनालॉग शांति कार्ड' देंगे। उनका दावा था कि जो उन्हें वोट देगा, उसके स्मार्टफोन से निकलने वाली 'नेगेटिव ऊर्जा' को वे एक विशेष सरकारी फिल्टर के जरिए बिजली में बदल देंगे, जिससे गांव के मंदिर की लाइटें मुफ्त में जलेंगी। गांव के लोग, जो रील बनाने और देखने के चक्कर में अपनी फसल और अक्ल दोनों गंवा रहे थे, अचानक 'डिजिटल वैराग्य' के इस क्रांतिकारी विचार पर लट्टू हो गए।

प्रचार के अंतिम सप्ताह में फरेब सिंह ने गांव के तालाब के पास एक 'सोशल मीडिया विसर्जन कुंड' बनवाया। यह वास्तव में एक गहरा गड्ढा था जिसके चारों ओर टूटे हुए कंप्यूटर के कीबोर्ड और माउस लटकाए गए थे। उन्होंने घोषणा की कि जो भी ग्रामीण अपनी 'फेसबुक की बुराइयां' और 'व्हाट्सएप के झूठ' इस कुंड में मानसिक रूप से विसर्जित कर फरेब सिंह को वोट देने का संकल्प लेगा, उसका अगला सात जन्म तक किसी भी 'स्कैम कॉल' या 'लोन मैसेज' से पाला नहीं पड़ेगा। विपक्षी उम्मीदवार 'गपोड़ी लाल' चिल्लाते रहे कि गांव को मुफ्त इंटरनेट चाहिए, लेकिन फरेब सिंह ने उन्हें 'असुर' घोषित कर दिया जो जनता की निजता को खतरे में डालना चाहता है। गांव के बुजुर्गों को लगा कि फरेब सिंह साक्षात कलियुग के यमराज से उनका स्मार्टफोन बचाने आए हैं। लोग अपनी फटी धोतियों के कोने में चिपके पुराने हैंडसेटों की पूजा करने लगे ताकि फरेब सिंह की 'सुरक्षा ढाल' उन्हें मिल सके। मतदान के अगले दिन जब फरेब सिंह की भारी मतों से जीत हुई, तो पूरा गांव अपना 'डेटा-मुक्ति प्रमाण पत्र' लेने उनके दरवाजे पर कतारबद्ध हो गया। फरेब सिंह ने बड़े इत्मीनान से अपनी नई चमचमाती गाड़ी से उतरे और सबके हाथ में एक-एक डाक टिकट जैसा कागज थमा दिया, जिस पर लिखा था-डेटा ही माया है। जनता हक्की-बक्की रह गई, हुजूर, यह क्या है? हमारा नेटवर्क तो अब भी गायब है और मोबाइल में कुछ नहीं चल रहा! फरेब सिंह ने अपनी नई आईफोन की स्क्रीन चमकाते हुए गंभीर स्वर में कहा-मूर्खों! नेटवर्क गायब नहीं हुआ, मैंने गांव के टावर का किराया डकार कर उसे अपने नाम आवंटित करवा लिया है।

अब तुम सब 'डिजिटल उपवास' करो ताकि मेरा निजी बिजनेस बिना किसी रुकावट के तेज चल सके। तुमने डेटा छोड़ा, मैंने उसे पकड़ लिया; यही तो असली समाजवाद है! जनता सन्न खड़ी अपने पत्थर जैसे मोबाइल देख रही थी और फरेब सिंह अपनी गाड़ी के शीशे चढ़ाकर 'हाई-स्पीड' घोटाले की नई फाइल जमा करने शहर की ओर कूच कर गए।



खेल-खिलाड़ी

स्वतंत्र वार्ता, हैदराबाद

शनिवार, 11 अप्रैल, 2026



# हरभजन सिंह ने वैभव सूर्यवंशी को किया सेल्यूट

## बुमराह की पहली बॉल पर मारा था छक्का, कहा- मैंने बॉलर को नहीं गेंद को देखा

मुंबई के खिलाफ मैच में राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी ने दुनिया के शीर्ष गेंदबाजों में शुमार जसप्रीत बुमराह की पहली गेंद पर छक्का जड़ा था। इसपर अब उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया दी है। वैभव ने कहा कि मैं बस यही कोशिश कर रहा था कि बॉलर को न देखकर बॉल को खेलने का ट्राई करूं। इतने बड़े बॉलर सामने थे तो मैं नर्वस जरूर था, लेकिन मैं खेलने का ट्राई कर रहा था।

इसलिए मैंने बुमराह को न देखकर बॉल को देखा।मेरे लिए यह यादगार पल रहेगा कि बुमराह की पहली बॉल पर छक्का मारा था। मुझे यशस्वी जायसवाल ने बोला था कि मारते रहो। वहीं, उनके इस प्रदर्शन पर हरभजन सिंह ने उन्हें सेल्यूट किया। वैभव सूर्यवंशी ने जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर और ट्रेंट बोल्ट की





पहली गेंद पर छक्का जड़ा था। हालांकि उन्हें ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ मारे गए सिक्स ज्यादा पसंद आए।

### हार्दिक ने वैभव को सीने पर हाथ ठोककर शाबाशी दी

वैभव की इस धमाकेदार पारी की खूब तारीफ हुई। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने वैभव सूर्यवंशी से मिलकर उनकी सराहना करते नजर आए। हार्दिक ने वैभव को सीने पर हाथ ठोककर शाबाशी दी।

इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। मैच के बाद उन्होंने कहा, 16 या 17 साल के लड़के को इस तरह निडर होकर खेलते देखना वाकई अद्भुत है। हमारे पास वैभव सूर्यवंशी के लिए कोई खास योजना नहीं थी। वह बिल्कुल 'आउट ऑफ सिलेबस' खिलाड़ी निकले और उन्होंने बेहद शानदार खेल दिखाया।

### तीन दिग्गज गेंदबाजों के पहले बॉल पर मारा था छक्का

वैभव सूर्यवंशी ने जसप्रीत बुमराह के ओवर में 2 सिक्स लगाए थे। पहली ही गेंद पर उन्होंने लॉन्ग-ऑन के ऊपर से शानदार सिक्स लगाया था। इसके बाद शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलते हुए डीप स्क्वेयर लेग के पार सिक्स लगा दिया। इसके अलावा उन्होंने शार्दुल ठाकुर और ट्रेंट बोल्ट के पहले बॉल पर भी छक्का मारा था। वैभव सूर्यवंशी ने 14 बॉल पर 39 रन बनाया था। वैभव की पारी में 5 छक्के और 1 चौके शामिल हैं।

# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम टॉप पर

## 4 गोल्ड, 2 सिल्वर समेत 10 मेडल जीते; जरीन-लवलीना के नाम ब्रॉन्ज

मंगोलिया में हुए एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में भारतीय महिला टीम ने टॉप किया। टीम ने 4 गोल्ड, 2 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज समेत कुल 10 मेडल जीते। टीम की हर खिलाड़ी मेडल जीतकर लौटी। कोच सैंटियागो निवा की अगुआई में मीनाक्षी (48kg), प्रीति (54kg), प्रिया (60kg) और अरुंधति (70kg) ने गोल्ड जीते।

### मीनाक्षी ने पहले गोल्ड दिलाया

मीनाक्षी ने मंगोलिया की नोमुंदारी एन्ख-अमगालन को 5-0 से हराकर पहला गोल्ड दिलाया। इसके बाद प्रीति ने चीनी ताइपे की तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन हुआंग शियाओ-वेन को 5-0 से हराया।

प्रीति ने टोक्यो ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हुआंग के खिलाफ दबदबा बनाए रखा। वहीं, प्रिया घनघास ने नॉर्थ कोरिया की वोन उन-ग्योंग को 3-0 से हराकर गोल्ड जीता।

अरुंधति चौधरी ने कजाकिस्तान की बाकित सेइदीश को 4-1 से हराकर भारत के लिए चौथा गोल्ड जीता। चारों भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल जीतकर टॉप पोडियम हासिल



किया।

### 57 KG के फाइनल में जैसमीन

57kg फाइनल में भारत को झटका लगा। जैसमीन लांबोरिया को थाईलैंड की पुनरावी रूएनरोस ने 5-0 से हराया। अल्फिया पठान (80+kg) ने सिल्वर मेडल जीता, लेकिन फाइनल में कजाकिस्तान की दीना इस्लामबेकोवा से 0-5 से हार गईं। वह जैसमीन के साथ दूसरी भारतीय रहीं जिन्हें सिल्वर मिला।

### जरीन-लवलीना के नाम ब्रॉन्ज

इससे पहले हफ्ते में निकहत जरीन (54kg), अंकुशिता बोरो (65kg), लवलीना बोरगोहेन (75kg) और पूजा रानी (80kg) ने सेमीफाइनल में हार के बाद ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। कुछ वेट कैटेगरी में कम खिलाड़ियों की वजह से लवलीना, पूजा और अल्फिया को केवल भाग लेने पर ही मेडल मिल गया।

पुरुष वर्ग में विश्वनाथ सुरेश (48kg) और सचिन सिवाच (60kg) शुक्रवार को अपने-अपने फाइनल मुकाबले खेलेंगे।

# केकेआर के खिलाफ मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी देखकर गदगद हुए गावस्कर

## पूरन की फॉर्म पर जताई चिंता

भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर लखनऊ सुपर जाएंट्स के बल्लेबाज मुकुल चौधरी की बल्लेबाजी देखकर अभिभूत हो गए हैं। मुकुल ने केकेआर के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 27 गेंदों पर सात छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 54 रन बनाए जिससे लखनऊ ने आखिरी गेंद पर तीन विकेट से जीत दर्ज की और केकेआर के मुंह से जीत छीन ली।

### मुकुल की तारीफ में पढ़े कसीदे

मुकुल चौधरी की पारी ने क्रिकेट के दिग्गजों को उनका दिवाना बना दिया है। गावस्कर ने मुकुल चौधरी की विस्फोटक पारी पर आईपीएल के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स से कहा, इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने निडर होकर जबरदस्त पारी खेली। मुझे आईपीएल के बारे में जो बात पसंद है, वह यह है कि हर दिन हमें कुछ अलग देखने को मिलता है। हमने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के डेविड मिलर को एक शानदार पारी खेलते हुए देखा और अपनी टीम को लगभग जीत दिला ही दी थी, लेकिन वह पारी एक मशहूर विश्व कप स्टार ने खेली थी। यहां मुकुल चौधरी हैं, जिन्होंने आगे बढ़कर अपनी टीम को फिनिश लाइन पार करने में मदद की। यह एक युवा लड़का है जो घरेलू टी20 क्रिकेट में राजस्थान के लिए नंबर पांच पर बल्लेबाजी करता है। वह बस आईपीएल में आता है, एक जबरदस्त पारी खेलता है और हर





कोई उसके बारे में बात करता है।

उन्होंने कहा, मुकुल ने जो आत्मविश्वास दिखाया और जिस तरह से उन्होंने अपने शॉट्स खेले, वह देखना वाकई कमाल का था। पारी के जिस स्टेज पर वह बल्लेबाजी करने आए, उन्होंने संयम दिखाया, अपना समय लिया, ठीक से सेट हुए और गेंदों को मैदान के बाहर मारना शुरू कर दिया। उन्होंने हेलीकॉप्टर शॉट भी खेला, जिसे देखकर एमएस धोनी की बहुत पुरानी यादें ताजा हो गईं। उन्होंने आसान सिंगल्स लेने से मना कर दिया क्योंकि उन्हें बड़े शॉट मारने और गेम खत्म करने की अपनी काबिलियत पर भरोसा था।

### गावस्कर बोले- लखनऊ के लिए जरूरी थी जीत

गावस्कर ने कहा, केकेआर के खिलाफ यह जीत लखनऊ के लिए बहुत जरूरी थी। वे मुश्किल में थे, लेकिन अपने युवाओं की मदद से उन्होंने कमाल की जीत पक्की कर ली। मिचेल मार्श ने ज्यादा रन नहीं बनाए, एडेन मार्करम ने सिर्फ 22 रन बनाए और ऋषभ पंत और निकोलस पूरन भी ठीक से नहीं चल पाए। अपने मुख्य बल्लेबाजों के जूझने के बावजूद लखनऊ ने खुद को बचाया और जीत पक्की की।

गावस्कर ने कहा, पिछले साल, वे पूरी तरह से अपने मुख्य खिलाड़ियों पर निर्भर थे। इस सीजन में वे उन पर निर्भर हुए बिना जीत रहे हैं। लखनऊ के लिए चिंता की बात निकोलस पूरन का खराब फॉर्म है। वह केकेआर के खिलाफ आउट ऑफ टच दिखे और लखनऊ ने उन्हें मध्यक्रम में बल्लेबाजी के लिए भेजा, क्योंकि वे वहां आतिशी बल्लेबाजी चाहते थे। पूरन हर गेंद पर इस उम्मीद में अपना बल्ला घुमा रहे थे कि संपर्क हो जाए लेकिन ये वह पूरन नहीं हैं जिन्हें हम जानते हैं। लखनऊ को पूरन का भरोसा वापस पाने का कोई तरीका ढूंढना होगा।

# रिंकू सिंह बन गए अपनी ही टीम के विलेन

## केकेआर के बुरे हाल में सबसे बड़ा हाथ, आंकड़े दे रहे गवाही

कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए पिछला सीजन जिस खिलाड़ी की गूंज के साथ खत्म हुआ था इस साल वही नाम टीम की सबसे बड़ी चिंता बनता जा रहा है। रिंकू सिंह एक ओवर में उनके ऐतिहासिक पांच छक्कों ने रातों-रात सुपरस्टार बना दिया था, वे इस सीजन में अपनी लय खोते नजर आ रहे हैं। इस बार टीम मैनेजमेंट ने उन पर भरोसा जताते हुए न केवल उन्हें नंबर 5 पर प्रमोट किया बल्कि टीम के उप-कप्तान के रूप में एक बड़ी जिम्मेदारी भी सौंपी। लेकिन मैदान पर रिंकू का फिनिशर वाला अवतार कहीं गुम नजर आ रहा है।

### रिंकू सिंह की फॉर्म पर उठ रहे सवाल

लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ ईडन गार्डन्स में मिली हार ने रिंकू की मौजूदा फॉर्म पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। जब टीम को उनके टिक कर खेलने और रनों की रफ्तार बढ़ाने की सबसे ज्यादा जरूरत थी तब वे महज 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आवेश खान की एक सीधी आती गेंद पर उनका डिफेंस जिस तरह से डिगा उसने उनकी तकनीक और आत्मविश्वास पर चर्चा छेड़ दी है। मिडिल ऑर्डर में उनके जल्दी आउट होने की वजह से केकेआर को रन-रेट के संकट का सामना करना पड़ा और टीम को अंत में इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

### नहीं चल पा रहा रिंकू का बल्ला

आंकड़े बताते हैं कि रिंकू का वह अंदाज अब गायब है जिसके लिए वे जाने जाते थे। पिछली 10 टी20 पारियों में उन्होंने केवल एक बार 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। अक्सर कम मौके मिलने का तर्क दिया जाता है लेकिन जब-जब उन्हें सेट होने का समय मिला है वे क्रीज पर बंधे हुए नजर आए हैं। पैरों का कम मूवमेंट और गेंद को परखने में हो रही देरी यह साफ दिखाती है कि उप-कप्तानी का दबाव या



उम्मीदों का बोझ उनकी स्वाभाविक बल्लेबाजी को प्रभावित कर रहा है।

### केकेआर को हो रहा नुकसान

टीम इंडिया के लिए भी एशिया कप 2025 में विजयी रन बनाने के अलावा रिंकू के खाते में कोई बड़ी उपलब्धि हाल-फिलहाल नहीं जुड़ पाई है। केकेआर के लिए इस सीजन की राह अब मुश्किल होती जा रही है। अगर टीम को प्लेऑफ की रेस में बने रहना है तो रिंकू सिंह को अपनी उस पुरानी पहचान को वापस पाना होगा जहां उनके मैदान पर आते ही रनों की बरसात शुरू

# सिर्फ 248 गेंदों पर ठोक दिए 500 रन, वैभव और यशस्वी ने गंभीर-सहवाग का सालों पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी की जोड़ी आईपीएल 2026 में विस्फोटक बैटिंग कर रही है। किसी भी गेंदबाज के लिए उन्हें रोकना मुश्किल हो रहा है। यहां तक कि जसप्रीत बुमराह की भी कुटाई हो चुकी है। वैभव और यशस्वी की जोड़ी आईपीएल में 500 रनों की साझेदारी पूरी कर चुकी है। इस दौरान दोनों ने वीरेंद्र सहवाग और गौतम गंभीर का सालों पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### सबसे तेज 500 रन बनाने वाली भारतीय जोड़ी

यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में सबसे तेज 500 रन बनाने वाली भारतीय जोड़ी बन गई है। बाएं हाथ के इन दोनों बल्लेबाजों ने सिर्फ 248 गेंदों में अपनी साझेदारी के 500 रन पूरे किए। भारतीय जोड़ी में अभी तक यह रिकॉर्ड सहवाग और गंभीर के नाम था। दोनों ने दिल्ली की फ्रेंचाइजी के लिए खेलते हुए शुरुआती सीजन में ही 309 गेंदों पर साझेदारी के 500 रन पूरे किए थे। ओवरऑल आईपीएल में सबसे कम गेंदों पर 500 रनों की साझेदारी पूरी करने का रिकॉर्ड अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड के नाम है।

### 2026 सीजन के तीनों मैच में अर्धशतकीय साझेदारी

वैभव सूर्यवंशी ने 19 अप्रैल 2025 को राजस्थान के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ आईपीएल डेब्यू किया था। इस मुकाबले में वह बतौर सलामी बल्लेबाज उतरे और यशस्वी जायसवाल के साथ 8.4 ओवरों में 85 रन जोड़े। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने मिलकर ओपनिंग साझेदारी के तौर पर 52, 166, 1, 5, 76, 37, 75, 70 और 80 रन जुटाए हैं।

वैभव सूर्यवंशी ने अभी तक अपने आईपीएल करियर में 10 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 37.4 की औसत और 218.72 की स्ट्राइक रेट से 374 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 1 शतक और 2 अर्धशतक निकले। यशस्वी जायसवाल की बात करें तो 69 मैचों के आईपीएल करियर में उनके नाम 2336 रन हैं। उन्होंने ये रन 36.5 की औसत और 153.59 की स्ट्राइक रेट से बनाए हैं। वह 17 फिफ्टी के साथ आईपीएल में 2 शतक मार चुके हैं।

# प्रभसिमरन सिंह बोले- 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम से युवाओं को फायदा : टीम इंडिया में एंट्री के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी

पंजाब किंग्स के ओपनिंग बैटर प्रभसिमरन सिंह ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम का समर्थन किया है। जहां कई सीनियर प्लेयर्स इस नियम को खराब बता चुके हैं, वहीं 25 साल के प्रभसिमरन इसे युवाओं के लिए एक बड़े मौके के रूप में देखते हैं। उनका मानना है कि इस नियम की वजह से अब टीमें 250 से ज्यादा का स्कोर आसानी से बना रही हैं।

### 4 साल बाहर बैठा, अब मौके ज्यादा

प्रभसिमरन ने कहा, ₹एक युवा खिलाड़ी के तौर पर मैं इसे मौका मानता हूं। मुझे IPL में आए 8 साल हो गए हैं, लेकिन शुरुआती 4 साल मुझे मौके नहीं मिले। मैं बाहर बैठकर सोचता था कि टीम में कैसे जगह बनाऊं। 'इम्पैक्ट प्लेयर' की वजह से अब मौके बढ़ गए हैं। हालांकि कुछ लोग इसे पसंद नहीं करते, क्योंकि इससे जोखिम भरा क्रिकेट बढ़ गया है, लेकिन इससे बैटिंग में गहराई आती है।

### श्रेयस अय्यर को बताया 'बेस्ट कैप्टन'

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की तारीफ करते हुए प्रभसिमरन ने कहा कि अय्यर ने उन्हें 'सीनियर प्लेयर' जैसा सम्मान दिया है। वे खिलाड़ियों



को फ्रीडम देते हैं। अगर आप फ्लॉप भी हों, तो वे पास आकर तनाव दूर करते हैं। कोच और कप्तान की ओर से साफ मैसेज है कि पावरप्ले में अटैकिंग खेलना है। अब 170-180 का जमाना गया, अब नजरें 250+ स्कोर पर रहती हैं।

### अभिषेक शर्मा से 'हेल्दी कॉम्पिटिशन'

टीम इंडिया में जगह बनाने को लेकर उन्होंने कहा, कॉम्पिटशन बहुत ज्यादा है। सिर्फ अच्छा करना काफी नहीं है, आपको कुछ 'एक्स्ट्रा' करना होगा। मेरे पंजाब के साथी अभिषेक शर्मा भारतीय टीम में खेल रहे हैं, यह मेरे लिए मोटिवेशन है। जब भी मेरा चयन नहीं होता, मैं समझ जाता हूं कि मेरी मेहनत अभी कम है और मुझे और बेहतर करना है।

### विकेटकीपर के तौर पर निभा रहे हैं लीडरशिप

प्रभसिमरन ने बताया कि वे खुद को टीम के लीडरशिप ग्रुप का हिस्सा मानते हैं। उन्होंने कहा, विकेट के पीछे से मैच का सबसे अच्छा व्यू मिलता है। जब कप्तान बाउंड्री पर होता है और शोर ज्यादा होता है, तब मैं फील्डिंग एंगल और गेंदबाजों से बातचीत की जिम्मेदारी संभालता हूं। घरेलू क्रिकेट में कप्तानी करने का अनुभव यहां काम आ रहा है।

### 1 शतक लगा चुके हैं प्रभसिमरन

प्रभसिमरन ने 2019 में पंजाब के लिए IPL डेब्यू किया था। 2022 तक वे 6 मैच ही खेल सके। 2023 में पूरा सीजन खेला और एक शतक लगाकर 358 रन बना दिए। अगले सीजन 334 और पिछले सीजन 549 रन बनाए। तीनों सीजन स्ट्राइक रेट 150 से ज्यादा का रहा। इस सीजन 3 मैचों में 80 रन बना चुके हैं।

# चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट- वैशाली ड्रॉ के साथ टॉप पर पहुंचीं

## दिव्या देशमुख और प्रज्ञानानंदा हारे ; टूर्नामेंट के 4 राउंड बाकी

भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने FIDE चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी के 10वें राउंड में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के खिलाफ ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से मिले आधे पॉइंट्स के साथ वैशाली टॉप पर पहुंच गईं। दूसरी ओर, भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ हार झेलनी पड़ी।

ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को उज्बेक के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा इस हार के बाद 7वें नंबर पर खिसक गए। टूर्नामेंट साइप्रस के पाफोस में खेला जा रहा है। अभी चार राउंड बाकी हैं।

### टॉप-6 खिलाड़ियों के बीच 1 अंक का अंतर

10वें राउंड में वैशाली को खास परेशानी नहीं हुई और खेल बिना उतार-चढ़ाव के ड्रॉ रहा। झू जिनेर को बिबिसारा असाउबायेवा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे वैशाली को बढ़त मिली।



टूर्नामेंट बेहद रोमांचक बना हुआ है। टॉप-6 खिलाड़ियों के बीच 1 पॉइंट का अंतर है। झू जिनेर और अन्ना मुजिचुक 5.5 अंकों के साथ वैशाली से आधा अंक पीछे हैं। 11वें राउंड में वैशाली का मुकाबला गोरियाचकिना से होगा, जबकि दिव्या झू जिनेर के खिलाफ खेलेंगी।

### गुकेश ने जीता था पिछला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट

पिछली बार भारत के डी गुकेश ने इसे जीतकर चीन के डिंग लिरेन को चुनौती दी थी। तब गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने थे। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 1995 में पहली बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता था।

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट क्या है और क्यों अहम

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट शतरंज की दुनिया का सबसे अहम इवेंट माना जाता है, क्योंकि यही तय करता है कि वर्ल्ड चैंपियन को अगला चैलेंजर कौन होगा। इसे वर्ल्ड चैंपियनशिप का सेमीफाइनल भी कहा जाता है। विजेता को सीधे वर्ल्ड चैंपियन से खेलने का मौका मिलता है। यह शतरंज का सबसे बड़ा क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है।

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट हर दो साल में होता है और विजेता वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती देता है। ओपन कैटेगरी के विजेता का मुकाबला भारत के डी गुकेश से, जबकि विमेंस कैटेगरी की विजेता चीन की जू वेनजुन से होगा।

### कैसे होता है टूर्नामेंट?

इसमें दुनिया के टॉप 8 खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं।

सभी खिलाड़ी एक-दूसरे से 2 बार (राउंड-रॉबिन फॉर्मेट) खेलते हैं।

कुल 14 राउंड होते हैं।

हर जीत पर 1 अंक, ड्रॉ पर 0.5 अंक मिलता है।

सबसे ज्यादा पॉइंट्स वाला खिलाड़ी विजेता बनता है।

# 'जन नायकन' के लीक होने पर समर्थन में उतरे चिरंजीवी समेत कई दिग्गज, मेकर्स ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

राजनीति में प्रवेश करने से पहले थलापति विजय की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' रोक के चलते अभी तक रिलीज नहीं हो पाई है। लेकिन अब रिलीज से पहले 'जन नायकन' ऑनलाइन लीक हो गई है। इसके बाद मेकर्स ने इस पर नाराजगी जताई है। फिल्म के ऑनलाइन लीक होने के बाद अब पूरी इंडस्ट्री मेकर्स के सपोर्ट में उतर आई है और फिल्म के ऑनलाइन लीक होने पर निराशा जता रही है। इसी क्रम में अब मेगास्टार चिरंजीवी ने भी लीक पर निराशा जताते हुए फिल्म व मेकर्स का सपोर्ट किया है।





### पायरेसी को खत्म करो, सिनेमा बचाओ

चिरंजीवी ने अपने एक्स हैंडल पर 'जन नायकन' के लीक होने पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने लिखा, 'जन नायकन का दुर्भाग्यपूर्ण लीक होना मुझे बहुत चिंतित करता है। सिनेमा विश्वास, मेहनत और कई लोगों के सामूहिक सपनों पर आधारित है। ऐसी घटनाएं हम सभी फिल्म निर्माताओं को प्रभावित करती हैं और हमें याद दिलाती हैं कि हमारे क्रिएटिव काम की रक्षा करना कितना महत्वपूर्ण है। फिल्म की टीम के साथ मेरी संवेदनाएं और समर्थन हैं। आइए हम सभी सिनेमा का सम्मान और संरक्षण करने की जिम्मेदारी लें। पायरेसी को खत्म करो। सिनेमा बचाओ।'

### पायरेसी से बचें और मेहनत का सम्मान करें

चिरंजीवी के अलावा अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने भी अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए फिल्म निर्माण में लगने वाली मेहनत पर जोर दिया। एक्टर ने लिखा, 'हर फिल्म सैकड़ों लोगों के जुनून, खून-पसीने से बनती है। कृपया पायरेसी से बचें। कृपया सिनेमाघरों में रिलीज होने का इंतजार करें और फिल्म सिनेमाघरों में देखें। इसके लिए जो भी जिम्मेदार है, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतिभा का सम्मान करें। मेहनत का सम्मान करें। उद्योग का सम्मान करें।'

अभिनेता सिबी सत्यराज ने भी 'जन नायकन' के वीडियो लीक होने पर हैरानी जताई। उन्होंने लिखा, 'जन नायकन से फुटेज लीक होने की खबर सुनकर मैं स्तब्ध और परेशान हूं। जिसने भी यह किया है, उसे फिल्म बनाने में लगने वाले पैसे, मेहनत का अंदाजा होना चाहिए। मैं सभी से विनम्र निवेदन करता हूं कि वीडियो न देखें और न ही उन्हें फैलाएं।'

### मेकर्स ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

'जन नायकन' के मेकर्स केवीएन प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया और पायरेट वेबसाइटों पर फिल्म के लीक होने के बाद एक बयान जारी किया है। निर्माताओं ने उल्लंघनकर्ताओं से क्लिप हटाने का आग्रह करते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्रोडक्शन हाउस ने पुष्टि की है कि फिल्म के कुछ दृश्य और कुछ मामलों में, फिल्म का अधिकांश भाग अज्ञात लोगों द्वारा अवैध रूप से एक्सेस, कॉपी और प्रसारित किया गया है।

केवीएन प्रोडक्शंस ने इस बात पर जोर दिया कि व्हाट्सएप, टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स, यूट्यूब, वेबसाइटों, टोरेंट या किसी अन्य माध्यम से लीक हुई सामग्री को डाउनलोड करना, देखना, स्टोर करना, फॉरवर्ड करना, शेयर करना, अपलोड करना या प्रसारित करना एक आपराधिक अपराध है और कॉपीराइट कानूनों का उल्लंघन है। हर डिजिटल गतिविधि का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने फोरेंसिक विश्लेषण सहित आवश्यक जांच शुरू कर दी है और इसमें शामिल लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। प्रसार की कड़ी में सभी व्यक्तियों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं।

# 'दादी की शादी' का पोस्टर रिलीज; बेटी रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू सिंह

'दादी की शादी' का पोस्टर रिलीज; पहली बार बेटी रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू कपूर, कपिल शर्मा का भी अहम किरदार

'दादी की शादी' में नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। जाने कब रिलीज होगी 'दादी की शादी।'

### पहला लुक

निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।'

### 'दादी की शादी' की स्टार कास्ट

'दादी की शादी' में कपिल शर्मा, नीतू कपूर,




रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं। 'दादी की शादी' एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग शिमला में हुई है।

### 700 स्कूली बच्चों के साथ होगा एक गाना

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म का सबसे रोमांचक हिस्सा इसका क्लाइमेक्स सीक्वेंस है। फिल्म के निर्देशक मोहन ने बताया कि एंड-क्रेडिट सॉन्ग में शिमला और आसपास के कई स्कूलों के 700 बच्चे, पूरी कास्ट के साथ नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'मैं फाइनल शूट के लिए पूरी कास्ट को आमंत्रित करूंगा, जो गोल्डन टोबैको फैक्ट्री या फिल्म सिटी में हो सकता है।'

# शाहरुख बोले- अच्छे काम करते रहो रणवीर ने गाना गाया




बिजनेसमैन मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का आज जन्मदिन है। इसका सेलिब्रेशन गुजरात के जामनगर में हो रहा है। इसमें शामिल होने कई बॉलीवुड सितारे पहुंचे। सलमान खान ने अनंत अंबानी के साथ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। उन्होंने जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, सबसे निस्वार्थ, सबसे दयालु इंसान और कई लोगों के लिए प्रेरणा, मेरे छोटे भाई अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

अनंत के लिए एक और पोस्ट में सलमान ने लिखा, ये बात सुन लो, अगर याददाश्त कमजोर है तो लिख लो ये आदमी देश को भी आगे ले जाएगा। मेरे छोटे भाई अनंत लंबी उम्र जिएं दिल और दिमाग से असली अंबानी अनंत अंबानी एकदम साफ दिल वाला इंसान।

### शाहरुख खान ने भी दी बधाई

शाहरुख खान ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, अनंत अंबानी को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं आप ऐसे ही अच्छे काम करते रहें और हमेशा सही और सकारात्मक चीजों के साथ खड़े रहें। आपका काम लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाता रहे। भगवान आपको हमेशा अच्छी सेहत और खुशियां दे।

### रणवीर सिंह ने पार्टी में गाना गाया

रणवीर सिंह ने भी अनंत को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर की।

वहीं, अनंत अंबानी के बर्थडे सेलिब्रेशन से रणवीर का एक वीडियो भी सामने आया, जिसमें वे सिंगर मोहित चौहान के साथ गाना गाते नजर आ रहे हैं।

एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने भी अनंत अंबानी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं सबसे बड़ी प्रेरणा और सबसे दयालु इंसान को। आपका धन्यवाद, जो आप सभी को एक बेहतर इंसान बनना सिखाते हैं।

# 'डकैत' के बाद आदिवि शेष ने किया अपनी अगली फिल्म का एलान





आदिवि शेष अभिनीत फिल्म 'डकैत' इस शुक्रवार को रिलीज हुई है। इसके साथ ही शुक्रवार को एक्टर ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा भी कर दी है। खास बात यह है कि इसमें वो रश्मिका मंदाना की पिछली फिल्म 'द गर्लफ्रेंड' के निर्देशक के साथ काम करेंगे।

### राहुल रविंद्रन करेंगे फिल्म का निर्देशन

मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म 'डकैत' में काम करने के बाद अब आदिवि शेष अपनी अगली फिल्म पर जुटेंगे। इस फिल्म का निर्देशन हालिया रिलीज रश्मिका मंदाना की फिल्म 'द गर्लफ्रेंड ' के निर्देशक राहुल रविंद्रन करेंगे।

अदिवि इन दिनों फिल्म 'जी2' की शूटिंग कर रहे हैं। इसे पूरा करने के बाद वो इस अगली फिल्म पर काम शुरू करेंगे। फिलहाल फिल्म के नाम को लेकर किसी तरह की कोई घोषणा नहीं हुई। ना ही मेकर्स ने फिल्म की बाकी कास्ट की जानकारी दी है।

### पहले दिन 'डकैत' ने कितने कमाए?

10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई 'डकैत' का निर्देशन शनेल देव ने किया है। इसमें आदिवि शेष के अलावा मृणाल ठाकुर, अनुराग कश्यप और प्रकाश राज अहम भूमिकाओं मे हैं। फिल्म ने पहले दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 3 करोड़ 9 लाख रुपये का कारोबार किया है।

# अनिल कपूर की सीरीज '24' के नए सीजन की घोषणा

ओटीटी पर हाल ही में अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' रिलीज हुई। अब वह सीरीज '24' का नया सीजन भी लेकर आ रहे हैं। इस सीरीज में वह एक जासूस की भूमिका में होंगे। अनिल कपूर ने इस सीरीज से जुड़ी जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की है।

### इस दिन रिलीज होगी सीरीज?

अनिल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा 'स्पाई थ्रिलर का यूनिवर्स पलटने वाला है। आ रहा है, एक्शन शो '24'। यह सीरीज 24 अप्रैल को जियोहॉट स्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में पहले भी अनिल कपूर नजर आ चुके हैं। अब '24' का नया सीजन दर्शकों को देखने को मिलेगा।

क्या है सीरीज '24' की कहानी?



अनिल कपूर की सीरीज '24' अमेरिकी जासूसी थ्रिलर का इंडियन वर्जन है। इसमें अनिल कपूर एंटी टेररिस्ट यूनिट के ऑफिसर के रोल में नजर आते हैं। इस सीरीज के दो सीजन दर्शक देख चुके हैं। सीरीज में अनिल कपूर ने जमकर एक्शन भी किया था। इस बार भी उनका यही अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा।

### इन फिल्मों में भी दिखेंगे अनिल कपूर

अनिल कपूर '24' सीरीज के अलावा कई फिल्मों का भी हिस्सा हैं। वह शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और आलिया भट्ट की 'अल्फा' में भी नजर आएंगे। एक फिल्म 'ड्रैगन' भी वह कर रहे हैं। फिल्मों के अलावा अपनी फिटनेस को लेकर भी अनिल कपूर ट्रेंड में रहते हैं। अपना फिटनेस सीक्रेट, रूटीन फैंस के साथ अक्सर शेयर करते हैं।

# तमिलनाडु चुनाव के दौरान भी 'धुरंधर 2' देख सकेंगे फैंस, कोर्ट ने सुनाया फैसला

फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई कर रही है। इसके बावजूद तमिलनाडु में फिल्म अब तक कानूनी दिक्कतों का सामना कर रही है। राज्य में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं। इसी बीच चुनावों तक फिल्म का प्रदर्शन न करने की एक याचिका दायर की गई, जिस पर उसी दिन सुनवाई भी हो गई। जानिए क्या है पूरा मामला?

### क्यों दायर हुई याचिका?

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के चलते आचार संहिता (एमसीसी) पूरी तरह लागू है। इसी वजह से मद्रास उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर मांग की गई कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक फिल्म को सिनेमाघरों से हटा दिया जाए। कोर्ट ने मामले पर शुक्रवार को ही सुनवाई करते हुए अपना फैसला भी सुना दिया।



### कोर्ट ने दिया फैसला

मुख्य न्यायाधीश एस.ए. धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन की पीठ ने इस मामले में सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया। पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है जो आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान किसी फिल्म के प्रदर्शन पर रोक लगाता हो।

### याचिका की खामियों पर भी बात की

इसके साथ ही पीठ ने याचिका की खामियों पर भी प्रकाश डाला। पीठ ने कहा कि फिल्म को दिए गए सीबीएफसी (केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड) प्रमाणपत्र को कभी चुनौती नहीं दी गई थी। कोर्ट ने साफ कहा कि सीबीएफसी प्रमाणपत्र को चुनौती दिए बिना, फिल्म को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने से रोकने का कोई कानूनी आधार नहीं है।

### 'धुआंधार' कमाई कर रही 'धुरंधर 2'

रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर नया इतिहास रच दिया है। शुक्रवार को इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं वर्ल्डवाइड यह फिल्म अब तक 1600 करोड़ रुपये से ज्यादा कमाई कर चुकी है।

# बड़े पर्दे पर क्या होगी 'जाट 2' की दस्तक? सनी देओल ने पोस्ट करके बढ़ाई उत्सुकता, लिखा- 'अब कमर कसने का वक्त'

सनी देओल साल 2025 में फिल्म 'जाट' में जबरदस्त एक्शन करते दिखे थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया था। शुक्रवार को एक पोस्ट साझा करते हुए सनी देओल ने फिल्म 'जाट' के एक साल पूरे होने का जश्न मनाया। फैंस से मिले प्यार के लिए शुक्रिया कहा। साथ ही फिल्म 'जाट 2' को लेकर भी बड़ा हिंट दिया।

### दर्शकों और फिल्म 'जाट' की टीम को कहा शुक्रिया

सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए फिल्म 'जाट' के कुछ सीन्स शेयर किए। साथ ही कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'जाट' को एक साल हो गया है। यह क्या जबरदस्त सफर रहा। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान हमने जो पागलपन, एक्शन और बेहिसाब मजा किया, उसे आज भी याद करके दिल खुश हो जाता है। सेट हर दिन जोश, जुनून से भरा होता था। सच में यह मेरे सबसे यादगार सफर था। डायरेक्टर गोपीचंद को उनके विजन के लिए एक बड़ा शाउटआउट। रणदीप हुड्डा और विनीत को शुभकामनाएं। आप लोगों के साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए एक सुखद अनुभव था।'



### 'जाट 2' पर सनी देओल ने क्या लिखा?

आगे पोस्ट में फिल्म 'जाट 2' को लेकर सनी देओल ने लिखा, 'और शायद अब फिर से कमर कसने का समय आ गया है। 'जाट 2' के बारे में कुछ अच्छी खबरें जल्द ही आने वाली हैं।' इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सनी देओल 'जाट 2' में नजर आएंगे।

### 'जाट' ने बॉक्स ऑफिस पर की थी कितनी कमाई?

सनी देओल की फिल्म 'जाट' की कमाई की बात करें तो इसने वर्ल्डवाइड 118.85 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी लगभग 88.72 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया था। इस साल सनी देओल फिल्म 'बॉर्डर 2' में भी नजर आए, इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया कमाई की थी।

# 'फेमिनिज्म ने हमारे समाज को बर्बाद कर दिया' अपने पुराने बयान पर नोरा फतेही ने तोडी चुप्पी

हाल ही में अपने गाने 'सरके चुनर' को लेकर विवादों में घिरी नोरा फतेही ने अब फेमिनिज्म पर दिए गए उनके कमेंट पर उठे विवाद पर अपनी राय रखी है। एक्ट्रेस का मानना है कि फेमिनिज्म पर उनकी पिछली टिप्पणियों को गलत तरीके से पेश किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके पहले के एक इंटरव्यू के कुछ भाग एडिट करके दिखाए गए, जिससे उनकी बात को गलत तरीके से पेश किया गया।

### मैं कट्टरता के खिलाफ हूं

नोरा ने 2024 के उस इंटरव्यू का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले साल मैंने एक पॉडकास्ट किया था, जिसमें हमने फेमिनिज्म पर बात की थी। फिर कुछ छोटे-छोटे पार्ट रील्स और टिकटॉक पर वायरल हो गए और उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया, जिससे लोग संदर्भ को समझ नहीं पाए। मैं जिस बात का समर्थन करती हूं, वह यह है कि मैं किसी भी चीज की अत्यधिकता या कट्टरता के पूरी तरह खिलाफ हूं।

अपने निजी अनुभवों के बारे में बताते हुए नोरा ने कहा कि मैं जानती हूं कि दो माता-पिता की उपस्थिति कितनी महत्वपूर्ण है, चाहे वह एक मां और एक पिता हों, या दो माताएं या दो पिता हों, जो भी हो। लेकिन एक ऐसा एकल परिवार जहां दो माता-पिता की उपस्थिति हो, सुरक्षा हो, घर हो, प्यार, ध्यान और अनुशासन हो। मैं इन सभी का समर्थन करती हूं।

### ऐसा वातावरण बनाएं पुरुष जिम्मेरी निभाएं

एक्ट्रेस ने आगे कहा कि मैं दो माता-पिता वाले घर में रहना पसंद करती, क्योंकि आखिरकार जब आप बड़े होते हैं तो वह अतिरिक्त इमोशनल बोझ और नुकसान बड़े होने पर जीवन में भी सामने आ जाता है। मैं नहीं चाहती कि हम ऐसी दुनिया में रहें जहां लोग न्यूक्लियर परिवारों की परवाह न करें। मैं चाहती हूं कि हम संतुलन की वकालत करें, अपनी कमाई करें, अपने सपनों



को पूरा करें, कड़ी मेहनत करें, एक मजबूत नींव बनाएं। लेकिन साथ ही एक ऐसा वातावरण बनाएं जहां पुरुष जवाबदेह हों, जहां पुरुषों को आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी चाहिए। मुझे लगता है कि अभी हमारे पास ऐसा वातावरण नहीं है।

नोरा ने आगे सवाल किया कि हमने ऐसा वातावरण बना लिया है कि हम इतने स्वतंत्र हैं कि हमें आपकी जरूरत नहीं है। हम स्वतंत्र, मजबूत होते हुए भी आपकी जरूरत क्यों नहीं महसूस कर सकते? आप आगे बढ़कर जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा सकते और हम साझा क्यों नहीं कर सकते, संतुलन क्यों नहीं बना सकते? पुरुषों को सहयोगी बनने की जरूरत है और अभी वे उतने सहयोगी नहीं हैं।

### उग्र फेमिनिज्म के खिलाफ हैं नोरा फतेही


नोरा फतेही ने साल 2024 में रणवीर अल्लाहबादिया के यूट्यूब चैनल पर पॉडकास्ट में फेमिनिज्म को लेकर बात की थी। उन्होंने कहा था, 'यह विचार कि मुझे किसी की जरूरत नहीं है, फेमिनिज्म, मैं इस बकवास में विश्वास नहीं करती। मुझे लगता है कि फेमिनिज्म ने हमारे समाज को बर्बाद कर दिया है।

स्वाभाविक रूप से पूरी तरह से स्वतंत्र होने और शादी न करने, बच्चे न पैदा करने और घर में पुरुष-महिला के उस समीकरण से मुक्त होने का विचार, जहां पुरुष कमाने वाला होता है और महिला पालन-पोषण करने वाली होती है। मैं उन लोगों पर विश्वास नहीं करती जो इसे गलत मानते हैं। मेरा मानना है कि महिलाएं पालन-पोषण करने वाली होती हैं, हां, उन्हें काम पर जाना चाहिए, अपना जीवन जीना चाहिए और स्वतंत्र होना चाहिए, लेकिन एक निश्चित सीमा तक।

महिलाओं को भी मां, पत्नी और पालन-पोषण करने वाली की भूमिका निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए। ठीक वैसे ही जैसे एक पुरुष को परिवार का भरण-पोषण करने वाला, कमाने वाला, पिता और पति होने की भूमिका निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए। हम इसे पुराने जमाने की, पारंपरिक सोच कहते हैं। मैं इसे सामान्य सोच कहती हूं। बस फेमिनिज्म ने इसे थोड़ा बिगाड़ दिया है। भावनात्मक मामलों में हम सब बराबर हैं, लेकिन सामाजिक मामलों में हम बराबर नहीं हैं। जब फेमिनिज्म उग्र हो जाता है, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो जाता है।

# वृंदावन में यमुना में स्टीमर डूबा, 10 पर्यटकों की मौत

## लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी, मदद के लिए सेना पहुंची, सभी पंजाब के रहने वाले



मथुरा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मथुरा के वृंदावन में 30 पर्यटकों से भरा स्टीमर यमुना नदी में पलट गया। हादसे में 10 पर्यटकों की डूबने से मौत हो गई। स्टीमर में सवार सभी पर्यटक पंजाब से घूमने आए थे।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया, हादसा दोपहर करीब 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जो श्रीबांके बिहार मंदिर से ढाई किमी की दूरी पर है। राहत और बचाव कार्य के लिए सेना आ गई है। गाजियाबाद से एनडीआरएफ की टीम भी वृंदावन आ गई है।

डीआईजी शैलेश पांडेय ने बताया, पर्यटक 2 स्टीमर में सवार थे। एक पलट गया, जिस पर 25 से 27 लोग सवार थे। 10 लोगों की मौत हुई है। 12 घायलों को बाहर निकाल लिया गया है। 3 से 5 लोगों के अभी लापता होने की सूचना है। रेस्क्यू टीम लगातार सर्च कर रही हैं।

हादसे के बाद स्टीमर यमुना में डूब गया। जबकि चालक फरार हो गया। शुरुआती जांच से पता चला है कि स्टीमर की क्षमता 15 श्रद्धालुओं की थी, लेकिन उसने 25 लोगों को बिठा लिया था।

पर्यटक मनोहर लाल ने बताया- हम सभी पंजाब में लुधियाना, हिसार, और मुक्तेश्वर से हैं। तेज हवा चल रही थी। यमुना नदी के बीच में स्टीमर अचानक तेज हवा से डगमगाने लगा। स्पीड भी बढ़ गई। तभी स्टीमर पीपा पुल (पांटून पुल) से टकराकर पलट गया।

वृंदावन में कांग्रेस से पार्षद घनश्याम चौधरी ने बताया, प्रशासन की बड़ी लापरवाही है। न स्टीमर चालक और न ही किसी श्रद्धालुओं ने लाइफ जैकेट पहनी थी। स्टीमर चालक सेफ है, मौके से फरार है।

# पिकअप ने नाच रहे बारातियों को रौंदा

## महिला की मौत, दूल्हे समेत 24 बाराती घायल, कइयों के हाथ-पैर फ्रैक्चर, 4 खरगोन रेफर

खरगौन, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। महेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम गुर्जर मोहना में शुक्रवार को बारात के दौरान एक पिकअप वाहन ने नाच रहे बारातियों को रौंद दिया। हादसे में एक महिला की मौत हो गई, वहीं दूल्हे सहित करीब 24 लोग घायल हुए हैं।

दूल्हे की बहन समेत चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल खरगोन रेफर किया गया है। घटना के बाद वैवाहिक खुशियां मातम में बदल गईं और मौके पर चीख-पुकार मच गई। प्रत्यक्षदर्शी राजेश राठौर ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे दूल्हा राकेश डाबर की बारात सजनीपुरा से बड़ीपुरा के लिए निकली थी। इस दौरान बारात के पीछे चल रहे पिकअप वाहन के चालक ने अचानक संतुलन खो दिया और उसका पैर एक्सीलेटर पर दब गया। इसके बाद अनियंत्रित वाहन आगे नाच रहे बारातियों को करीब 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गया।

# व्यापमं के बर्खास्त छात्रों को 16-16 लाख में बनाया डॉक्टर

## बिना परीक्षा एमबीबीएस की डिग्रियां देने का आरोप, सामने आया बाबू का ऑडियो

ग्वालियर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। बिना परीक्षा दिए एमबीबीएस की डिग्री। वो भी व्यापामं फर्जीवाड़े में बर्खास्त किए गए छात्रों को। ये आरोप लगे हैं ग्वालियर के जीवाजी विश्वविद्यालय से संबंधित गजराराजा मेडिकल कॉलेज में। मामले में शाखा प्रभारी प्रशांत चतुर्वेदी का एक ऑडियो भी सामने आया है।

ऑडियो में वे जांच कमेटी द्वारा बर्खास्त एक छात्र को सफाई देते नजर आ रहे हैं। बातचीत में 16-16 लाख रुपए में डिग्री देने के आरोप भी लगाए गए हैं।

छात्र शाखा (यूजी) प्रभारी प्रशांत चतुर्वेदी और उनके सहायक पंकज कुशवाह पर आरोप है कि व्यापमं कांड में बर्खास्त छात्रों को बिना बहाली, बिना अटेंडेंस और बिना परीक्षा दिए एमबीबीएस की डिग्री दे दी गई। पूर्व छात्र संदीप लहारिया ने इसकी लिखित शिकायत राज्यपाल और मेडिकल कॉलेज के डीन से की है। जीवाजी यूनिवर्सिटी के अधिकारियों और गोपनीय शाखा के कर्मचारियों पर मिलीभगत का भी आरोप लगाया है।

**30 से ज्यादा छात्र हुए थे बर्खास्त**

लहारिया ने बताया कि व्यापमं मामले में करीब 150 छात्रों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इनमें से 30 से अधिक एमबीबीएस छात्रों को बर्खास्त किया गया था, जिनमें संदीप लहारिया खुद भी शामिल हैं।

उनका दावा है कि बर्खास्त छात्रों में से किसी को भी अब तक बहाल नहीं किया गया है और न ही किसी नई कमेटी ने राहत दी है। इसके बावजूद कई छात्रों को एमबीबीएस की डिग्री जारी कर दी गई, जो धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।

**यूजी शाखा प्रभारी पर डिग्री जारी कराने का आरोप**

शिकायत में संदीप लहारिया ने आरोप लगाया है कि बर्खास्त छात्रों को गलत तरीके से एमबीबीएस डिग्री जारी की गईं। न तो उन्हें बहाल किया गया और न ही उन्होंने निर्धारित मानक पूरे किए। उनका कहना है कि इस पूरे मामले में छात्र शाखा (यूजी) प्रभारी प्रशांत चतुर्वेदी और उनके सहायक पंकज कुशवाह की भूमिका है। साथ ही मेडिकल कॉलेज प्रशासन और जीवाजी यूनिवर्सिटी के संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी डिग्रियां जारी होने का आरोप लगाया गया है।

शिकायतकर्ता के अनुसार प्रशांत चतुर्वेदी का एक ऑडियो सामने आया है, जिसमें बर्खास्त छात्र के मामले में सफाई दी जा रही है।

बातचीत में पूर्व छात्र द्वारा 16-16 लाख रुपए में डिग्री देने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का दावा है कि उसके पास कई ऑडियो और वीडियो हैं, जिनसे पूरे फर्जीवाड़े का खुलासा किया जा सकता है। पूर्व छात्र संदीप लहारिया ने बाबू प्रशांत चतुर्वेदी के अलावा मेडिकल कॉलेज के डीन समेत कई अधिकारियों व जीवाजी यूनिवर्सिटी के गोपनीय शाखा के अधिकारी व कर्मचारी शामिल हैं।

# मुंबई एयरपोर्ट पर 38 करोड़ का 29.37 किलो सोना जब्त

## 24 केन्याई महिलाएं गिरफ्तार, कपड़ों-बैग में छिपाकर ला रही थीं

मुंबई, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई एयरपोर्ट पर बुधवार को 29.37 किलो सोने के साथ 24 केन्याई महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने इनसे 37.74 करोड़ का सोना जब्त किया है। महिलाएं सोना कपड़ों और बैग में छिपाकर ला रही थीं।

डीआरआई को इनपुट मिला था कि केन्या के नैरोबी से आने वाली कुछ महिला यात्री सोना लेकर मुंबई पहुंचेंगी। इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर 'धहाबू ब्लिट्ज' ऑपरेशन चलाकर संदिग्ध यात्रियों को रोका गया।

जांच में महिलाओं के पास से 29.37 किलो सोना बरामद हुआ। इसमें 25.10 किलो सोने की सिल्लियां और 4.27 किलो जेवर शामिल हैं।




एजेंसी के मुताबिक, महिलाओं को सोना छिपाने और एयरपोर्ट जांच से बचने के तरीके सिखाए गए थे। इससे साफ है कि काम एक संगठित नेटवर्क के जरिए किया जा रहा था, जो कैरियर्स के माध्यम से सोना भारत भेज रहा था। गिरोह खुद सोना नहीं लाता था, बल्कि पैसों के लालच में लोगों को कैरियर बनाकर तस्करी कराता था। यह इस साल मुंबई एयरपोर्ट पर पकड़े गए सबसे बड़े मामलों में से एक है। सभी महिलाओं को कोर्ट में पेश किया जाएगा। एजेंसी अब इस नेटवर्क के सरगनाओं तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। इस ऑपरेशन का नाम 'धहाबू ब्लिट्ज' रखा गया है। 'धहाबू' स्वाहिली भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ सोना होता है।

# पति की हत्या करके पत्नी ट्रेन के आगे कूदी

## 22 दिन के नवजात की भी मौत एक साल पहले हुई थी शादी

अयोध्या, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। अयोध्या में 22 साल की पत्नी ने पति की हथौड़े से सिर कुचलकर हत्या कर दी, फिर खुद ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। शिनाख्त के बाद गुरुवार रात साढ़े 8 बजे पुलिस महिला के सुसाइड की सूचना देने घर पहुंची। देखा कि दरवाजे पर ताला लटका हुआ था।

पुलिस ताला तोड़कर अंदर गई, तो महिला के पति का शव फर्श पर खून से लथपथ पड़ा था। बगल में बेड पर 22 दिन का नवजात भूख-प्यास से तड़प रहा था। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई को बच्चे को सौंप दिया।

परिवार ने दूध पिलाकर बच्चे को सुला दिया। शुक्रवार सुबह उसकी भी मौत हो गई। घटना रौनाही क्षेत्र की है। 25 साल का शिवानंद राव कंस्ट्रक्शन साइटों पर मजदूर सप्लाई का ठेका लेता था। कैटरिंग का काम भी करता था। उसकी एक साल पहले संजू से शादी हुई थी।

# रेप पीड़िता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## पीड़िता के पिता बोले- पिस्टल दिखाकर हत्या की धमकी दी

नालंदा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। नालंदा में 17 साल की रेप पीड़ित छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की शाम छात्रा घर में अकेली थी।

इसी दौरान आरोपी पिस्टल लेकर घर में घुसा और गन पॉइंट पर जबरन रेप की घटना को अंजाम दिया। मृतका नालंदा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। छात्रा पिछले महीने ही इंटरमीडिएट के एग्जाम में सेकेंड डिवीजन से पास हुई थी।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल में शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# बिहार सरकार का खजाना क्या खाली है?

## तेजस्वी यादव के सैलरी न मिलने के दावे की वजह तो कुछ और है

पटना, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजनीति में मुद्दा बनाने की कोई थ्योरी नहीं चलती। आप अपने तरीके से बोल कर समझा कर मीडिया में मुद्दा दर मुद्दा का माहौल बना कर सरकार के विरुद्ध मोर्चा खोल सकते हैं। और इस तरह के मुद्दे से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी 'अपना वेतन नहीं मिलने' को लेकर सरकार का दिवालियापन, सरकार का खजाना खाली होने का मुद्दा बना डाला। पर इसकी सच्चाई सिर्फ वह नहीं, कुछ और भी है। पहले जानते हैं कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने किस मुद्दा को उठाकर सरकार के विरुद्ध नंबर बढ़ाने का गेम खेल गए।



बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार के दिवालियापन पर कटाक्ष करते कहा कि 'सरकार का खजाना खाली हो गया है। यहां तक कि हम लोगों को भी सैलरी नहीं मिली है। राज्य सरकार का खजाना खाली हो गया है। अब बस सरकार बनाने में लगी हुई है। बिहार का पूरा सिस्टम ऑफ हो गया है, चौपट हो चुका है। अस्पताल में मरीजों का इलाज नहीं हो रहा है। दवा नहीं मिल रहा है। स्ट्रेचर पर मरीज लेटे हुए रहते हैं।'

तेजस्वी यादव को वेतन नहीं मिला, यह वे भी जानते हैं। यह प्रक्रिया दर प्रक्रिया में हुई देरी का परिणाम है। प्रक्रिया यह है कि बजट सत्र के दौरान जिस राशि को सदन में स्वीकृति दी जाती है, उसे महामहिम राज्यपाल के पास भेजा जाता है। वहां से सहमति मिलने के बाद अलग-अलग विभाग की राशि और फिर उस विभाग के अलग-अलग मद में राशि आवंटित होती है। फिर यह राशि CFMS (सेंट्रली फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए वित्त विभाग के पास, फिर वहां से सारे विभाग और विभिन्न मद में राशि का आवंटन हो जाता है। जब तक यह प्रोसेस पूरा नहीं होता, ट्रेजरी से पैसा नहीं निकल सकता।

अधिकारिक सूत्रों की माने तो नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को वेतन नहीं मिलने के एक फैक्टर वे स्वयं भी हैं। पहले उनका वेतन भत्ता सब विधायक के पद के अनुसार था।

# कानपुर बना यूपी का 'जामताड़ा' तमिलनाडु से नेपाल तक ठगी

## हर घर में ठग रहते, महिलाएं सपोर्ट करतीं, 3 महीने तक नजर रखने के बाद पुलिस ने पकड़ा

कानपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कानपुर में पुलिस ने 20 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। ये रेउना के रठिगांव, समाजनगर, लक्ष्मनपुर, बड़ेला और आदिगांव के रहने वाले हैं। ये गांव साइबर ठगी का हॉटस्पॉट बन चुके हैं। यहां हर घर में ठगी का काम किया जाता है।

ठगी के चलते इस इलाके को 'यूपी का जामताड़ा' कहा जाने लगा है। पुलिस का कहना है कि जब भी टीम कार्रवाई के लिए पहुंचती है, तो गांव की महिलाएं आरोपियों को बचाने के लिए सामने आ जाती हैं।

यहां पुलिस को कार्रवाई करने के लिए करीब 3 महीने तक फील्ड एक्सरसाइज करनी पड़ी। फिर 6 अप्रैल को पुलिस ने चारों ओर से गांव को घेरकर 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये आरोपी दूसरे के नाम पर सिम कार्ड खरीदते थे और फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक खाते खुलवाते थे। इन्हीं सिम और खातों के जरिए आरोपी देश के अलग-अलग राज्यों के लोगों को अपने जाल में फंसाकर साइबर ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस अब गिरोह के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी है।

# यूपी एसआईआर फाइनल लिस्ट में 2.04 करोड़ नाम कटे

## बृजेश पाठक की सीट पर सबसे ज्यादा 34% नाम कटे, ऐसे चेक करें अपना नाम

लखनऊ, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। यूपी में चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की फाइनल लिस्ट शुक्रवार को जारी कर दी। यूपी में वोटर्स की संख्या 13% घटकर 13.39 करोड़ हो गई है। फाइनल लिस्ट से 2.04 करोड़ नाम कटे हैं। 84 लाख नए नामों को जोड़ा गया है। एसआईआर से पहले अक्टूबर 2025 में यूपी में कुल 15.44 करोड़ वोटर्स थे। पहली ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद यह आंकड़ा 12.55 करोड़ हो गया था। इसमें 2.89 करोड़ लोगों के नाम कटे थे। पहले ड्राफ्ट लिस्ट से जो नाम कटे थे, उसमें 84 लाख नामों को लिस्ट में जोड़ा गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- लखनऊ में सबसे ज्यादा 9.14 लाख मतदाता कम हुए हैं। प्रयागराज में 8.26 लाख, कानपुर नगर में 6.87 लाख, आगरा में 6.37 लाख और गाजियाबाद में 5.74 लाख मतदाता कम हुए हैं।

प्रतिशत के लिहाज से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की कैंट विधानसभा सीट पर सबसे ज्यादा 34.18% वोटर कम हुए हैं। संख्या के हिसाब से देखें तो आईटी मंत्री सुनील शर्मा की साहिबाबाद विधानसभा सीट पर सबसे ज्यादा 316484 मतदाता कम हुए हैं।

# जहानाबाद हॉस्टल कांड: बच्चे चिढ़ाते थे

## सबक सिखाने के लिए कैंटीन गार्ड ने ही ले ली यूकेजी छात्र की जान

जहानाबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के जहानाबाद जिले में 6 अप्रैल को गुरुकुल हॉस्टल में हुई 5 वर्षीय मासूम छात्र की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। हत्या की वजह बच्चों का चिढ़ाना और हॉस्टल मालिक से बदला लेना था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि हॉस्टल के ही कैंटीन गार्ड मुकेश कुमार उर्फ सुदामा ने यूकेजी छात्र के साथ पहले अप्राकृतिक यौनाचार किया और फिर उसकी निर्मम हत्या कर दी। किचन सिंक के पास से खून के धब्बे और धारदार हथियार को बरामद कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**कैंटीन गार्ड मुकेश कुमार ने अपना जुर्म कबूल किया: एसपी**

जहानाबाद एसपी अपराजित लोहान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि मामले की



संवेदनशीलता को देखते हुए सदर एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान हॉस्टल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिसमें कैंटीन गार्ड की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं।

अपराजित लोहान ने बताया कि पुलिस ने कैंटीन गार्ड मुकेश कुमार उर्फ सुदामा को पूछताछ के लिए हिसात में ले लिया। पुलिस पूछताछ में शुरुआत में आरोपी मुकेश कुमार अपनी बातों से गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। फिर बाद में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर दिया। एसपी ने बताया कि आरोपी मुकेश पाली थाना क्षेत्र का निवासी है।

**बदला लेने की सनक में 'हैवान' बना कैंटीन गार्ड मुकेश**

पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, आरोपी मुकेश ने पुलिस को बताया कि बच्चे उसे नपुंसक कहकर चिढ़ाते थे। उसकी पत्नी भी उसे छोड़कर चली गई थी। इस वजह से वह काफी काफी तनाव में रहता था। आरोपी ने इसके साथ ही ये भी बताया कि हॉस्टल संचालक से भी उसके संबंध ठीक नहीं थे। उसने कई बार हॉस्टल संचालक को धमकी भी दी थी कि वो कुछ ऐसा कर देगा, जिससे उनका हॉस्टल बंद हो जाए। बता दें, हॉस्टल संचालक को पुलिस ने पहले ही हिरासत में ले लिया था।

अपराजित लोहान ने जानकारी देते हुए बताया कि हत्याकांड वाले दिन मुकेश बाहर गया। कहीं से शराब लाकर पी। वो शराब के नशे में था। हॉस्टल के कमरे में वो सो रहा था। रात के समय टीवी बंद हो जाने के बाद जब बच्चे अपने कमरे में जा रहे थे, तभी उसने एक छात्र को पकड़ लिया और वारदात को अंजाम दिया।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि**

एसपी ने बताया कि बच्चे की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या से पहले रेप की पुष्टि हुई है। तीन डॉक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। अपराजित लोहान ने स्पष्ट किया है कि आरोपी मुकेश कुमार के खिलाफ स्पीडी ट्रायल चलाया जाएगा ताकि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय मिल सके और दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जा सके।

# 11 साल बाद जेल से बाहर आया रामपाल

## मुस्कुराते हुए निकला, गेट पर पुलिसकर्मी ने हाथ जोड़े, सोनीपत के सतलोक आश्रम पहुंचे

सोनीपत, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा में हिसार के सतलोक आश्रम प्रकरण में उम्रकैद की सजा काट रहा रामपाल शुक्रवार को 11 साल और 4 महीने 24 दिन बाद हिसार की सेंट्रल जेल-2 से निकला। परिवार के लोग उसे लेने के लिए जेल पहुंचे थे।

जेल के गेट से रामपाल मुस्कुराता हुआ निकला। इस दौरान गेट पर तैनात एक पुलिस कर्मचारी ने रामपाल के सामने हाथ जोड़े। इसके बाद वह सफेद पर्दे लगी फॉर्च्यूनर में बैठकर निकल गया।

रामपाल हिसार से सीधा सोनीपत जिले के गोहाना में स्थित धनाना के सतलोक आश्रम के लिए रवाना हुआ। उसके काफिले में डिफेंडर, फॉर्च्यूनर जैसी 20 गाड़ियां हैं। हरियाणा पुलिस की एक गाड़ी काफिले को एस्कॉर्ट कर



रही है। धनाना गांव में रामपाल के समर्थक जुटे हुए हैं। रामपाल के भतीजे युद्धवीर ने बताया कि गांव से एक किलोमीटर पहले ही रामपाल का स्वागत किया जाएगा। आज का दिन उनके लिए दिवाली से कम नहीं है।

8 अप्रैल को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने उम्रकैद की सजा काट रहे रामपाल को जमानत मंजूर की थी।

आज सुबह ही कोर्ट के आदेश पर रामपाल के वकीलों ने हत्या के दो मामलों में 5-5 लाख के बेल बॉन्ड जमा करवाए।

# बालोद मजिस्ट्रेट को जान से मारने की धमकी

बालोद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में न्यायिक मजिस्ट्रेट और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी भरा पत्र डाक के जरिए भेजा गया है, जिसमें 3 करोड़ रुपए की फिरौती देने की बात लिखी है। मामला गुंडरदेही थाना क्षेत्र का है।

लेटर भेजने वाले ने पत्र में ये भी लिखा है कि प्रशांत देवांगन रिश्वत लेकर गलत आदेश देते हैं और गरीबों को परेशान करते हैं। मजिस्ट्रेट को अपने पद का घमंड है। अगर मांगी गई राशि नहीं दी गई तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। इसके अलावा लेटर भेजने वाले खुद को नक्सली संगठन से जुड़ने का दावा किया है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, प्रशांत कुमार देवांगन गुंडरदेही न्यायालय में पदस्थ प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट हैं। 27 मार्च (शुक्रवार) की दोपहर करीब 3:25 बजे उनके दफ्तर में पोस्टमैन लिफाफा लेकर पहुंचा था। मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार देवांगन ने लिफाफा रिसीव किया। लिफाफा खोलने पर उसमें जान से मारने की धमकी, फिरौती और नक्सली संगठन होने का दावा जैसी बाते लिखी गई थी। साथ ही तीन करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई। पत्र में मजिस्ट्रेट के दफ्तर के कर्मचारियों पर भी पैसे लेकर फाइल गायब करने और आम लोगों को परेशान करने का आरोप लगाया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मजिस्ट्रेट ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने बुधवार (8 अप्रैल) शाम करीब 5 बजे केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लेटर भेजने वाले ने दावा किया है कि वह बस्तर, कांकेर, ओडिशा और झारखंड में सक्रिय है। पत्र में यह भी लिखा है कि ऐसे लोगों को मारकर देश को बचाना उनका मकसद है।

# इस बार सीबीएसई रिजल्ट 12वीं से पहले आएगा 10वीं का परिणाम



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। सीबीएसई बोर्ड 10वीं-12वीं रिजल्ट 2026 का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए बड़ा अपडेट है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं का रिजल्ट 12वीं से पहले जारी कर देगा। अब शिक्षा मंत्रालय और बोर्ड रिजल्ट तैयार करने में जुटे हैं और तय लक्ष्य के अनुसार परिणाम समय पर जारी करने की कोशिश की जा रही है।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, 10वीं का रिजल्ट अप्रैल के दूसरे सप्ताह के बाद कभी भी घोषित किया जा सकता है, जबकि 12वीं का परिणाम मई के तीसरे सप्ताह तक आने की संभावना है। रिजल्ट जारी होने के बाद छात्र ऑफिशियल वेबसाइट results.cbse.nic.in से देख सकेंगे।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने इस बार से 10वीं परीक्षा साल में 2 बार आयोजित करने जा रहा है। इसलिए इस बार 10वीं का परिणाम अप्रैल में जारी होने वाला है। शिक्षा मंत्रालय और सीबीएसई अब रिजल्ट पर फोकस कर रहे हैं। मंत्रालय और बोर्ड मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि रिजल्ट को लेकर जो टारगेट फिक्स किया गया है, उसके मुताबिक ही रिजल्ट जारी हो। साथ ही परिणाम में किसी भी तरह की गलती न हो। इसको लेकर पूरी तैयारी की गई हैं।

एक सीनियर अधिकारी का कहना है कि 10वीं के रिजल्ट को लेकर तैयारियां चल रही हैं और अप्रैल में दूसरे हफ्ते के बाद कभी भी 10वीं क्लास का रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा। उसके बाद दसवीं में दूसरे बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू हो जाएगी। 10वीं में दूसरे बोर्ड की परीक्षाएं 15 मई के आसपास शुरू हो सकती हैं। जहां तक 12वीं के रिजल्ट की बात है तो छात्रों को मई के तीसरे हफ्ते तक का इंतजार करना पड़ेगा।

सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज से जब परीक्षाओं को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि देश भर में शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षाएं संपन्न हुई है। 10वीं व 12वीं में करीब 46 लाख छात्रों ने परीक्षा दी है और कहीं से भी शिकायतें नहीं मिली है। सीबीएसई ने हर सेंटर पर छात्रों की सुविधा को लेकर जरूरी इंतजाम किए थे और कड़ी निगरानी के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग भी किया था।

2026 में 10वीं में दो बार बोर्ड परीक्षा की योजना लागू हुई तो यह जरूरी हो गया है कि 10वीं का रिजल्ट अप्रैल में ही आए, जिससे मई के दूसरे सप्ताह तक दूसरी परीक्षा शुरू हो सके।

बता दें कि 2025 और 2024 में दसवीं और 12वीं का रिजल्ट एक ही दिन जारी किया गया था। 13 मई को दोनों बोर्ड क्लासेज का रिजल्ट आ गया था।



# ईरान युद्ध के बीच अमेरिका की इकॉनमी पस्त

## भारत को चारों तरफ से मिल रही गुड न्यूज



नई दिल्ली,10 अप्रैल(एजेंसियां)। भारत के लिए इकॉनमी के मोर्चे पर अच्छी खबर है। विश्व बैंक के बाद एशियन डेवलपमेंट बैंक ने भी फाइनेंशियल ईयर 2026 के लिए भारत के ग्रोथ अनुमान को बढ़ा दिया है। एडीबी का कहना है कि वित्त वर्ष 2026 में भारत की आर्थिक विकास दर 6.9% रहने का अनुमान है। देश घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है और अमेरिका ने भी टैरिफ में कमी की है। इससे पहले हाल में वर्ल्ड बैंक ने भी भारत की विकास दर वित्त वर्ष 2026 में 7.6% रहने का अनुमान जताया था। हालांकि 2027 में इसके थोड़े धीमे होकर 6.6% रहने की बात कही गई है।

एडीबी का कहना है कि दुनिया में इकनॉमिक और जियोपॉलिटिकल परिस्थितियां बद से बदतर हो रही हैं लेकिन भारत का ग्रोथ रेट फाइनेशियल ईयर 2026 में 6.9 फीसदी के मजबूत स्तर पर बने रहने का अनुमान है। भारत में घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है, फाइनेंशियल कंडीशंस में सुधार आया है जबकि अमेरिका ने भारतीय सामान पर टैरिफ कम कर दिया है। हाल में आरबीआई ने फाइनेंशियल ईयर 2026 में रियल जीडीपी ग्रोथ 7.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया था।

**एडीबी की चेतावनी**

एशियन डेवलपमेंट आउटलुक में एडीबी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में लड़ाई से दुनिया में भूराजनीतिक जोखिम बढ़ गए हैं, सप्लाई चेन बाधित हुई है और कीमतों में तेजी आई है। अगर यही स्थिति रही तो तेल की कीमत में और तेजी आ सकती है। इससे महंगाई बढ़ेगी और एशियाई देशों के ग्रोथ पर असर होगा।

ईरान में युद्ध के कारण क्रेडिट मार्केट पर भी असर पड़ सकता है क्योंकि ग्लोबल फाइनेंशियल कंडीशंस के टाइट होने से बोरोइंग कॉस्ट बढ़ सकती है। एडीबी ने फाइनेंशियल ईयर 2027 में भारत की जीडीपी ग्रोथ के 7.3 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। उसका कहना है कि घरेलू स्तर पर सुधारों, यूरोपियन यूनियन के साथ ट्रेड एग्रीमेंट और सरकारी कर्मचारियों के वेतन में प्रस्तावित बढ़ोतरी से देश की इकॉनमी को बल मिलेगा। हालांकि आरबीआई ने फाइनेंशियल ईयर 2027 में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। एडीबी ने दिसंबर में जारी अपनी पिछली रिपोर्ट में 2027 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 फीसदी रहने का अनुमान जताया था।

**अमेरिका की इकॉनमी**

इस बीच दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी वाले देश अमेरिका की इकॉनमी में 2025 की चौथी तिमाही में 0.5 फीसदी तेजी आई है। लंबे समय तक चले शटडाउन और कमजोर खपत के कारण देश की इकॉनमी का प्रदर्शन अनुमान से कहीं कम रहा। इससे पहले तीसरी तिमाही में अमेरिका की जीडीपी 4.4 फीसदी और दूसरी तिमाही में 3.8 फीसदी बढ़ी थी। 2025 के पूरे साल की बात करें तो इस दौरान अमेरिका की इकॉनमी में 2.1 फीसदी तेजी आई जो 2024 में 2.8 फीसदी और 2023 में 2.9 फीसदी थी।

# अडानी ग्रुप जेपी को आगे बढ़ाएगा

## जेपी गौड़ ने कहा ग्रुप स्टेकहोल्डर्स की उम्मीदों पर खरा उतरेगी



नई दिल्ली,10 अप्रैल(एजेंसियां)। जेपी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी जयप्रकाश एसोसिएट्स की बिक्री में अभी पेच फंसा हुआ है। दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही इस कंपनी के लिए एनसीएलटी ने अडानी एंटरप्राइजेज के 14,500 करोड़ के रिजॉल्यूशन प्लान मंजूर किया था। अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी लेकिन कोर्ट ने इस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

अब इस मामले में एनसीएलएटी में अंतिम सुनवाई होनी है। इस बीच जेपी ग्रुप के फाउंडर जयप्रकाश गौड़ ने उम्मीद जताई है कि अडानी ग्रुप की लीडरशिप में कंपनी आगे बढ़ेगी और सभी स्टेकहोल्डर्स की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। जयप्रकाश गौड़ ने एक बयान में कहा, 'जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड मेरे लिए सिर्फ एक कंपनी नहीं, बल्कि 1979 से शुरू हुई एक लंबी और भावनात्मक यात्रा रही है। अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हमने बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट, जलविद्युत परियोजनाएं, सीमेंट प्लांट्स और जयपी विश टाउन, जयपी ग्रीन्स तथा जयपी स्पोर्ट्स सिटी जैसे बड़े प्रोजेक्ट विकसित किए। यह हमारे लिए गर्व की बात रही है।'

**अडानी को शुभकामनाएं**

उन्होंने कहा पिछले कुछ वर्षों में कंपनी को वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा और इसे इनसॉल्वेंसी प्रक्रिया में जाना पड़ा। इस दौरान हमने सभी हितधारकों-गृह-खरीदारों, कर्मचारियों, बैंकों और भागीदारों के साथ मिलकर समाधान निकालने का पूरा प्रयास किया। यह प्रक्रिया समिति ऑफ क्रेडिटर्स और रेजोल्यूशन प्रोफेशनल द्वारा पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की गई है। जयप्रकाश गौड़ ने कहा, 'मैं अडानी समूह और वेदांता समूह दोनों का इसमें भाग लेने के लिए धन्यवाद करता हूं। समिति ऑफ क्रेडिटर्स ने अडानी समूह को सफल बोलीदाता चुना है, और हम इस निर्णय का सम्मान करते हैं। मुझे विश्वास है कि श्री गौतम अडानी के नेतृत्व में कंपनी आगे बढ़ेगी और सभी हितधारकों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। मैं अडानी समूह को आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' जयप्रकाश एसोसिएट्स का बिजनेस रियल एस्टेट, सीमेंट, हॉस्पिटैलिटी, पावर और इन्फ्रास्ट्रक्चर तक फैला है। इसमें नोएडा और ग्रेटर नोएडा में जेपी ग्रीन्स और जेवर एयरपोर्ट के करीब जेपी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स सिटी जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। 57,000 करोड़ के लोन का डिफॉल्ट करने पर इसे जून 2024 में इनसॉल्वेंसी में एडमिट किया गया था।कर्ज नहीं चुका पाने के कारण जयप्रकाश एसोसिएट्स को इनसॉल्वेंसी प्रोसेस में डाला गया था। वेदांता ने इसके लिए 16,726 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी जो अडानी एंटरप्राइजेज की 14,535 करोड़ रुपये की बोली से अधिक थी।

# बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार

## सेंसेक्स 919 अंक चढ़ा, निफ्टी 24000 के पार

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय बाजार शुक्रवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 918.60 अंक बढ़कर 77,550.25 पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी 275.50 अंक बढ़कर 24,050.60 पर पहुंच गया। वहीं, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 22 पैसे गिरकर 92.73 पर बंद हुआ। बैंकिंग शेयरों में खरीदारी और वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुझान के चलते शुक्रवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। अमेरिका-ईरान वार्ता से पहले पश्चिम एशिया संकट में और अधिक नरमी आने की उम्मीदों और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच निवेशकों का मनोबल बढ़ा है। दिनभर सकारात्मक दायरे में रहने के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स बाद में 918.60 अंक या 1.20 प्रतिशत बढ़कर 77,550.25 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 990.85 अंक या 1.29 प्रतिशत बढ़कर 77,622.50 पर पहुंच गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 275.50 अंक या 1.16 प्रतिशत चढ़कर 24,050.60 पर बंद हुआ। बैंकिंग, ऑटो और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी के कारण सकारात्मक रुझान देखने को मिला, जबकि टीसीएस के वित्तीय परिणामों के बाद आईटी शेयरों में कुछ मुनाफावसूली हुई। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन, एक्सिस बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। दूसरी ओर, सन फार्मा, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक पिछड़ गए।

**एफआईआई और डीआईआई गतिविधि**

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 1711.19 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 955.90 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। यह दिखाता है कि घरेलू निवेशकों ने बाजार को समर्थन दिया। पिछले सत्र यानी गुरुवार को सेंसेक्स 931.25 अंक या 1.20 फीसदी गिरकर 76,631.65 पर बंद हुआ था। निफ्टी भी 222.25 अंक या 0.93 फीसदी गिरकर 23,775.10 पर समाप्त हुआ था। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक उच्च स्तर पर बंद हुए। यूरोपीय बाजार सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

# 5 लाख से ज्यादा एलपीजी कनेक्शन पीएनजी में बदले

## 5 किग्रा वाले सिलेंडर भी वितरित किए जा रहे हैं



नई दिल्ली,10 अप्रैल(एजेंसियां)। देश में पेट्रोल और गैस की किल्लत के बीच सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि पिछले पांच हफ्तों में देशभर में 4 लाख से अधिक एलपीजी कनेक्शनों को पाइप्ड नेचुरल गैस में बदला गया है। इसके अलावा हर दिन करीब 1 लाख 5 किलोग्राम वाले सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं।

मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू एलपीजी की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है और डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में एलपीजी उत्पादन बढ़ाकर अब लगभग 60% घरेलू जरूरत को पूरा किया जा रहा है, जबकि कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है। उन्होंने बताया कि सरकार एनर्जी सेक्टर में भी विस्तार कर रही है। सरकार ने घरेलू और परिवहन क्षेत्रों के लिए गैस सप्लाई को प्राथमिकता दी है, जबकि उद्योगों को फिलहाल औसत खपत का करीब 80% ही गैस मिल रही है। सप्लाई को स्थिर रखने के लिए अतिरिक्त एलएनजी कार्गो भी मंगाए जा रहे हैं। जिन क्षेत्रों में तकनीकी रूप से पीएनजी संभव नहीं है, वहां एलपीजी सप्लाई जारी रखने की अनुमति दी गई है।

**इंडक्शन के लिए मिलेगी भरपूर बिजली**

एलपीजी की दिक्कत के बीच सरकार इंडक्शन कुकटॉप इस्तेमाल करने पर जोर दे रही है। इसके लिए एनर्जी सेक्टर में विस्तार करने की तैयारी हो रही है। संयुक्त सचिव ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत बनाने और स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बिजली मंत्रालय ने अप्रैल से जून 2026 के बीच 22,361 मेगावाट नई बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ने की योजना बनाई है।इस योजना में सबसे बड़ा योगदान सौर ऊर्जा का रहेगा, जिसमें 10,000 मेगावाट क्षमता जोड़ी जाएगी।

# वॉट्सएप आपके प्राइवेट मैसेज पढ़ रहा : मस्क बोले- ये भरोसे लायक नहीं

## टेलीग्राम सीईओ ने एनक्रिप्शन फ्रॉड बताया ; कोर्ट से हर्जाने की मांग



वॉशिंगटन,10 अप्रैल(एजेंसियां)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक इलॉन मस्क और टेलीग्राम के सीईओ पावेल डुरोव ने वॉट्सएप की प्राइवेसी पर सवाल उठाए हैं।

मस्क ने कहा कि वॉट्सएप पर भरोसा नहीं किया जा सकता। वहीं, डुरोव ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा 'एनक्रिप्शन' फ्रॉड बताया। यह विवाद अमेरिका में वॉट्सएप के खिलाफ दायर एक नए क्लास एक्शन मुकदमे के बाद शुरू हुआ है। यह मुकदमा इसी साल जनवरी में ब्रायन वाई. शीराजी और निदा सैमसन नाम के दो यूजर्स ने कैलिफोर्निया के फेडरल कोर्ट में दायर किया गया था। इसमें मेटा प्लेटफॉर्म्स और एक्सेंचर को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने ज्यूरी ट्रायल की मांग की है और कंपनी से हर्जाने की अपील की है। याचिका में दावा किया गया है कि वॉट्सएप अपने यूजर्स के मैसेज को बीच में ही इंटरसेप्ट करता है। इसमें कहा गया है कि मेटा इन मैसेज को एक्सेंचर जैसी तीसरी पार्टियों के साथ शेयर कर रहा है। जबकि कंपनी दावा करती है कि उसके मैसेज 'एंड-टू-एंड एनक्रिप्टेड' हैं यानी भेजने वाले और पाने वाले के अलावा कोई तीसरा इन्हें नहीं पढ़ सकता।

**मस्क बोले वॉट्सएप की जगह एक्स चैट इस्तेमाल करें**

इलॉन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए एक्स चैट का इस्तेमाल करने की अपील की और दावा किया कि वहां 'असली प्राइवेसी' मिलती है। वहीं, पावेल डुरोव ने कहा कि वॉट्सएप अरबों यूजर्स को गुमराह कर रहा है। टेलीग्राम ने कभी ऐसा नहीं किया और न ही कभी करेगा।

**मेटा बोला- आरोप पूरी तरह गलत और बेतुके हैं**

इन गंभीर आरोपों पर मेटा के प्रवक्ता ने कहा कि मुकदमे में किए गए दावे पूरी तरह से झूठे और बेतुके हैं। वॉट्सएप पिछले एक दशक से सिग्नल प्रोटोकॉल का इस्तेमाल कर रहा है। आपके मैसेज भेजने वाले और पाने वाले के अलावा कोई और नहीं पढ़ सकता।

**मस्क और जुकरबर्ग का झगड़ा पुराना**

इलॉन मस्क और मार्क जुकरबर्ग के बीच विवाद कोई नया नहीं है। मस्क द्वारा ट्विटर (अब एक्स) खरीदने के बाद जुकरबर्ग ने उसे टक्कर देने के लिए 'थ्रेड्स' लॉन्च किया था। 2025 में मस्क ने अपने एआई चैटबॉट 'ग्रोक' को मेटा एआई से बेहतर बताया था। जून 2023 में मस्क ने जुकरबर्ग को 'केज फाइट' की चुनौती भी दी थी, जिसके जवाब में जुकरबर्ग ने लोकेशन मांगी थी।

# अमेरिका के बाद अब एशिया ने भी माना

## भारत में है दम इकोनॉमी करेगी बम–बम




नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। अभी पिछले हफ्ते ही अमेरिका की रेटिंग एजेंसियों ने भारत की ग्रोथ पर भरोसा जताया था। अब एशियाई डेवलपमेंट बैंक यानी एडीबी ने भी भारत की ग्रोथ पर भरोसा जताया है। एशियाई डेवलपमेंट बैंक ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के 6.9 प्रतिशत रह सकती है। वहीं अगले वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तीय परिस्थितियों और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क के समर्थन से एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट में एडीबी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे कई माध्यमों के जरिये भारत के व्यापक आर्थिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

इसमें इनमें ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, व्यापार प्रवाह में बाधा एवं धन प्रेषण (रेमिटेंस) में कमी शामिल हैं क्योंकि यह क्षेत्र भारत के बाहरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। एडीबी ने अनुमान जताया कि खाद्य कीमतों में पहले आई गिरावट के बाद उछाल, वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि, मुद्रा की कमजोरी और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.1 प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 4.5 प्रतिशत हो सकती है। अगले वित्त वर्ष 2027-28 में तेल कीमतों में नरमी के कारण यह घटकर चार प्रतिशत रहने का अनुमान है।भारतीय अर्थव्यवस्था के गत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो 2024-25 के 7.1 प्रतिशत से अधिक है। इस वृद्धि की मुख्य वजह आयकर और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, खाद्य कीमतों में गिरावट से मजबूत घरेलू खपत और स्थिर सार्वजनिक निवेश का माना जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक माहौल के बिगड़ने के बावजूद वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत पर मजबूत बनी रहने का अनुमान है। यह गतिविधि मजबूत घरेलू मांग से संचालित होगी, जिसे आसान वित्तपोषण परिस्थितियों एवं और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क से समर्थन मिलेगा।एडीबी ने कहा कि 2027-28 में वृद्धि दर बढ़कर 7.3 प्रतिशत हो सकती है जिसे घरेलू सुधारों, यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ व्यापार समझौतों के प्रभाव और सरकारी वेतन वृद्धि से समर्थन मिलेगा। दिसंबर 2025 में जारी एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट में एडीबी ने 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था।

# चांदी आज 4855 बढ़कर 2.41 लाख पर पहुंची : सोना 368 महंगा होकर 1.50 लाख के पार,इस साल 17 हजार दाम बढ़े



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। सोना-चांदी के दाम में शुक्रवार को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी 4,855 रुपए बढ़कर 2,41,013 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले 9 अप्रैल को कीमत 2,36,158 रुपए प्रति किलो थी। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 368 रुपए बढ़कर 1,50,305 रुपए पर पहुंच गया।

इससे पहले गुरुवार को कीमत 1,49,937 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 17,110 रुपए और चांदी 10,593 रुपए महंगी हुई है।

31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.50 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.41 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था। लेकिन, 28 फरवरी को अमेरिका और इजाराइल की ईरान से जंग शुरू होने के बाद लगातार गिरावट देखी जा रही है। तब से 42 दिन में सोना 8,792 रुपए और चांदी 25,687 रुपए गिरी है।

# 18.51 अरब रुपए गए पानी में! होर्मुज स्ट्रेट के ऊपर गायब हुआ अमेरिका का सबसे महंगा ड्रोन

नई दिल्ली,10 अप्रैल(एजेंसियां)। ईरान युद्ध में अमेरिका को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। एक अनुमान के मुताबिक अमेरिका को हर सेकेंड 9.8 लाख रुपये की चपत लग रही है। इस बीच अमेरिका की नेवी का एक सर्विलांस ड्रोन होर्मुज स्ट्रेट में गायब हो गया है। यह अमेरिका के सबसे महंगे ड्रोन में से एक है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एमक्यू - 4 सी ट्राइटन की कीमत $200 मिलियन ड्रोन यानी करीब 18,51,57,00,000 रुपये है। ड्रोन ने इन-फ्लाइट एमरजेंसी का अलर्ट भेजा था और उसके तुरंत बाद यह गायब हो गया। इसे अमेरिका की कंपनी नॉर्थ्रॉप ग्रुमैन ने डेवलप किया है। अमेरिकी नौसेना और ऑस्ट्रेलिया की एयरफोर्स इसका इस्तेमाल करती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस ड्रोन ने फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट के ऊपर करीब तीन घंटे की उड़ान भरी थी और यह इटली में अपनी नेवल बेस स्टेशन की तरफ लौट रहा था। अभी यह साफ नहीं है कि यह ड्रोन हादसे का शिकार हुआ है या इसके मार गिराया गया है। ऑनलाइन फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटराडार24 के मुताबिक ड्रोन ने ईरान की तरफ टर्न लिया था और जनरल एमरजेंसी का अलर्ट भेजा था। इसके तुरंत बाद यह नीचे गिरने लगा और फिर यह गायब हो गया। अमेरिका और ईरान के बीच दो दिन पहले सीजफायर हुआ है।




अमेरिका ने इस एमक्यू - 4 सी ट्राइटन को गल्फ रीजन के लिए यूएस सेंट्रल कमांड में तैनात कर रखा है। यह ड्रोन चोकपॉइंट्स के ऊपर लंबे समय तक टोह ले सकता है। यह 50,000 फीट से ज्यादा ऊंचाई तक उड़ान भरने में सक्षम है। इसकी रेंज 7,400 समुद्री मील है और यह 24 घंटे से ज्यादा समय तक उड़ान भर सकता है। पिछले साल तक अमेरिका की नौसेना के पास 20 ऐसे ड्रोन थे।

उसकी सात और ऐसे ड्रोन खरीदने की योजना है।अमेरिका को ईरान युद्ध में भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्ज इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को हर सेकेंड 10,300 डॉलर यानी 9.8 लाख रुपये की चपत लग रही है। रोजाना सबसे ज्यादा 3040 करोड़ रुपये गोला-बारूद और मिसाइल पर खर्च हो रहे हैं। यह कुल लागत का 36 फीसदी है। एयर ऑपरेशन पर रोजाना 2,327.5 करोड़ रुपये और नेवल ऑपरेशन पर 1,472.5 करोड़ खर्च हो रहे हैं।

# दैनिक पंचांग

**गृह गोचर**




| गृह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सुर्य | मीन | मे |
| चंद्र | मकर | मे |
| मंगल | मीन | मे |
| बुध | मीन | मे |
| गुरु | मिथुन | मे |
| शुक्र | मेष | मे |
| शनि | मीन | मे |
| राहु | कुंभ | मे |
| केतु | सिंह | मे |

| लग्नारभ समय | | |
|---|---|---|
| मीन.... | 04-41 | बजे |
| मेष..... | 06-17 | बजे |
| वृष.... | 08-01 | बजे |
| मिथुन.. | 10-02 | बजे |
| कर्क... | 12-14 | बजे |
| सिंह--- | 14-26 | बजे |
| कन्या-- | 16-33 | बजे |
| तुला---- | 18-38 | बजे |
| वृश्चिक.. | 20-48 | बजे |
| धनु..... | 23-02 | बजे |
| मकर... | 01-09 | बजे |
| कुंभ.... | 02-59 | बजे |

श्री रौद्र /श्री दुर्मती नामके संवत्सरे-विक्रम संवत्- 2083
शक संवत् -1948, सूर्य उत्तरायणे /उत्तर , ऋतु- बसंत
महावीर निर्वाण संवत् -2551 , राजा गुरु, मन्त्री भौम
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष. - 426873
कलियुग संवत् - 5127 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949127
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885127
सूर्योदय 06-08
सूर्यास्त. 18 -27
दिशाशूल - पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
मास - वैशाख कृष्ण पक्ष शनिवार 11 April 2026
तिथि - नवमी 00-36 तक उपरान्त दशमी
नक्षत्र - उत्तराषाढ़ा 13-38 तक उप श्रवण
योग - सिद्ध 18-37 तक उप साध्य
करण - तैतिल 12-00 तक उप गर

विशेष: सर्वार्थ सिद्धि योग 11-40 से

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल 09-11 से 10-44 तक**

**पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| काल | 06-08 - 07-38 | अशुभ |
| शुभ | 07-38 - 09-11 | शुभ |
| रोग।। | 09-11 - 10-44 | अशुभ |
| उत्पात | 10-44 - 12-17 | अशुभ |
| चंचल | 12-17 - 13-51 | शुभ |
| लाभ | 13-51 - 15-24 | शुभ |
| अमृत | 15-24 - 16-57 | शुभ |
| काल | 16-57 - 18-27 | अशुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| लाभ | 18-27 - 19-57 | शुभ |
| उत्पात | 19-57 - 21-24 | अशुभ |
| शुभ | 21-24 - 22-50 | शुभ |
| अमृत | 22-50_ - 00-17 | शुभ |
| चंचल | 00-17 - 01-44 | शुभ |
| रोग | 01-44 - 03-10 | अशुभ |
| काल | 03-10 - 04-37 | अशुभ |
| लाभ | 04-37 - 06-08 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,

आज आप बहुत महत्वाकांक्षी महसूस करेंगे । नए अवसर आपके कार्य क्षेत्र में खुलेंगे और आप उनका लाभ लेने के लिए उत्सुक होंगे । ध्यान रखे की आपकी उत्सुकता आपके सहयोगियों के बीच ईर्ष्या का कारण न बने इसलिए सावधान रहें। आपको ये एहसास करने की जरूरत है की अपनी परियोजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,

ये समय उन लोगो से अपने आप को अलग करने का समय है जो आपके विचारो से असहमत है या जो आपके साथ चलने या सहयता करने में असमर्थ है । यह वित्तीय संतुलन के हिसाब से भी एक बड़ा कदम होगा । आपकी इस व्यापारिक रणनीति के लिए आपको पुरस्कृत किया जाएगा। आपकी आय सुरक्षित है और जिसे आप अपनी संपत्ति को जोड़ने के लिए उपयोग कर सकते है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,

छात्रों के लिए, यह किसी भी परीक्षा में उतरने लिए एक अच्छा दिन है। सफलता आपके साथ है। पेशेवरों के लिए, आपके कार्य स्थल पर एक सकारात्मक दिन होगा। लंबित मुद्दों का हल मिलेगा । अगर आपको लगता है की वेतन वृद्धि के लिए आज का दिन उपयुक्त है तो अपने उच्च अधिकारियो से बात करने का दिन आज अच्छा है ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,

आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी मुखर और प्रेरक रहेंगे । आपको ऐसे कार्य क्षेत्र में कार्य करने के अवसर मिलेंगे जहा साझेदारी से कारोबार होता हो और एक दूसरे की सहायता करना प्रमुखता हो । आप प्रमुख परियोजना को पूरा करने के लिए दुसरो को संगठित करने के लिए प्रेरित करते है , जिससे की आपकी भूमिका के लिए प्रशंसा और सम्मान आपको मिलने की संभावना है।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,

आज आप पेशेवर आत्मविश्वास से भर जायेंगे । आप अपनी कार्य सम्भंधि चिन्ताओ को सशक्त तरीके से आगे रखेंगे एवं कोई भी मुश्किल आपको बड़ी नहीं लगेगी । कुछ सूक्ष्म संकट कार्यस्थल पर आ सकते है , परन्तु आप उन संकटो से आसानी से आत्मविश्वास के साथ बाहर आयेंगे । आज आपके सहकर्मी आपकी क्षमता से प्रभावित होंगे ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

ग्रहों की स्थिति में परिवर्तन के कारण , एक नई ऊर्जा का संचार आप में हो सकता है । आप जीवंत महसूस करेंगे । आप में अधिक से अधिक काम लेने की इच्छा आप में प्रबल होगी और तब भी आप खुश रहेंगे । इससे पता चलता है की चीज़े सकारात्मक दिशा में आगे भड़ रही है। लेकिन इस उत्साह में , अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करे ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,

आप अपने कार्यो को करते हुए धैर्य रखते है , पर आज आप में अधिकार की भावना रहेगी । आपको ये एहसास करने की जरूरत है की चीजे अपनी गति से आगे चलेंगी और ज्यादा पाने की चाह आपको पीछे की और धकेल सकती है । आपमें हमेशा धैर्य की भावना रही है और हमेशा से निर्धारित मार्ग की तरफ आप अग्रसर रहे है।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यु,

आज का दिन प्रशासनिक नौकरियों में या किसी भी क्षमता में सरकार के लिए काम कर रहे लोगों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। जो भी विस्तारपूर्ण काम काज जो काफी समय से लंबित था , उसे करने के लिये आज प्रयत्न करे क्यों की वह आसानी से समाप्त हो जाएगा । अगर आप अपने वर्तमान कार्यस्थल पर बैचनी या फंसा हुआ सा महसूस कर रहे है।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे

आज आप वह प्यार और ख़ुशी को पाएंगे जो आप अपने कार्य क्षेत्र में महसूस करते थे । बाहरी दबावों और काम के बोझ की वजह से वह ख़ुशी कही दब सी गई थी पर एक खुशनुमा पल आपको ये एहसास कराएगा की क्यों अपने ये कार्य क्षेत्र चुना था और ये क्यों आप पर इतना जचता है । आज का दिन अपने कार्य क्षेत्र में अपना रवैया बदलने के लिए अति उत्तम है ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी

आपका भाग्य आपके वित्तीय उपक्रम को पूरा समर्थन दे रहा है एवं आपकी नौकरी भी काफी अच्छी है परन्तु आपको अपने धन पर ध्यान रखने की जरुरत है जैसे की हम सब जानते है की पैसे पेड पर नहीं उगते है। आपके अपव्यय करने की आदत से आपको अपने निकट के व्यक्तियों से आलोचना सुननी पड़ती है । ये समय उनके सुझावों को मानने का है और साथ ही साथ अपनी खर्चीली आदतो को कर्म करने का भी ।


**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,

अवसाद और कठिनाइयाँ आज आपके कार्यस्थल पर आने के संकेत दे रही है , हालाँकि अगर आपने अपने पिछले अनुभवों से कुछ सीख ली है तो आप काफी आसानी से इनका सामना करने में सक्षम हो जाएंगे । अपने अतीत से ज्ञान लेना समय की आवश्यकता है । इस चीज़ का सही समय पर इस्तेमाल आपके करियर को काफी गति दे सकता है ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची

आप पूर्ण रूप से स्वस्थ्य नहीं हैं इसलिए आप इस उत्पादक अवधि का लाभ नहीं उठा पा रहे है । आप अपने कार्यो की पूर्ति के लिए पहले से ही स्थापित कार्य योजना का पालन करे और आगे बढ़ें चाहे आपको कैसी भी परिस्थितियों का सामना करना पड़े । यह अपने काम को खत्म करने के लिए नए तरीके अपनाने के लिए एक अच्छा समय नहीं है।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**



गहलोत का केंद्र सरकार पर हमला

# पचपदरा रिफाइनरी में देरी से विकास और रोजगार प्रभावित

जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पचपदरा रिफाइनरी प्रोजेक्ट को लेकर वर्तमान सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस परियोजना को संभालने के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें लगातार देरी की गई है, जिससे इसकी लागत कई गुना बढ़ गई है। गहलोत ने कहा कि इस परियोजना की शुरुआती लागत लगभग 37,229 करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़कर करीब 80,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।



यह बढ़ोतरी खराब योजना और राजनीतिक कारणों से हुई देरी का नतीजा है। उन्होंने इसे विकास कार्यों में देरी का एक उदाहरण बताते हुए "इंतजार शास्त्र" का मेगा चैप्टर कहा। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने इस परियोजना में जानबूझकर देरी की है, जिससे राज्य की जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय इस परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया था, लेकिन बाद में इसमें रुकावटें आईं।

गहलोत ने यह भी कहा कि इस देरी के कारण राजस्थान की अर्थव्यवस्था और युवाओं के रोजगार के अवसरों पर नकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर भाजपा राजस्थान के विकास को लेकर इतनी उदासीन क्यों है?

उन्होंने परियोजना की शुरुआत का जिक्र करते हुए बताया कि इसकी परिकल्पना 2008 में कांग्रेस सरकार के दौरान की गई थी। उस समय हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ बातचीत शुरू हुई थी, हालांकि शुरुआत में कंपनी इस परियोजना को लेकर हिचकिचा रही थी। बाद में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी के हस्तक्षेप के बाद इस परियोजना को मंजूरी मिली थी। उन्होंने यह भी बताया कि सोनिया गांधी ने इसकी आधारशिला रखी थी, जिसका उद्देश्य राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत बनाना था। गहलोत का कहना है कि सरकार बदलने के बाद इस परियोजना में राजनीतिक कारणों से बाधाएं आईं और काम की गति धीमी पड़ गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वजह से यह महत्वपूर्ण परियोजना प्रभावित हुई है और राज्य के विकास पर इसका असर पड़ा है।

अशोक गहलोत ने कहा कि यह प्रोजेक्ट कई साल तक अटका रहा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को इसके लिए कई बार विरोध प्रदर्शन करने पड़े और दबाव बनने के बाद ही भाजपा ने 2018 में इस पर दोबारा काम शुरू किया। गहलोत ने अपनी सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि जब कांग्रेस फिर से सत्ता में आई, तो इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी गई। उनके अनुसार, कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद काम लगातार आगे बढ़ता रहा और उनकी सरकार के दौरान लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रोजेक्ट में हुई देरी का सीधा असर रोजगार और आर्थिक विकास पर पड़ा है। गहलोत के मुताबिक इस देरी की वजह से राजस्थान के युवाओं को कई महत्वपूर्ण अवसरों से वंचित होना पड़ा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने पचपदरा रिफाइनरी को कांग्रेस सरकार की एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जब यह परियोजना लगभग पूरी होने की स्थिति में है तो इसका आकार और प्रगति जनहित के प्रति उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उनके अनुसार, यह एक ऐसा विकास मॉडल है जिसमें राजनीतिक हितों से ऊपर जनता के हित को प्राथमिकता दी गई। पचपदरा रिफाइनरी से इस क्षेत्र की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, हालांकि इस परियोजना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी और बहस अब भी जारी है।

# गुर्जर आरक्षण आंदोलन में अब खत्म होगा कानूनी पचड़ा

## मुकदमों की वापसी और सरकारी नौकरी वाला 'प्लान'

जयपुर10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने गुर्जर आरक्षण आंदोलन के दौरान हुए , विवादों और कानूनी उलझनों को सुलझाने की दिशा में एक बड़ा और निर्णायक कदम उठाया है। लंबे समय से चल रही मांग को स्वीकार करते हुए, सरकार ने आंदोलन के दौरान दर्ज किए गए मुकदमों को वापस लेने और मृतकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के नेतृत्व में गठित कैबिनेट सब-कमेटी ने इन महत्वपूर्ण सिफारिशों पर मुहर लगा दी है।



**न्यायालय भेजे जाएंगे मुकदमों की वापसी के प्रस्ताव**

कैबिनेट सब-कमेटी ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर गृह विभाग को भेज दी है। अब गृह विभाग इस रिपोर्ट के आधार पर संबंधित न्यायालयों में प्रार्थना पत्र पेश करेगा, ताकि आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लिया जा सके। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने स्पष्ट किया कि इन मामलों को लेकर गृह विभाग पूरी सक्रियता से कार्य कर रहा है। विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षक (SP) कार्यालयों से मुकदमों की वर्तमान स्थिति और विवरण मांगे गए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि कानूनी औपचारिकताएं पूरी होते ही सैकड़ों आंदोलनकारियों को बड़ी राहत मिलेगी।

**मृतक आश्रितों को मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति**

गुर्जर आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के लिए भी सरकार ने संवेदनशीलता दिखाई है। सब-कमेटी ने मृतकों के आश्रितों को सरकारी नौकरी देने के फैसले को हरी झंडी दे दी है। मंत्री पटेल ने बताया कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों पर कैबिनेट सब-कमेटी की पूर्ण सहमति है और संबंधित विभाग अब नियुक्ति की प्रक्रिया को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसे लेकर अलग से कोई नई रिपोर्ट देने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मुख्य कार्यवाही पहले ही प्रगति पर है।

**गुर्जर समाज की पुरानी मांग पर मुहर**

ज्ञात हो कि गुर्जर आरक्षण आंदोलन के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बड़ी संख्या में मुकदमे दर्ज हुए थे, जिससे समाज के युवाओं और परिवारों को कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ रहा था। गुर्जर समाज के प्रतिनिधि मंडल लगातार सरकार से इन मुकदमों को वापस लेने और समझौते के तहत नौकरी के वादे को पूरा करने की मांग कर रहे थे। सरकार का यह कदम आगामी चुनावों और सामाजिक तालमेल के नजरिए से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

राजस्थान जल जीवन मिशन घोटाला

# पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल को तीन दिन की रिमांड पर भेजा, 13 अप्रैल को होगी सुनवाई

जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। जल जीवन मिशन घोटाले के मामले में शुक्रवार को पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल को एसीबी कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। इस दौरान आईएएस सुबोध अग्रवाल के वकील अमित सिंह ने बताया कि एसीबी के द्वारा कोर्ट से पांच दिन की रिमांड मांगी गई थी। जिसे अदालत ने अस्वीकार करते हुए तीन दिन की रिमांड पर भेजा है और 13 अप्रैल को दोबारा सुनवाई के लिए सुबोध अग्रवाल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होंगे।



**एसीबी ने मांगी थी पांच दिन की रिमांड**

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो यानी एसीबी ने कोर्ट से पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल की रिमांड की मांग करते हुए कहा कि मामले में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा और पैसों के लेनदेन के प्रमाण मिले हैं, जिनकी गहन जांच के लिए विस्तृत पूछताछ जरूरी है। जांच अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि टेंडर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। आरोप है कि फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर टेंडर जारी किए गए और शर्तों में हेरफेर कर करीब 50 करोड़ रुपए तक के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। एसीबी का कहना है कि इस पूरे नेटवर्क में कई लोग शामिल हैं और साजिश की परतें खोलने के लिए आरोपी से पूछताछ जरूरी है।

**पूर्व आईएएस की गिरफ्तारी गलत और अवैध**

पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल के वकीलों ने गिरफ्तारी को पूरी तरह से गलत और अवैध बताया। उन्होंने कोर्ट में दलील दी कि न तो अभियुक्त को गिरफ्तारी के कारण बताए गए और न ही कानूनी प्रक्रिया का पालन किया गया। बचाव पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि रिमांड पेशी से पहले आरोपी को गिरफ्तारी के कारण और रिमांड आवेदन उपलब्ध कराना अनिवार्य है, जो इस मामले में नहीं किया गया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया और दोपहर बाद आदेश सुनाते हुए 3 दिन की रिमांड पर भेजा। गौरतलब है कि एसीबी ने गुरुवार को नई दिल्ली से सुबोध अग्रवाल को हिरासत में लिया था।

## रैपिडो से जा रही थी युवती पीछे आए बाइक सवारों ने किया बैड टच, एक्शन में पुलिस

जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के जयपुर में शर्मनाक घटना सामने आई है. यहां दिनदहाड़े बाइक सवार दो युवकों ने एक युवती के साथ छेड़छाड़ कर दी. यह घटना न्यू सांगानेर रोड स्थित इस्कॉन रोड क्षेत्र की है. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. पुलिस ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। पीड़ित युवती बाइक टैक्सी (रैपिडो) से कहीं जा रही थी. इसी दौरान पीछे से बाइक पर सवार दो युवकों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया. आरोप है कि चलते-चलते दोनों युवकों ने युवती के साथ हरकतें और बदसलूकी की. इस घटना से युवती घबरा गई, लेकिन उसने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत विरोध किया. युवती ने मौके पर ही एक आरोपी को जोरदार थप्पड़ जड़ दिया, जिसके बाद दोनों युवक वहां से भाग निकले.

# टोंक के सीआरपीएफ जवान खुशीराम चौधरी वीरता पदक से सम्मानित

## श्रीनगर में सैन्य ऑपरेशन में 50 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराया था

टोंक, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। श्रीनगर में 2017 से 2022 तक 22 सैन्य ऑपरेशन के दौरान ग्रेनेड से घायल होने के बावजूद जैश ए मोहम्मद के तीन आतंकवादी समेत 50 से ज्यादा आतंकियों को मार गिराने वाले टोंक के सीआरपीएफ जवान खुशीराम चौधरी (35) पुत्र नंदाराम चौधरी, को दिल्ली में वीरता पदक से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार सीआरपीएफ के डायरेक्टर जनरल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने प्रदान किया।



इस सम्मान की घोषणा 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की थी। आज सम्मान समारोह में जवान खुशीराम चौधरी के माता-पिता, पत्नी, बेटी और भाई मौजूद थे। पुरस्कार मिलने के बाद चौधरी और उनके परिवार के सदस्य भावुक हो गए और उनकी आंखें भर आईं।टोंक जिले के खलीलपुरा पापड़ा गांव निवासी 35 वर्षीय खुशीराम चौधरी 2014 में राजस्थान के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में भर्ती हुए। वर्तमान में सीआरपीएफ जवान खुशीराम चौधरी महाराष्ट्र के गढ़ चिरौली में पोस्टेड हैं।

चौधरी ने अपनी पहली पोस्टिंग दिसंबर 2014 में श्रीनगर में प्राप्त की, जहां उत्कृष्ट सेवाकार्य के चलते 2017 में उन्हें 28 बटालियन विशेष ऑपरेशन वेलिक्विट में शामिल किया गया। जवान खुशीराम चौधरी श्री नगर में 2017 से 2022 तक 22 सैन्य ऑपरेशन में शामिल होकर जैश ए मोहम्मद के तीन आतंकवादी समेत 50 से ज्यादा आतंकवादी मारे थे। इसमें भी सबसे बहादुरी भरा कार्य 30 दिसंबर 2021 को जम्मू में आतंकवादियों से मुठभेड़ों के दौरान उन्हें ग्रेनेड लगने के बावजूद उन्होंने पाकिस्तान के खूंखार आतंकी रजाक आई उर्फ अब्दुल राशिद गाजी, उसके साथी अब्दुल लखामन उर्फ हजमा, सोइल अहमद राठर को मारा था।

इस खतरनाक ऑपरेशन में उनकी बहादुरी को देखते हुए राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार के लिए उनका चयन किया गया था। यह ऐलान पिछले साल 26 जनवरी 2025 को दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर किया गया था। गुरुवार को उन्हें सम्मानित किया गया।

**नक्सलियों को सरेंडर करने पर मजबूर किया**

गत साल तक जवान चौधरी छत्तीसगढ़ के बीजापुर क्षेत्र में नक्सलवाद प्रभावित इलाके में तैनात थे। यहां भी उन्होंने कई नक्सलियों को सरेंडर करने पर मजबूर किया । खुशीराम चौधरी ने बताया कि वीरता पदक मिलने के बाद उनका और उनके परिवार का उत्साह बढ़ गया है।

झुंझुनूं में सो रहे मजदूरों पर चढ़ा ट्रेलर

## एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत 4 मासूमों की हालत नाजुक

झुंझुनूं, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के झुंझुनूं जिले में शुक्रवार की अलसुबह एक ऐसा हृदयविदारक हादसा हुआ जिसने पूरे इलाके की रूह कंपा दी। गुढ़ागौड़जी थाना क्षेत्र के नंगली दीपसिंह के समीप, खुले आसमान के नीचे गहरी नींद में सो रहे एक परिवार के लिए सुबह की पहली किरण 'काल' बनकर आई। एक तेज रफ्तार बेकाबू ट्रेलर ने कच्चे रास्ते के किनारे सो रहे भोपा परिवार को बुरी तरह कुचल दिया, जिससे मां, बेटी और भांजी की दर्दनाक मौत हो गई।

**नींद में ही उजड़ गया खुशियों भरा संसार**

घटनाक्रम के अनुसार, भोपा समाज के रामस्वरूप और रूड़मल का परिवार गुरुवार शाम को ही नंगली दीपसिंह के पास एक खाली जगह पर डेरा डालकर रुका था। रात का खाना खाने के बाद परिवार की महिलाएं और बच्चे थकान मिटाने के लिए जमीन पर चादर बिछाकर सो गए। किसी को भनक तक नहीं थी कि चंद घंटों बाद उनकी जिंदगी का अंत होने वाला है। सुबह करीब 4 बजे, जब चारों ओर सन्नाटा पसरा था, तभी एक बेकाबू ट्रेलर कच्चे रास्ते पर चढ़ आया।

इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, भारी भरकम ट्रेलर सीधे सो रहे लोगों के ऊपर से गुजर गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। होटकी (35), उसकी बेटी पायल (13) और प्रियंका (13) सहित बच्चे ट्रेलर के पहियों के नीचे बुरी तरह दब गए। वहीं, संजय (6), संजीत (5) और सुनील (7) की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

# एसआई भर्ती पर सरकार को चुनौती, बोले-असफल हुए तो बर्खास्त करें, कुछ अफसर हमें फंसा रहे

जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। सब इंस्पेक्टर (एसआई भर्ती) भर्ती-2021 में चयनित ट्रेनी सब इंस्पेक्टर्स ने सरकार को नार्को और पॉलीग्राफी टेस्ट कराने की खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि यदि वे इन परीक्षणों में असफल होते हैं तो उन्हें तुरंत बर्खास्त कर दिया जाए। साथ ही आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी उन्हें गलत तरीके से फंसाने की कोशिश कर रहे हैं और सच्चाई सामने आने से रोकना चाहते हैं।




इन ट्रेनी सब इंस्पेक्टर्स ने अपने पेरेंट्स के जरिए सीएम भजनलाल को शपथ पत्र भेजकर कहा है कि हमारे बच्चे स्वेच्छा से नार्को एनालिसिस और पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए तैयार हैं। हम लिखित सहमति देते हैं कि इन परीक्षणों के परिणामों को ही उनकी बेगुनाही या दोष का अंतिम साक्ष्य माना जाए। उन्होंने कहा कि यदि वे इसमें असफल पाए जाते हैं, तो सरकार उन्हें तत्काल बर्खास्त कर उनकी निजी संपत्ति से संपूर्ण वेतन की वसूली करने के लिए स्वतंत्र है। शपथ पत्र में मुख्यमंत्री को कहा गया कि आपकी सरकार का स्पष्ट स्टैंड रहा है कि सेग्रीगेशन (पृथक्करण) संभव है और भर्ती में कोई महीना लीकेज नहीं हुआ है। इसके बावजूद, जांच एजेंसी (एसओजी) के कुछ अधिकारियों ने कोर्ट में भ्रामक रिपोर्ट्स पेश की। यह स्पष्ट रूप से सरकार की साख गिराने और निर्दोषों की बलि देकर अपनी पिछली गलतियों को छिपाने की एक सोची-समझी साजिश है।

**अधिकारियों ने कोर्ट को किया गुमराह**

अभिभावकों ने अपने पत्र में कहा कि आपकी सरकार के दौरान पिछली सरकार की लगभग 19 संदिग्ध भर्तियों में से 17 भर्तियों की जांच चल रही है, लेकिन उनमें से एक भी रद्द नहीं किया गया है। फिर केवल सब-इंस्पेक्टर भर्ती-2021 के मामले में ही अधिकारियों द्वारा कोर्ट को पृथक्करण असंभव है, कहकर गुमराह क्यों किया गया। यह भेदभावपूर्ण सामूहिक दंड 750 से ज्यादा परिवारों को बर्बाद करने वाला निर्णय है। अभिभावकों के जरिए ट्रेनी सब इंस्पेक्टर्स ने सीएम से कहा कि राजस्थान के इतिहास में आपकी छवि एक संवेदनशील जननायक की रही है, लेकिन यदि यह भर्ती रद्द होती है, तो इतिहास में आप पहले ऐसे मुख्यमंत्री के रूप में दर्ज होंगे।

## 200 लोगों से 12 करोड़ ठगने वाला आरोपी 6 साल बाद पहुंचा सलाखों के पीछे

धौलपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान पुलिस ने एक ऐसे शातिर ठग को दबोचने में कामयाबी हासिल की है, जो पिछले 6 साल से कानून की आंखों में धूल झोंक रहा था। करीब 200 लोगों से 12.69 करोड़ रुपये की ठगी करने वाला अमित गौतम आखिरकार दिल्ली के लाजपत नगर से गिरफ्तार कर लिया गया। वह खुद को एक 'मेडिकल प्रोफेशनल' बताकर अपनी पहचान छिपाए हुए था, लेकिन धौलपुर पुलिस के 'स्पेशल ऑपरेशन' ने उसके खेल का अंत कर दिया।



धौलपुर एसपी विकास सांगवान ने बताया कि आरोपी अमित गौतम, जो धौलपुर का ही निवासी है, साल 2020 से फरार चल रहा था। उस पर 43,000 रुपये का इनाम घोषित था और धौलपुर, जयपुर व उदयपुर में उसके खिलाफ 20 से ज्यादा मामले दर्ज थे। अमित ने अपने साथी अरुण अग्रवाल के साथ मिलकर निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का एक हाई-प्रोफाइल रैकेट चलाया था। वह पैसे दोगुने करने और भारी मुनाफे का लालच देकर रईस लोगों, खासकर डॉक्टरों और इंजीनियरों को अपना शिकार बनाता था। अमित गौतम का ठगी करने का तरीका बेहद 'प्रोफेशनल' था। वह अपनी विश्वसनीयता बनाने के लिए लग्जरी कारों में चलता, महंगी घड़ियां पहनता और प्रीमियम गैजेट्स का इस्तेमाल करता था।

# टैक्सी ड्राइवर से हुआ शादीशुदा महिला को प्यार, बैंकर की पत्नी ने हत्या की रच डाली साजिश

अलवर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। शहर में एक बैंक अधिकारी की मौत के मामले ने उस वक्त सनसनी फैला दी, जब पुलिस ने इसकी परतें खोलीं। जिसे शुरुआत में एक सामान्य मौत या अनहोनी समझा जा रहा था, वह दरअसल एक सोची-समझी खौफनाक साजिश निकली।

इस हत्याकांड की पटकथा किसी और ने नहीं, बल्कि मृतक की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर लिखी थी। पुलिस ने अब पत्नी और उसके टैक्सी ड्राइवर प्रेमी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। मृतक शहर के एक प्रतिष्ठित बैंक में अधिकारी थे। उनकी पत्नी की मुलाकात कुछ समय पहले एक टैक्सी ड्राइवर से हुई थी। शुरुआत में यह जान-पहचान सामान्य थी, लेकिन धीरे-धीरे यह नजदीकी प्यार में बदल गई। दोनों साथ रहने के सपने देखने लगे, लेकिन उनके इस अवैध रिश्ते के बीच सबसे बड़ा कांटा खुद पति था। पुलिस की जांच के मुताबिक, दोनों ने मिलकर पति को रास्ते से हटाने का मन बना लिया। यह कोई आवेश में उठाया गया कदम नहीं था, बल्कि एक कोल्ड-ब्लडेड मर्डर की प्लानिंग थी।

वारदात को अंजाम देने से पहले आरोपियों ने घर में रखे जेवर और नकदी भी समेट ली थी, ताकि हत्या के बाद वे शहर छोड़कर आराम से अपना नया जीवन शुरू कर सकें। इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में एक डिजिटल सबूत सबसे बड़ा हथियार बना। पुलिस को पीड़ित पक्ष से कुछ ऐसे ऑडियो क्लिप्स मिले, जिनमें धमकी दी जा रही थी। इन ऑडियो ने शक की सुई सीधे पत्नी की तरफ मोड़ दी। जब पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और कॉल डिटेल्स के आधार पर घेराबंदी की, तो पत्नी और उसका प्रेमी पुलिस के जाल में फंस गए।

**पुलिस की त्वरित कार्रवाई**

सीओ सिटी अंगद शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने वारदात को छिपाने की पूरी कोशिश की थी, लेकिन पुलिस की सतर्कता और अहम सबूतों ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस हत्याकांड में कोई तीसरा शख्स भी शामिल था और वारदात को किस क्रूर तरीके से अंजाम दिया गया।

## बड़े बेटे की बीमारी से परेशान एक ही परिवार के तीन सदस्यों ने किया सामूहिक सुसाइड

पाली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान के पाली जिले की एक पॉश कॉलोनी में एक ही परिवार के तीन सदस्यों द्वारा सामूहिक आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, परिवार बड़े बेटे की लंबे समय से चली आ रही बीमारी के कारण मानसिक और आर्थिक रूप से अत्यधिक परेशान था। सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो दृश्य विचलित करने वाला था। घर के भीतर बड़े बेटे नरपत लाल (34) का शव पंखे से लटका हुआ मिला। वहीं, पास ही फर्श पर मां शांति देवी (59) और छोटा बेटा रघुवीर (26) मृत अवस्था में पाए गए। प्राथमिक दृष्टि में मामला बीमारी से उपजे तनाव के कारण आत्मघाती कदम उठाने का प्रतीत हो रहा है। पड़ोसियों और जानकारों के अनुसार, बड़ा बेटा नरपत लाल काफी समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। परिवार ने उसके इलाज में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार न होने और बढ़ते संकट के कारण पूरा परिवार गहरे अवसाद (डिप्रेशन) में था।

# चंदानगर ज्वेलरी डकैती मामले में अपराधियों पर पी.डी. अधिनियम लागू




हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत चंदानगर थाना क्षेत्र में स्थित खजाना ज्वेलरी में हुई सनसनीखेज डकैती मामले में पुलिस ने पाँच अंतरराज्यीय डकैतों पर निवारक निरोध (पी.डी.) अधिनियम लागू किया है। साइबराबाद पुलिस आयुक्त डॉ. एम. रमेश ने इन आरोपियों के खिलाफ पी.डी. अधिनियम लागू करने का आदेश दिया। ये सभी आरोपी 12 अगस्त 2025 को चंदानगर स्थित खजाना ज्वेलरी में दिनदहाड़े हथियारों के बल पर डकैती की वारदात में शामिल थे। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने कर्मचारियों पर फायरिंग कर भय फैलाया और बंदूक की नोक पर सोने की परत चढ़ी चांदी के आभूषण लूट लिए थे। इस गिरोह का सरगना अभिषेक पांडे बताया गया है। सभी आरोपी बिहार राज्य के निवासी हैं और उनके खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। घटना के बाद चंदानगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया, लूटे गए आभूषण बरामद किए तथा उनके पास से तीन घातक हथियार भी जब्त किए, जिनका उपयोग अपराध में किया गया था। इसके बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के बार-बार अपराध में शामिल होने और कानून-व्यवस्था को खतरा उत्पन्न करने की आशंका को देखते हुए उनके खिलाफ पी.डी. अधिनियम लागू किया गया है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। आरोपी अभिषेक पांडे, प्रद्युम्न कुमार सिंह, आशीष कुमार सिंह, रोहित कुमार रजक तथा शिवम पांडे, सभी बिहार राज्य के विभिन्न जिलों के निवासी हैं।

## 12 अप्रैल को जारी होंगे इंटर परीक्षा परिणाम

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना बोर्ड ऑफ इंटरमीडिएट एजुकेशन (टीजीबीआईई) 12 अप्रैल को इंटरमीडिएट सार्वजनिक परीक्षा 2026 के परिणाम जारी करेगा। शिक्षा विभाग का प्रभार संभाल रहे मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी परिणामों की घोषणा करेंगे। घोषणा के बाद छात्र अपने परिणाम आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकेंगे। इस वर्ष राज्य भर के 1,495 केंद्रों पर 25 फरवरी से 18 मार्च तक परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, जिनमें कुल 9,97,075 छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इनमें 4,89,126 प्रथम वर्ष और 5,07,949 द्वितीय वर्ष के छात्र शामिल हैं। बोर्ड ने 20 मूल्यांकन केंद्रों पर लगभग 56 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा कर लिया है।

## वारंगल जिले में ट्रिपल मर्डर

# गर्भवती पत्नी और दो बेटियों को मार डाला, 10 अरेस्ट

वारंगल, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के वारंगल जिले में एक गर्भवती महिला और उसकी दो बेटियों की हत्या से जुड़े सनसनीखेज मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस कमिश्नर सुनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और फरार चल रहे दो डॉक्टरों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया गया है। कथित सोनोग्राफी और इस क्रूर हत्या के सिलसिले में पुलिस ने पैरामेडिकल स्टाफ, एक मेडिकल शॉप के मालिक, एक डॉक्टर और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, यह ट्रिपल मर्डर 1 अप्रैल को वारंगल शहर के बाहरी इलाके में इनावोलु मंडल के पुन्नेलु गांव में हुआ था। इस घटना के बाद पुलिस कमिश्नर ने विशेष टीमें गठित कीं और गर्भवती महिला और उसकी बेटियों की हत्या की जांच में तेजी लाई। वारंगल के पुलिस कमिश्नर सुनप्रीत सिंह ने बताया कि 10 सदस्यों वाले एक गिरोह को पकड़ लिया गया है, जबकि दो डॉक्टर अभी तक फरार हैं। पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी मोहम्मद अजरुद्दीन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

**सोनोग्राफी टेस्ट के बाद बनाया प्लान**

उसने बताया कि पुन्नेलु गांव के मेडिकल शॉप के मालिक सतला राजू ने बार-बार अनुरोध किए जाने के बाद गर्भपात (अबॉर्शन) करवाने का सुझाव दिया था। हालांकि राजू ने किसी अस्पताल से संपर्क करने से इनकार कर दिया। इसके बाद अजरुद्दीन ने आरएमओ डॉ एल नरेश और लैब टेक्नीशियन मनोहर से संपर्क किया। उनकी सलाह पर अजरुद्दीन और उसकी पत्नी फरहत काजीपेट स्थित 'सुरक्षा अस्पताल' गए, जहां डॉ एस रावली और नर्स श्रावंती कथित तौर पर फरहत को नीकोंडा ले गईं और वहां उसका लिंग निर्धारण परीक्षण किया। जहां बेटी होने की बात पता चली। इसके बाद उसने खौफनाक प्लान बनाना शुरू कर दिया।

**कौन-कौन हुए अरेस्ट**

इसके बाद डॉ बी पूर्णिमा उपेंद्र अस्पताल में गर्भपात को अंजाम दिया गया। इस सिलसिले में अजरुद्दीन के परिवार के सदस्यों चंदा पाशा, मोहम्मद सलेहा और एम शररुद्दीन को गिरफ्तार किया गया है। इनके साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्य श्रावंती, मनोहर, नरेश और वी भद्रु, मेडिकल दुकान के मालिक सतला राजू और एक डॉक्टर डॉ बी पार्थु को भी गिरफ्तार किया गया है। दो महिला डॉक्टर डॉ बी पूर्णिमा और डॉ एस रावली अभी तक फरार हैं।

पुलिस ने बताया कि इस हत्या के मामले में अजरुद्दीन ने एक नाबालिग लड़की को भी झांसे में लिया था और उससे शादी का प्रस्ताव रखा था। लड़की के माता-पिता ने यह कहते हुए मना कर दिया कि उसके पहले से ही दो बच्चे हैं और उसकी पत्नी तीसरे बच्चे की उम्मीद से है। हताश होकर अजरुद्दीन ने कथित तौर पर अपनी पत्नी और बेटियों को खत्म करने की योजना बनाई। इस योजना के तहत उसने सीसीटीवी कैमरे बंद कर दिए और अपने फार्महाउस की बिजली काट दी।

**स्विमिंग पूल में की हत्या**

फिर वह अपनी पत्नी और दो बेटियों को फार्महाउस के स्विमिंग पूल में ले गया और उन्हें पानी में धकेल दिया। उसने उन्हें तब तक पानी के नीचे दबाए रखा जब तक उनकी मौत नहीं हो गई। उनकी मौत की पुष्टि करने के बाद उसने कथित तौर पर इस घटना को अपनी बेटी के जन्मदिन के जश्न के बाद हुई एक 'दुर्घटनावश डूबने' की घटना का रूप देने की कोशिश की।

पीड़िता के पिता एसके अली ने बाद में कुछ गड़बड़ी की आशंका जताते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शुरू में संदिग्ध मौत का मामला दर्ज किया, लेकिन जांच के दौरान आरोपी की संलिप्तता का पता चला, जिसमें डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ भी शामिल थे। कमिश्नर ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है, और फरार चल रहे दो डॉक्टरों का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। अजरुद्दीन के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत भी एक मामला दर्ज किया गया है, जिसमें उस पर कथित तौर पर एक नाबालिग लड़की को शादी के लिए प्रभावित करने का आरोप है।

## अलौकिक शक्तियों का झांसा देकर 1 करोड़ की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स क्षेत्र में धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस ने चार साल से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने कथित तौर पर अलौकिक शक्तियों का दावा कर एक विवाहित महिला से करीब 1 करोड़ रुपये की ठगी की थी। आरोपी की पहचान नितिन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने सोशल मीडिया के जरिए पीड़िता से दोस्ती की और 'अलौकिक शक्तियों' के माध्यम से उसकी व्यक्तिगत समस्याओं को हल करने का भरोसा दिलाकर उसका विश्वास जीत लिया। इसके बाद करीब तीन वर्षों में उसने पीड़िता को बहला-फुसलाकर उससे बड़ी रकम ऐंठ ली।

बताया गया है कि आरोपी फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से विशेष रूप से संपन्न महिलाओं को निशाना बनाता था। पीड़िता से बड़ी रकम लेने के बाद वह फरार हो गया था। शिकायत मिलने पर जुबली हिल्स पुलिस ने मामला दर्ज कर सोशल मीडिया से प्राप्त डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का पता लगाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को आशंका है कि आरोपी ने इसी तरह अन्य लोगों को भी ठगा हो सकता है और मामले में आगे की जांच जारी है।

# पूर्व मंत्री टी. जीवन रेड्डी की केसीआर से मुलाकात

### बीआरएस में शामिल होने के संकेत



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस में शामिल होने का निमंत्रण मिलने के एक दिन बाद पूर्व मंत्री टी. जीवन रेड्डी ने शुक्रवार को पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से उनके एर्रावेली स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल देखा गया।

जीवन रेड्डी अपने परिवार के सदस्यों और पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष वसंत सुरेश के साथ पहुंचे, जहां बीआरएस कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव सहित वरिष्ठ नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान जीवन रेड्डी भावुक हो गए और उन्होंने केसीआर के प्रति गहरी प्रशंसा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लंबे राजनीतिक अंतराल के बाद उन्हें बीआरएस के साथ जुड़कर राज्य के विकास में योगदान देने का अवसर मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में उनके लिए बीआरएस के साथ काम करना आवश्यक महसूस हुआ। इस पर केसीआर ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक के बाद दोनों नेताओं के बीच दोपहर भोज पर विस्तृत चर्चा हुई, जिसमें उनके औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल होने की प्रक्रिया पर विचार किया गया। सूत्रों के अनुसार, उनके बीआरएस में शामिल होने की आधिकारिक घोषणा जल्द की जा सकती है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री कोप्पुला ईश्वर, गंगुला कमलाकर, वेमुला प्रशांत रेड्डी, एमएलसी एल. रमना सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## जल निकासी व्यवस्था सुधारने के निर्देश

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मलकाजगिरि नगर निगम के आयुक्त टी. विनय कृष्णा रेड्डी ने अधिकारियों को वर्षा जल और सीवरेज व्यवस्था को अलग-अलग करने तथा जल निकासी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को शारदा नगर के निरीक्षण दौरे के दौरान आयुक्त ने बारिश के पानी के नालियों में मिश्रित होने की समस्या पर चर्चा की और वर्षा जल के लिए अलग नालों और ड्रेनेज लाइनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जलभराव रोकने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने पर भी जोर दिया।

# पवन खेडा के विरोध में प्रदर्शन




हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व पार्षद राकेश जायसवाल ने आज बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एआईसीसी के आधिकारिक प्रवक्ता पवन खेड़ा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। खेड़ा ने असम विधानसभा चुनावों के अंतिम चरण के प्रचार के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और उनकी पत्नी श्रीमती रिंकी भुइयां सरमा पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाए थे।

इस संबंध में, रिनिकी भुइयां सरमा ने खेड़ा के बेबुनियाद आरोपों के खिलाफ एक मामला दर्ज कराया। असम पुलिस ने इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने के लिए गुवाहाटी, दिल्ली और हैदराबाद में दबिश दी थी। इस कार्यक्रम में महेश यादव, जगपति नायक, संदीप जैन, रविकांत, नरसिंह, बाबूराजा और अन्य वरिष्ठ बीजपी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# एमजे मार्केट में एक महीने से गायब राष्ट्रीय ध्वज, नागरिकों में नाराजगी



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक मोअज्जम जाही बाजार (एमजे मार्केट) के केंद्रीय प्रांगण में लगे 100 फुट ऊंचे ध्वजदंड से करीब एक महीने से राष्ट्रीय ध्वज गायब है, जिससे नागरिकों और दुकानदारों में नाराजगी देखी जा रही है।

बेगम बाजार, आबिड्स और एमजे मार्केट आने वाले लोगों ने ध्वज के न होने पर चिंता जताते हुए इसके लिए ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराया है। जानकारी के अनुसार, गणतंत्र दिवस 2020 की पूर्व संध्या पर बीआरएस शासन के दौरान इस 100 फुट ऊंचे ध्वजदंड की स्थापना की गई थी। इससे पहले जुलाई 2022 में भी खराब मौसम के कारण ध्वज को अस्थायी रूप से उतारा गया था।

हाल ही में तेज हवाओं के चलते ध्वजदंड को सहारा देने वाले तार टूट गए, जिससे सुरक्षा कारणों से ध्वज को हटाना पड़ा। जीएचएमसी अधिकारियों ने बताया कि ध्वज स्तंभ की मरम्मत के लिए संबंधित एजेंसी से लागत का अनुमान मांगा गया है। एजेंसी ने प्रस्ताव सौंप दिया है और मंजूरी मिलने के बाद एक महीने के भीतर मरम्मत कर ध्वज पुनः स्थापित किया जाएगा।

## पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

### आपराधिक रिकॉर्ड वाले अपराधियों की चिकित्सा जांच की व्यवस्था

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस आयुक्त वीसी सज्जनार के निर्देशों के अनुसार, हैदराबाद नारकोटिक्स एनफोर्समेंट विंग (एच-एनईडब्ल्यू) के टास्क फोर्स ने शुक्रवार को स्थानीय पुलिस कर्मियों के समन्वय से एक विशेष अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के दौरान, एनडीपीएस मामलों में उपद्रवी अपराधियों, उपद्रवियों और नियमित रूप से नशीली दवाओं के सेवन का इतिहास रखने वाले व्यक्तियों के चिकित्सा परीक्षण किए गए, जिसका उद्देश्य नशीली दवाओं के उपभोक्ताओं को उन कानूनी परिणामों के बारे में जागरूक करना था जिनका उन्हें सामना करना पड़ सकता है।

यह कार्यक्रम वैभव रघुनाथ गायकवाड़ की देखरेख में आयोजित किया गया था। डॉक्टरों के समन्वय से ओस्मानिया जनरल अस्पताल, गांधी अस्पताल और एर्रागड्डा स्थित सरकारी मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में परीक्षण किए गए। गांधी जनरल अस्पताल में कुल 70 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 44 पॉजिटिव और 26 नेगेटिव पाए गए। उस्मानिया जनरल अस्पताल में कुल 80 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 59 पॉजिटिव और 21 नेगेटिव पाए गए। एर्रागड्डा स्थित सरकारी मानसिक स्वास्थ्य अस्पताल में कुल 89 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 86 पॉजिटिव और 3 नेगेटिव पाए गए। कुल मिलाकर 239 लोगों की जांच की गई, जिनमें से 189 पॉजिटिव पाए गए। इन व्यक्तियों को मनोचिकित्सकों द्वारा मादक पदार्थों के सेवन के हानिकारक प्रभावों और पुनर्वास के महत्व के बारे में परामर्श दिया गया। इसके अलावा, जिन व्यक्तियों में परीक्षण के परिणाम सकारात्मक पाए गए हैं, उनके खिलाफ कानून के अनुसार उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# ऊर्जा आत्मनिर्भरता पर जोर, अमिताभ कांत ने दी अहम सलाह

संगारेड्डी, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने कहा है कि पश्चिम एशिया में उत्पन्न संकट जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने यह बात हैदराबाद स्थित जीआईटीएएम विश्वविद्यालय में कौटिल्य स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि हालिया वैश्विक संघर्षों में ड्रोन और मिसाइलों के उपयोग ने तेल कंपनियों के निवेश और समुद्री परिवहन को प्रभावित करने की क्षमता दिखाई है, जिससे भारत के जीवाश्म ईंधन आयात पर असर पड़ सकता है।

अमिताभ कांत ने सुझाव दिया कि भारत को अपनी जीवाश्म ईंधन रहित ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 500 गीगावाट से बढ़ाकर 2030 तक 1500 गीगावाट करने का लक्ष्य रखना चाहिए। साथ ही सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी भंडारण और महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता बताई।

उन्होंने कहा कि भारत को 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कुशल लोक नीति विशेषज्ञों की जरूरत होगी। छात्रों से अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने, स्टार्टअप्स का समर्थन करने और नवाचार को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अभिजीत सुधीर राउत को प्रथम स्थान के लिए राष्ट्रपति स्वर्ण पदक, सिमरन कौर को सर्वश्रेष्ठ कैपस्टोन प्रोजेक्ट के लिए डीन स्वर्ण पदक तथा यनामंद्रा मल्लिकार्जुन राव स्मृति स्वर्ण पदक संयुक्त रूप से अभिजीत राउत और अमल शुक्ला को प्रदान किया गया।

## न्यूट्रल केमिकल्स लिमिटेड में भीषण आग, 3 करोड़ रुपये का नुकसान

संगारेड्डी, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। गड्डापोथारम नगरपालिका क्षेत्र में स्थित न्यूट्रल केमिकल्स लिमिटेड में शुक्रवार दोपहर भीषण आग लग गई। घटना के बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। कंपनी के कर्मचारियों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जिससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए।

हालांकि कई घंटों तक धुआं उठता रहा, जिससे आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में दहशत का माहौल बन गया। आग को अन्य इकाइयों और आसपास के उद्योगों में फैलने से रोकने के लिए अतिरिक्त दमकल बल भी तैनात किया गया। प्रबंधन ने प्रारंभिक अनुमान में लगभग 3 करोड़ रुपये के नुकसान की बात कही है, हालांकि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।



महेश बैंक के नवगठित बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। सीए रामदेव भूतड़ा को फिर इसका अध्यक्ष चुना गया है। नवगठित बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अन्य सदस्यों में प्रवीण बाहेती, सीए बजरंगलाल झँवर, सीए कन्हैयालाल राठी और सीए नरसिंगलाल धूत शामिल हैं। महेश बैंक के निदेशक मण्डल के चेयरमैन सीए मुरली मनोहर पलोड़ और वाईस चेयरमैन गोविंद नारायण राठी ने चेयरमैन एवं सदस्यों को बधाई दी। महाप्रबंधक श्रीनिवास राव और अधिकारी वेणुगोपाल भी उपस्थित थे।

दक्षिण मध्य रेलवे
@SCRailwayIndia
निविदा सूचना सं.02/2026 दि.10-04-2026

भण्डारण मदों की आपूर्ति ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना निम्न निविदाएं आनलाइन पर प्रदर्शित की गयी है। निविदाकारों से अनुरोध है कि, वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें तथा अपने आफर्स को आनलाइन में प्रस्तुत करें। निविदा कार्य विवरण, मात्रा, अग्रधन, एसडी को वेबसाइट पर देख सकते हैं। मैन्युएल रुप से प्रस्तुत आफर्स अमान्य होंगे। डाक द्वारा प्रेषित प्रस्तुत आफर्स पर कतई विचार नही किया जायेगा। निविदा की तय तिथि की निविदा बंद करने का समय 14.30 बजे है। सभी स्वदेशी प्रस्तावों या इन्डिगेनस आफर्स, अग्रधन को, केवल आनलाइन सिस्टम पर उपलब्ध वेबसाइटः www.ireps.gov.in के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा।

| निविदा सं. | कार्य विवरण |
|---|---|
| 30261011 | हेलिकल स्प्रीन्ग |
| 82265016 | एचक्यू-एमइडी-जेडआरसी-क्षेत्रीय मूल्य संविदा आपूर्ति (पीएच.नं.02064) लिक्विड मेडिकल आक्सिजन |
| 33261691 | टीपीयु रिन्स सेट |
| 77251145सी | पेन्ट रेडी मिक्स्ड रेड आक्साइड |
| 60265650 | सीएमएस क्रासिन्स हेतु विविध एम.एस. बोल्ट्स & नट्स टेपर्ड वाशर्स का प्रापण |
| एलएच265493 | संपूर्णढंग से स्वचालित संगणीकृत एससीटीआर की आपूर्ति इंस्टाल्लेशन & कमीशनींग |
| एलवाय 265229 | इलेक्ट्रिकल ओवरहेड ट्रैवलिंग क्रेन 25/5टी कैपासिटी की आपूर्ति, कमीशनींग & परीक्षण |
| एलवाय265 230 | इलेक्ट्रिकल ओवरहेड ट्रैवलिंग क्रेन 25/5टी कैपासिटी की आपूर्ति, कमीशनींग & परीक्षण |
| 76261003 | अंदाजन वजन 15 किग्रा स्पूल युक्त स्टील वायर 1.2 एमएम |
| 38263706 | होस एस्सेम्बली |
| 38261009 | आर्टिक्यूलेटेड लाक लिफ्ट लेवर एस्सली |
| 38261016 | नान-ट्रांजीशन हेतु योक |
| 6026 पीटी014 | आरडीएसओ डीआरजी नं.टी-4966 नुसार 8.5 में ओवर राइडिंग स्वीचेस 60 किग्रा 1 का प्रापण |
| एससीआर-26-सीएपी-एनजी8डब्ल्यू1 | आईआर के लिए न्यू ग्रैन्ट्री (8व्हीलर) ट्रैक रिलेइंग ट्रेन्स मशीन की आपूर्ति इंस्टाल्लेशन &कमीशनींग हेतु आरसी |
| 66257783 | ट्रैक मशीनों हेतु स्पेयर्स का प्रापण |
| एलएच257347 | ई-बीम इर्राडिएशन-केमिकल क्युरिंग प्रक्रिया सहित 150 स्के.एमएम थिन वाल की आपूर्ति |
| 38261331 | स्क्रू कपलिन्ग |
| एलएच265345 | 24वी 290एएच संबध्द लीड एसिड स्टार्टर बैटरिज |
| 31260007 | वन्दे भारत ट्रेन हेतु स्टैबिलाइजर लिन्क |
| 31261023 | रिएक्शन राड हेतु स्फेरिकल बेयरिंग |
| 38261435 | ब्रेक वेयर प्लेट |
| 38261014 | नान-ट्रांजिशन हेतु नकल |
| 60265262 | स्प्रिन्ग सेट्टिंग डिवाइस का प्रापण |
| 66258312 | ट्रैक मशीनों हेतु स्पेयर्स का प्रापण |
| 6026पीटी003 | टी-8746 के प्रति पीएससी मेनलाइन स्लीपर्स |
| 43261072 | डिसकनेक्टिंग एर्थिंग डिवाइस |
| 52265002 | 25 डब्ल्यू वीएचएफ डिजीटल रेडियो सेट |
| 45261003 | ब्लाइण्ड साकेट |

नोटः निविदा खोलने की तय तिथियां– क्रम सं.01 दि.20-04-2026, क्रम सं.02 दि.23-04-2026, क्रम सं.03 दि.28-04-2026, क्रम सं.04 दि.29-04-2026, क्रम सं.05 से 08 दि.30-04-2026, क्रम सं.09 से 12 दि.04-05-2026, क्रम सं.13 से 15 दि.05-05-2026, क्रम सं.16 से 18 दि.06-05-2026, क्रम सं.19 से 22 दि.07-05-2026, क्रम सं.23 से 26 दि.11-05-2026, क्रम सं.27 दि.21-05-2026, क्रम सं.28 दि.25-05-2026

उपरोक्त निविदाओं के अलावा रु.50 लाख मूल्य से अधिक की अन्य निविदाएं भी उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी हेतु कृपया उपरोक्त रेलवे वेबसाइट पर जाएं।

प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/सिकंदराबाद

निविदा सं.02_2026-27 _एसआर.डीईई _टीआरडी _एचवायबी, दि.09-04-2026 हेतु निविदा सूचना

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीईई/टीआरडी/एचवायबी द्वारा तत्संबंधित निविदा सं.02_2026-27 _एसआर.डीईई _टीआरडी _एचवायबी, दि.09-04-2026, बंद करने की तिथि 04-05-2026 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित है। बोलीदाता या बिड्डर्स अपने मूल/संशोधित बोलियों को संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य है तथा किसी भी मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

क्रम सं. 1, कार्य विवरणः हैदराबाद डिवीजनः एससी-एमयुइ सेक्शनः निम्न 11 मानवनिर्मित लेवल क्रासिन्ग गेट्स को हटाना या एलिमिनेट करना जैसे, 1.जेकेएम तथा बीडीएचएन स्टेशनों के बीच किमी 5/550-550 पर एलसी नं.4/जेबी, 2. बीएसएक्स तथा एनवीटी स्टेशनों के बीच किमी 444/250-300 पर एलसी नं.187, 3. एनवीटी तथा जेकेएम स्टेशनों के बीच किमी 446/750-800 पर एलसी नं.189, 4.एनवीटी तथा जेकेएम स्टेशनों के बीच किमी 448/800-850 पर एलसी नं.189ए, 5. युपीडब्ल्यू तथा केएमसी स्टेशनों के बीच किमी 504/400-500 पर एलसी नं.207, 6. एमओबी तथा एमइडी स्टेशनों के बीच किमी 583/700-800 पर एलसी नं.241, 7. एमओबी तथा एमइडी स्टेशनों के बीच किमी 582/300-400 पर एलसी नं.240, 8. एमइ --एमओबी स्टेशनों के बीच किमी 575/700-800 पर एलसी नं.238, 9. डब्ल्यूडीआर --एमइ स्टेशनों के बीच किमी 559/600--700 पर एलसी नं.231, 10. एमजेडएल --डब्ल्यूडीआर स्टेशनों के बीच किमी 550/300--400 पर एलसी नं.225, 11. टीएमडी --बीकेयु स्टेशनों के बीच किमी 528/700--800 पर एलसी नं.216–बिजली व्यवस्थाएं।

विज्ञापित निविदा मूल्य रु.50,12,844.28, अग्रधन रु.1,00,300.00 कार्य पूरा करने की अवधिः 06 महिने, बंद करने की तिथिः 04-05-2026

वेबसाइट विवरणःwww.ireps.gov.in

निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एसआर.डीईई/टीआरडी/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500025

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, हैदराबाद

निविदा सं.03_2026-27 _एसआर.डीईई _टीआरडी _एचवायबी, दि.10-04-2026 हेतु निविदा सूचना

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीईई/टीआरडी/एचवायबी द्वारा तत्संबंधित निविदा सं.03_2026-27 _एसआर.डीईई _टीआरडी _एचवायबी, दि.10-04-2026, बंद करने की तिथि 04-05-2026 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित है। बोलीदाता या बिड्डर्स अपने मूल/संशोधित बोलियों को संबंधित बंद करने की तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य है तथा किसी भी मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

क्रम सं.1, कार्य विवरणः हैदराबाद डिवीजनः हैदराबाद डिवीजनः केसीजी डिपो क्षेत्राधिकार पर विश्वसनीयता सुधार के दृष्टिगत केसीजी आरडी-5 का ट्रैमवे टाइप ओएचइ से कन्वेन्शनल टाइप ओएचइ में रुपांतरण या कन्वर्शन–बिजली टीआरडी व्यवस्थाएं।

विज्ञापित निविदा मूल्य रु.89,85,943.00 अग्रधन रु.1,79,700.00 कार्य पूरा करने की अवधिः 06 महिने, बंद करने की तिथिः 04-05-2026

वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in

निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एसआर.डीईई/टीआरडी/एचवायबी का कार्यालय, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500025

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, हैदराबाद

A045

निविदा नियम शर्तें/विस्तृत विवरण एवम् निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in www.scr.indianrailways.gov.in या देखें।

भारतीय रेल
रेलवे विद्युतीकरण
www.ireps.gov.in
संख्याः आरइएससी/इएल/ एलपीजेएल-एनजेडबी/ जीआर.206 /टीएन/ 2026-27/01, दि.08-04-2026

कृते भारत के राष्ट्रपति भारतीय गणराज्य की ओर से व के लिए, उप मुख्य बिजली अभियंता, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं (आनलाइन) आमंत्रित है।

क्रम सं. 01, निविदा सं. आरइएससी-इएल-पीएलसी-206-26-27/01, कार्य विवरणः रेलवे विद्युतीकरण परियोजना/सिकंदराबाद के तहत दक्षिण मध्य रेलवे के पीडीपीएल-एलपीजेएल सेक्शन्स (ग्रूप 206) के जीडीआरए तथा एनपीएमएल स्टेशनों के बीच विविध स्थानों पर एचटी केबुल रन्निंग ओवर ओएचइ स्ट्रक्चर्स के प्रतिस्थापन सहित मौजूदा 33 केवी ओएच पावर लाइन ट्रैक क्रासिंग्स (4 संख्यक) का माडिफिकेशन या परिवर्तन कार्य।

निविदा का अनुमानित मूल्य रु.69,43,732.59 आनलाइन द्वारा जमा किया जानेवाला अग्रधन रु. 1,38,900.00 कार्य पूरा करने की अवधिः04 महिने (चार महिने), निविदा खोलने की जगहः सिकंदराबाद

विवरणः ई-निविदा (आनलाइन) के माध्यम से निविदा बंद करने का समयः 15.00 बजे | तिथिः 11-05-2026

यदि तदनंतर निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होता है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर खोला जायेगा। निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदाओं की प्रस्तुति हेतु कृपया हमारे वेबसाइटःwww.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

टिप्पणीः निविदा दस्तावेजों/शुद्धिपत्र/जोड के प्रति यदि आवश्यक हो तो, कोई भी परिवर्तन होने पर, उसे उपरोक्त वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा।

उप मुख्य बिजली अभियंता/आरई/सिकंदराबाद
A044

निविदा शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

पूर्व तट रेलवे
निविदा सूचना सं. WAT-TRS-RT-01-2026-27
कार्यस्थल के साथ कार्य का नाम : इलेक्ट्रिक लोको शेड (ELS) / विशाखापट्टनम में आपातकालीन ब्रेक लगाने के दौरान BP ट्रेन पाइप से कोयला / धूल के कणों को इकट्ठा करने के लिए 3 (तीन) फेज लोकोमोटिव (WAP-7 एवं WAP-9) में ट्रैप चैंबर लगाना।
निविदा मूल्य (₹): 11,14,606.55, EMD (₹): 22,300.00, निविदा दस्तावेज़ की लागत (₹): 2,300.00, कार्य पूरा होने की अवधि : 12 महीना।
निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक : 30.04.2026 को 1500 बजे।
इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।
ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण एवं शुद्धिपत्र वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRS)/ विशाखापट्टनम
PR-37/R/26-27

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप : आयुष शेट्टी ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक सुनिश्चित किया



निंगबो, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय शटलर आयुष शेट्टी ने शुक्रवार को यहां निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर 4 जोनाथन क्रिस्टी को हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में बड़ा उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली।

इस जीत के साथ आयुष ने अपना पदक सुनिश्चित कर लिया। आयुष ने जोनाथन क्रिस्टी पर 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की और 2018 में एचएस प्रणय के बाद कॉन्टिनेंटल मीट में पदक पक्का करने वाले पहले भारतीय पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी बन गए। क्रिस्टी पर आयुष की यह पहली जीत थी। शुरुआती गेम में कड़ा मुकाबला हुआ, क्योंकि कोई भी खिलाड़ी क्रिस्टी को ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त के साथ नहीं तोड़ पाया। दोबारा शुरू होने पर, इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने गेम पर नियंत्रण किया और अपनी बढ़त को 18-15 तक बढ़ा लिया, साथ ही एक गेम पॉइंट भी हासिल किया। आयुष ने वापसी करते हुए मुकाबले को टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया। दूसरे गेम में भी उतना ही कड़ा मुकाबला देखने को मिला।

भारतीय खिलाड़ी मध्य तक 11-9 की मामूली बढ़त के साथ था। इसके बाद आयुष ने मैच पर अपनी पकड़ और मजबूत करते हुए जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। यह 2023 में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के पुरुष डबल्स स्वर्ण के बाद बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक भी होगा। सेमीफाइनल में, आयुष का मुकाबला पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न और वेंग होंगयांग के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इससे पहले टूर्नामेंट में, आयुष ने पहले राउंड में दुनिया के नंबर 7 और मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन ली शि फेंग को हराया था, फिर चीनी ताइपे के ची यू जेन को हराकर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु का कैंपेन दूसरे राउंड में खत्म हो गया, जबकि लक्ष्य सेन पहले राउंड में ही बाहर हो गए थे।

## गिरफ्तार होने के बाद पाकिस्तान पहुंचे डेविड वॉर्नर

**पहले ही मैच में हो गया बुरा हाल**
**मुंह लटका कर छोड़ा मैदान**

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। तमाम विवादों और कानूनी पचड़ों के बीच पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में लौटने वाले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेविड वॉर्नर के लिए मैदान पर वापसी किसी बुरे सपने जैसी रही। हाल ही में सिडनी में 'ड्रिंक एंड ड्राइव' मामले में गिरफ्तारी और अगले महीने होने वाली कोर्ट की पेशी की खबरों के बीच वॉर्नर कराची किंग्स की जर्सी में नजर तो आए लेकिन उनका बल्ला पूरी तरह खामोश रहा। पेशावर जल्मी के खिलाफ 247 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी कराची किंग्स को अपने सबसे अनुभवी खिलाड़ी और कप्तान से एक धमाकेदार शुरुआत की उम्मीद थी।

लेकिन, शोरिफुल इस्लाम ने अपनी धारदार गेंदबाजी से वॉर्नर की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मैच की पहली ही गेंद पर शोरिफुल ने वॉर्नर को पवेलियन का रास्ता दिखाकर कराची के खेमे में सन्नाटा पसरा दिया।

# हॉकी इंडिया का बड़ा निर्णय, टिम व्हाइट को जूनियर महिला टीम का कोच बनाया

## खांडेकर की जगह लेंगे



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को तुषार खांडेकर की जगह टिम व्हाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का कोच बनाने की घोषणा की। ऑस्ट्रेलियाई हाई-परफॉर्मेंस कोच व्हाइट ने हाल ही में जनवरी में हॉकी इंडिया लीग में अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स के हेड कोच के तौर पर काम किया था। वह भारत महिला हॉकी की अगली पीढ़ी को तैयार करने के लिए मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।

**दिलीप टिर्की ने किया स्वागत**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा, हम टिम व्हाइट को टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। बेल्जियम और ऑस्ट्रेलियाई जूनियर कार्यक्रम के साथ उनका पुराना रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ कहता है, खासकर जूनियर विश्व कप में टीमों को पोडियम फिनिश तक ले जाने में उनकी सफलता।

हमारा मानना है कि हाई-परफॉर्मेंस कोचिंग और एथलीट विकास में उनका बहुत बड़ा अनुभव हमारी जूनियर महिलाओं को सीनियर अंतरराष्ट्रीय हॉकी की चुनौतियों के लिए तैयार करने में बहुत जरूरी होगा। व्हाइट ने अपनी नियुक्ति पर कहा, हाल ही में तमिलनाडु ड्रैगन्स के कोच के तौर पर इंडिया में समय बिताने के बाद मैं देश के समृद्ध हॉकी संस्कृति से वापस आया। मैंने जूनियर वर्ल्ड कप में इंडिया के खिलाफ कोचिंग करते हुए यहां बहुत सारी युवा प्रतिभाएं देखीं। ऐसे एथलीट्स के साथ फुल-टाइम काम करने का मौका मिलना एक विशेषाधिकार की तरह है। मेरा लक्ष्य तकनीकी रूप से मजबूत खिलाड़ियों को तैयार करना है जो गैप को भरने और सीनियर टीम में जगह बनाने के लिए तैयार हों।

**व्हाइट का कोचिंग करियर**

व्हाइट के कोचिंग करियर में बेल्जियम में हाल की सफलता और ऑस्ट्रेलिया के साथ पिछला अनुभव शामिल है। भारत आने से पहले उन्होंने बेल्जियम अंडर-21 महिला टीम के कोच के तौर पर काम किया और दिसंबर में 2025 जूनियर वर्ल्ड कप में उन्हें कांस्य पदक दिलाया था। वह 2021 से 2024 के बीच बेल्जियम की सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे। इस दौरान टीम की विश्व रैंकिंग 12वें स्थान से सुधरकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई थी। इसके अलावा टीम ने 2024 के पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल तक भी जगह बनाई थी।

# यूईएफए यूरोपा लीग : क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में ब्रागा और रियल बेटिस के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ रहा



ब्रागा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। यूईएफए यूरोपा लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में ब्रागा और रियल बेटिस के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। एस्टाडियो म्युनिसिपल डे ब्रागा में खेले गए इस मैच में दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच की शुरुआत में ब्रागा ने आक्रामक अंदाज अपनाया और इसका फायदा उन्हें जल्दी ही मिल गया। डिएगो रोड्रिग्स के कॉर्नर पर फ्लोरियन ग्रिलिट्श ने शानदार फ्लिक के जरिए गोल दागते हुए टीम को बढ़त दिलाई। इस शुरुआती गोल ने घरेलू टीम को आत्मविश्वास दिया और उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि, रियल बेटिस ने धीरे-धीरे वापसी की कोशिश की। 24वें मिनट में मार्क बार्ट्रा ने हेडर के जरिए बराबरी का मौका बनाया, लेकिन गेंद पोस्ट से टकराकर बाहर चली गई। इसके बाद भी बेटिस ने दबाव बनाए रखा और ब्रागा के गोलकीपर लुकास हॉर्निसेक को कई बार सतर्क रहना पड़ा, खासकर कुचो हर्नांडेज के क्लोज-रेंज हेडर को रोकते समय। दूसरे हाफ में मैच और रोमांचक हो गया। बेटिस ने आक्रमण को तेज करने के लिए बदलाव किए, जिसमें विंगर एंटनी को मैदान पर उतारा गया। हालांकि, ब्रागा ने भी मौके बनाए और ग्रिलिट्श का एक शॉट गोलकीपर पाऊ लोपेज ने शानदार तरीके से बचाया। मैच का टर्निंग पॉइंट तब आया जब ब्रागा के जीन-बैप्टिस्ट गोर्बी ने बॉक्स में फाउल कर दिया, जिससे बेटिस को पेनल्टी मिली। कुचो हर्नांडेज ने इस मौके को भुनाते हुए गेंद को बाएं कोने में डालकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों ने जीत के लिए प्रयास किए, लेकिन कोई और गोल नहीं हो सका। अब यह मुकाबला दूसरे लेग में तय होगा, जो 16 अप्रैल को सेविले में खेला जाएगा। इस ड्रॉ के साथ, दोनों टीमों के पास सेमीफाइनल में पहुंचने का बराबर मौका है, जहां उनका सामना एससी फ्रीबर्ग या सेल्टा विगो से हो सकता है। वहीं, फाइनल 20 मई को बेसिकटास पार्क, इस्तांबुल में आयोजित होगा।

ऋषभ पंत ब्रिगेड को लगा बड़ा झटका

# आईपीएल 2026 से बाहर हुए वानिंदु हसारंगा ऑलराउंडर जार्ज लिंड की होगी एंट्री!



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने जीत की लय पकड़ ली है. लखनऊ सुपर जायंट्स ने ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले कोलकाता नाइट राइडर्स को 3 विकेट से हराया. लखनऊ सुपर जायंट्स की मौजूदा सीजन में ये लगातार दूसरी जीत रही. लखनऊ सुपर जायंट्स को मौजूदा सीजन में इकलौती हार दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ मिली है।

आईपीएल 2026 के बीच ही लखनऊ सुपर जायंट्स को बड़ा झटका लगा है. टीम के स्टार बॉलिंग ऑलराउंडर वानिंदु हसारंगा चोट के चलते टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं. लखनऊ सुपर जायंट्स के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट टॉम मूडी ने गुरुवार को साफ किया कि हसारंगा के टीम से जुड़ने की संभावना नहीं है. मूडी ने कहा कि टीम मैनेजमेंट अब उनके बिना ही प्लानिंग कर रहा है और 24 से 48 घंटे के भीतर रिप्लेसमेंट का ऐलान किया जाएगा।

**इस अफ्रीकी क्रिकेटर की होगी एंट्री**

ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक साउथ अफ्रीका के स्पिन बॉलिंग ऑलराउंडर जॉर्ज लिंड को लखनऊ सुपर जायंट्स वानिंदु हसारंगा के रिप्लेसमेंट के तौर पर अपनी टीम से जोड़ सकती है. लिंडे भले ही आईपीएल में अब तक नहीं खेले हों, लेकिन उनके पास दुनियाभर की टी20 लीग्स का अच्छा अनुभव है. उन्होंने अब तक 250 टी20 मैचों में 218 विकेट लिए हैं और उनकी इकोनॉमी रेट 7.42 रही है. इसके अलावा, वह निचले क्रम में उपयोगी बल्लेबाजी भी कर सकते हैं, जो टीम को संतुलन देता है.

वानिंदु हसारंगा आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान लेफ्ट हैमस्ट्रिंग इंजरी का शिकार हुए थे और तभी से क्रिकेट से दूर हैं. इसके अलावा वह श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अनिवार्य फिटनेस टेस्ट भी पास नहीं कर सके, जो आईपीएल में खेलने के लिए जरूरी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) पाने की शर्त थी. लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें पिछले ऑक्शन में 2 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन वह एक भी मैच खेले बिना ही बाहर हो गए।

वानिंदु हसारंगा की गैरमौजूदगी के बावजूद लखनऊ सुपर जायंट्स की गेंदबाजी आईपीएल 2026 में प्रभावी रही है. टीम के स्पिन विभाग में दिग्वेश राठी, एम सिद्धार्थ और शाहबाज अहमद ने जिम्मेदारी संभाली है. हालांकि, तेज गेंदबाज मोहसिन खान भी फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिससे टीम की चिंताएं थोड़ी बढ़ी हैं।

# यूरोपा लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-0 से हराया



फ्रीबर्ग इम ब्रेइसगाऊ, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। एससी फ्रीबर्ग ने यूईएफए यूरोपा लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेल्टा विगो को 3-0 से हरा दिया। जर्मनी के फ्रीबर्ग इम ब्रेइसगाऊ में खेले गए इस मुकाबले में घरेलू टीम ने शुरुआत से ही अपना दबदबा बनाए रखा।

क्लब के इतिहास में पहली बार यूरोपियन क्वार्टरफाइनल खेल रही फ्रीबर्ग ने मैच के शुरुआती मिनटों से ही आक्रामक रुख अपनाया। इसका फायदा उन्हें 10वें मिनट में मिला, जब कप्तान विन्सेन्जो ग्रिफो ने बॉक्स के किनारे से शानदार शॉट लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। उनका शॉट डिफ्लेक्ट होकर गोल में गया, जिससे गोलकीपर के पास कोई मौका नहीं बचा। पहला गोल करने के बाद भी फ्रीबर्ग ने रक्षात्मक रवैया नहीं अपनाया और लगातार आक्रमण जारी रखा। उनकी काउंटर-प्रेसिंग रणनीति ने सेल्टा विगो को संभलने का मौका नहीं दिया। 32वें मिनट में इगोर मटानोविक की सूझबूझ भरी पासिंग से निकोलस बेस्टे ने आसान गोल कर स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी मैच का नियंत्रण फ्रीबर्ग के पास ही रहा। हालांकि सेल्टा विगो ने कुछ बदलाव किए, लेकिन वे खेल की दिशा बदलने में सफल नहीं हो सके। 70वें मिनट में बोर्जा इग्लेसियस ने एक मौका जरूर बनाया, लेकिन उनका शॉट गोल में तब्दील नहीं हो सका।

## 'अगले 20 साल तक भारत के लिए रन बना सकते हैं'

नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती और इसे वैभव सूर्यवंशी ने पूरी तरह से साबित करके दिखाया है। वैभव के खेल की तारीफ इस वक्त हर कोई कर रहा है और उनसे सभी बड़ी-बड़ी उम्मीदें पालने भी लगे हैं।

महज 15 साल की उम्र में वैभव पर उम्मीदों का बड़ा बोझ है और वो इस बोझ तले ना दब जाएं इसका खतरा भी है। अब वैभव को किस तरह से हमें संभालना है इसको लेकर रोहन गावस्कर ने बड़ा सुझाव दिया।

# 'मैं भी धोनी की तरह फिनिशर हूं'

## मुकुल चौधरी ने सुनाई अपने पिता के त्याग की कहानी



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। मुकुल चौधरी ने गुरुवार को एक यादगार पारी खेली, जिसकी मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स लगभग हार चुके मैच को 3 विकेट से जीत गई. इसके बाद मुकुल हर जगह छाए हुए हैं. उन्होंने मैच के बताया कि कैसे उन्हें क्रिकेटर बनाने के लिए पिता ने अपने करियर का त्याग कर दिया. मुकुल ने बताया कि उनके पिता राजस्थान एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस (आरएएस) के पेपर की तैयारी कर रहे थे, उन्हें जब लगा कि वह या तो खुद तैयारी कर सकते हैं या बेटे को क्रिकेटर बनाने के लिए मेहनत कर सकते हैं तो उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी. मुकुल एमएस धोनी को अपना आदर्श मानते हैं और उन्ही की तरफ फिनिशर बनना चाहते हैं।

जियोहॉटस्टार पर बात करते हुए मुकुल चौधरी ने कहा, मैं हमेशा एमएस धोनी को अपना आदर्श मानता हूं, क्योंकि मैं भी एक फिनिशर हूं. मैं हमेशा उनसे प्रेरणा लेता हूं. उनका 'हेलीकॉप्टर शॉट', जो कि बहुत आइकोनिक है, मेरा पसंदीदा है. जिस तरह से उन्होंने 2011 वर्ल्ड कप में भारत की कप्तानी की थी, वह हर किसी को याद है. मैं भी चाहता हूं कि उनकी तरह बनूं, मैचों को फिनिश करना चाहता हूं, उनकी तरह टीम को जिताना चाहता हूं। मुकुल चौधरी ने बताया कि उनके पिता ने शादी से पहले ही सोच लिया था कि अगर उनके बेटा हुआ तो उसे क्रिकेटर बनाएंगे. उन्होंने कहा, बड़े लेवल पर क्रिकेट खेलना मेरे पिता का सपना था. हम एक बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं और वह चाहते थे कि परिवार का कोई सदस्य क्रिकेट खेले. आजकल, क्रिकेट में बहुत पैसा और शोहरत है. क्रिकेट उनका पसंदीदा खेल है, लेकिन हमारे परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह खुद पेशेवर तौर पर क्रिकेट खेल पाते.

मां के अधूरे सपने को बेटी ने दी उड़ान

# हॉकी छोड़ रेस वॉकिंग में आईं एलिश एक्का, 17 की उम्र में रचा इतिहास



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। 12वीं की बोर्ड परीक्षा खत्म होने के महज 48 घंटे के भीतर जब कोई 17 साल की छात्रा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पोडियम पर पदक के साथ खड़ी हो तो वह पल किसी चमत्कार से कम नहीं लगता। ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के एक साधारण से गांव संतोषपुर की एलिश एक्का ने कुछ ऐसा ही किया है। एलिश एक्का के गले में चमकता रजत पदक सिर्फ एक खेल की जीत नहीं, बल्कि उनकी मां के अथाह त्याग और अदम्य साहस का एक सुंदर उदाहरण भी है।

**एलिश का साहसिक फैसला**

एलिश की कहानी की शुरुआत हॉकी के मैदान से होती है। एलिश की मां प्रमिला एक्का खुद राज्य स्तर की हॉकी खिलाड़ी रह चुकी हैं। प्रमिला को पारिवारिक जिम्मेदारियां और आर्थिक तंगी के कारण अपना खेल छोड़ना पड़ा था। मां की तरह एलिश ने भी बतौर स्ट्राइकर हॉकी में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखा। हालांकि, टीम स्पोर्ट्स में मिलने वाले सीमित अवसरों ने एलिश को अपने खेल सफर पर दोबारा विचार करने के लिए मजबूर किया।

ऐसा विचार आने के बाद एलिश ने गांव से करीब 15 किलोमीटर दूर स्थित 'बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम' के कोचों से बात की और फिर हॉकी छोड़कर 'रेस वॉकिंग' में करियर बनाने का बेहद साहसिक कदम उठाया। एलिश ने पिछले दो साल में बोर्ड परीक्षा की तैयारी और कड़ी ट्रेनिंग के बीच बेहतरीन संतुलन बनाए रखा। अभ्यास के लिए एलिश को अक्सर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। इस अनवरत मेहनत का फल तब मिला जब एलिश ने जगदलपुर में खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (केआईटीजी) 2026 में महिला दस हजार मीटर रेस वॉक में 1:04.59 का समय निकालकर रजत पदक जीता।

# केकेआर के खिलाड़ी ने अंपायरिंग-ईडन की पिच पर फोड़ा हार का ठीकरा

## > एलन को आउट देने पर बवाल



नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाड़ी रोवमैन पॉवेल ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2026 (आईपीएल 2026) के मैच के दौरान अंपायरों की 'गलती' की आलोचना की और अपनी टीम की करीबी हार के लिए ईडन गार्डन की धीमी पिच को जिम्मेदार ठहराया। एलएसजी का स्कोर 16 ओवर के बाद सात विकेट पर 127 रन था, लेकिन उसने युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी की नाबाद 54 रन की पारी की मदद से तीन विकेट से जीत हासिल की।

पॉवेल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, 'आप ईडन गार्डन को अपना गढ़ बनाना चाहते हैं। यह आपका घरेलू मैदान है और दर्शकों का समर्थन आपको मिलता है। घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा उठाना अच्छा लगता है, लेकिन इस युवा खिलाड़ी (मुकुल) को श्रेय जाता है। उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की।' केकेआर को चार मैच में एक भी जीत नहीं मिली है। इनमें से तीन मैच उसने अपने घरेलू मैदान पर खेले हैं। एलएसजी के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत के बावजूद केकेआर चार विकेट पर 181 रन ही बना पाई। इस मैच में टीम के ओपनर बल्लेबाज फिन एलन (09) विवादास्पद तरीके से आउट हो गए।

एलन के बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर गई गेंद को डीप थर्ड मैन की बाउंड्री पर खड़े दिगवेश राठी ने कैच कर लिया। रीप्ले से पता चला कि उनके पैर की उंगलियां बाउंड्री को छू गई थीं, लेकिन मैदानी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक (साउथ अफ्रीका) और अक्षय टोत्रे (भारत) ने तीसरे अंपायर का सहारा नहीं लिया और इस कैच को क्लीन करार दिया।

**अंपायरिंग पर क्या बोले पॉवेल**

पॉवेल ने कहा, 'बिल्कुल और भी पहलुओं पर गौर किया जाना चाहिए था। जब वह मैदान से बाहर आए तो हमने इस बारे में बात की थी।

हमने आईपीएल में देखा है कि अंपायर इससे भी छोटी-छोटी चीजों के लिए तीसरे अंपायर की मदद लेते रहे हैं। हो सकता है कि यह उनकी तरफ से एक गलती थी, लेकिन हम यह नहीं कहेंगे कि इसी वजह से आज रात हमें दो अंक गंवाने पड़े।'

**220 रन वाला विकेट नहीं था**

पॉवेल ने कहा कि इस पिच पर स्ट्रोक लगाना इतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा, 'यह ईडन गार्डन के उस पारंपरिक विकेट जैसा नहीं था जहां आप क्रीज पर उतरकर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर देते हैं। यह 220 रन वाला विकेट नहीं था। गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिल रही थी, विशेषकर जब उन्होंने धीमी गेंदों का इस्तेमाल किया।'

**पॉवेल को स्थिति में सुधार की उम्मीद**

केकेआर का अब चार मैचों में सिर्फ एक अंक है, जो उसे सोमवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ बारिश के कारण रद्द किए गए मैच से मिला था, लेकिन पॉवेल को स्थिति में सुधार की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, 'अगर आप इतिहास देखें तो आईपीएल के विजेता टूर्नामेंट के मध्य और अंतिम चरण में अपनी लय हासिल करते हैं। जब शुरुआत अच्छी न हो तो जीतना आसान नहीं होता। अभी हमने 10 मैच खेलने हैं और हमारा भविष्य हमारे हाथ में है।'

# राज्यपाल ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से की मुलाकात





हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अलग-अलग मुलाकात की।

तेलंगाना के राज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के बाद, उन्होंने शिष्टाचारवश पहली बार राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने तेलंगाना के राज्यपाल के रूप में सेवा करने का अवसर देने के लिए दोनों पक्षों को धन्यवाद दिया।

# एआई तकनीक और कर निगरानी के माध्यम से हुई राजस्व में वृद्धि : भट्टी

## सचिवालय में उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्व सृजन और संसाधन जुटाने पर केंद्रित कैबिनेट उप-समिति की बैठक के दौरान, उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने टिप्पणी की कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी समकालीन प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन के साथ-साथ विभिन्न विभागों और संगठित प्रशासन में कर राजस्व की निरंतर निगरानी के परिणामस्वरूप राजस्व सृजन में वृद्धि हुई है। यह बैठक शुक्रवार को सचिवालय में उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समीक्षा में मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी और मंत्री जूपल्ली कृष्णा राव सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एआई तकनीक को अपनाने से खनन और परिवहन जैसे विभागों में राजस्व बढ़ाने में मदद मिली है। भट्टी विक्रमार्क ने अधिकारियों को अवैध रेत खनन, क्रशर संचालन, अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ अधिक सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि निरंतर समीक्षाओं और सख्त कर प्रशासन उपायों के कारण वाणिज्यिक कर विभाग के जीएसटी राजस्व में पिछले तीन महीनों में 15% की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार, पंजीकरण विभाग के राजस्व में भी वृद्धि दर्ज की गई है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व स्रोतों को और मजबूत करने के लिए राजस्व सृजन और संसाधन जुटाने संबंधी कैबिनेट उप-समिति की बैठकें नियमित रूप से प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित की जाएंगी। उन्होंने सभी विभागों को 2047 तक 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करने के अनुरूप राजस्व जुटाने की योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

उत्तम कुमार रेड्डी ने सुझाव दिया कि एचएमडीए के तहत भूमि की बिक्री को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए, क्योंकि पूर्व जागरूकता और पहुंच से राजस्व के अवसरों में काफी वृद्धि हो सकती है। उपमुख्यमंत्री ने पंजीकरण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे भूमि मूल्य संशोधन का अध्ययन करने वाली समितियों की रिपोर्ट पहले उप-समिति के समक्ष प्रस्तुत करें और फिर उन्हें मंत्रिमंडल को सौंपें। मंत्रियों ने मेट्रो रेल अधिग्रहण, प्रबंधन, राजस्व और व्यय से संबंधित पहलुओं की भी समीक्षा की। इसके अतिरिक्त, उत्पाद शुल्क, राजस्व और उद्योग विभागों में राजस्व बढ़ाने की दिशा में हुई प्रगति पर चर्चा की गई। भट्टी विक्रमार्क ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आगामी समीक्षाओं के दौरान प्रस्तुत करें।

## प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या का प्रयास, महिला गिरफ्तार

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के बाहरी इलाके पोचारम में एक चौंकाने वाली घटना में एक महिला ने कथित तौर पर अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या करने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले में महिला को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उसका सहयोगी फरार है।

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, घनपुर लिंगपुर गांव की रहने वाली तीन बच्चों की मां बालमणि अपने पति बी रमेश के साथ रह रही थी। इसी दौरान उसके एक रिश्तेदार अमर के साथ उसके विवाहेतर संबंध का खुलासा हुआ। बताया गया है कि पति को इस संबंध की जानकारी होने के बाद महिला ने उसे रास्ते से हटाने की साजिश रची। 7 अप्रैल की रात जब रमेश सो रहा था, तब बालमणि और अमर ने उस पर लाठियों से हमला कर दिया। हालांकि, पीड़ित द्वारा जान की गुहार लगाने पर दोनों मौके से फरार हो गए। शिकायत के आधार पर पोचारम आईटी कॉरिडोर पुलिस ने गुरुवार को बालमणि को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जबकि सह-आरोपी अमर की तलाश जारी है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# मंत्री जूपल्ली ने की हरीश की आलोचना

## पलामुरु परियोजनाओं पर दोहरे मापदंड अपनाने का मामला



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। पर्यटन मंत्री जूपल्ली कृष्णा राव ने पूर्व मंत्री और बीआरएस विधायक टी. हरीश राव पर तीखा हमला करते हुए उन पर पूर्ववर्ती पालमुरु जिले में परियोजनाओं के संबंध में दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया।

शुक्रवार को विधानसभा के भीतर कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के कार्यालय में एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान, विधायकों जी. मधुसूदन रेड्डी और वीरलापल्ली शंकर के साथ जूपल्ली कृष्णा राव ने स्थिति की निंदा करते हुए इसे शर्मनाक बताया।

उन्होंने बताया कि पिछली बीआरएस सरकार ने गोल्लापल्ली जलाशय के विकास के लिए सरकारी आदेश (जीओ) जारी किए थे, लेकिन अब राजनीतिक लाभ के लिए परियोजना की प्रगति में बाधा डाल रही है। मंत्री ने याद दिलाया कि पिछली बीआरएस सरकार ने ही 2016 में एक सरकारी आदेश (जीओ) जारी कर 25 टीएमसी की कुल क्षमता वाले जलाशयों के निर्माण के लिए 4,177 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। उन्होंने कहा कि मार्च 2019 में गोल्लापल्ली सहित 27 जलाशयों का प्रस्ताव रखना और अब उसी परियोजना के खिलाफ बोलना, पलामुरु के लोगों को धोखा देने के समान है। जूपल्ली कृष्णा राव ने स्पष्ट किया कि हरीश राव के इस दावे में कतई सच्चाई नहीं है कि पालमुरु-रंगारेड्डी परियोजना का 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

उन्होंने सवाल उठाया, 'उन्होंने नहरों का निर्माण भी पूरा नहीं किया है; न तो भूमि अधिग्रहण हुआ है और न ही प्रशासनिक स्वीकृतियां प्राप्त की गई हैं। चुनाव से ठीक पहले लोगों को धोखा देने के लिए जल्दबाजी में पंप चालू करने के अलावा, क्या उन्होंने वास्तव में एक एकड़ जमीन को भी पानी मुहैया कराया है?'

जूपल्ली कृष्णा राव ने आगे बताया कि जहां बीआरएस सरकार ने पिछले दस वर्षों में पालमुरु पर 7,000 करोड़ रुपये खर्च किए, वहीं संयुक्त राज्य में कांग्रेस सरकारों ने 8,300 करोड़ रुपये खर्च किए थे। जूपल्ली कृष्णा राव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री हरीश राव, जिन्होंने 50 टीएमसी मल्लन्ना सागर परियोजना के निर्माण के लिए किसानों को जबरन बेदखल किया था, उन्हें पालमुरु के किसानों की ओर से बोलने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने पिछली सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उसने इन परियोजनाओं का इस्तेमाल केवल ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने और लूटपाट करने के लिए किया। मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि कांग्रेस पार्टी राज्य और देश दोनों में सत्ता में अवश्य आएगी और राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने बीआरएस पार्टी का उपहास करते हुए कहा कि अगर वे सत्ता में वापसी की उम्मीद करते हैं तो वे केवल दिवास्वप्न देख रहे हैं।

## टीजीएसआरटीसी कर्मचारियों का डीए 2.1 प्रतिशत बढ़ा, 52.8 प्रतिशत हुआ

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीजीएसआरटीसी) के कर्मचारियों को राहत देते हुए राज्य सरकार ने कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए महंगाई भत्ता (डीए) में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की है। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने शुक्रवार को बताया कि डीए 1 जनवरी 2026 से 50.7 प्रतिशत से बढ़ाकर 52.8 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे राज्य भर के सभी आरटीसी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। मंत्री ने कहा कि सरकार पिछले तीन महीनों के बकाया का भुगतान पूरक बिलों के माध्यम से करेगी, जिन्हें आने वाले महीनों में जारी किया जाएगा। डीए में वृद्धि से निगम पर प्रति माह लगभग 2.82 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले जुलाई 2025 में डीए में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी, जिससे यह 48.6 प्रतिशत से बढ़कर 50.7 प्रतिशत हो गया था। नवीनतम संशोधन के बाद डीए 52.8 प्रतिशत पर पहुंच गया है और आरपीएस-2017 के लागू होने के बाद कोई बकाया लंबित नहीं है। टीजीएसआरटीसी के प्रबंध निदेशक वाई नागी रेड्डी ने इस फैसले का स्वागत करते हुए सरकार को धन्यवाद दिया और कहा कि कर्मचारियों का कल्याण उनकी प्राथमिकता रहेगा। मंत्री ने क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित कार्यों और विकास योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

## एचआईवी संक्रमित खून इंजेक्ट करने के बाद युवती ने की आत्महत्या

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। मेडचल-मल्काजगिरि जिले में एक युवती ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली, जिसे उसके पूर्व मंगेतर द्वारा एचआईवी संक्रमित रक्त का इंजेक्शन लगाए जाने का मामला सामने आया है। यह घटना 11 मार्च को पोचारम आईटी कॉरिडोर थाना क्षेत्र के अन्नोजिगुडा में हुई थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी मनोहर ने उस समय महिला पर हमला किया जब उसके परिवार ने यह जानने के बाद सगाई तोड़ दी थी कि वह और उसके परिवार के कुछ सदस्य एचआईवी पॉजिटिव हैं। प्रस्ताव ठुकराए जाने से नाराज होकर वह महिला के घर पहुंचा और उसे शादी के लिए दबाव बनाने लगा।

आरोप है कि मना करने पर उसने एक सिरिंज के जरिए अपना संक्रमित खून महिला के शरीर में इंजेक्ट कर दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद महिला को तेज बुखार आया और उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने अपने परिवार को पूरी घटना बताई। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना से आहत होकर युवती ने गुरुवार रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेजा गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अमीरपेट गुरुद्वारा समिति ने केटीआर को वैसाखी समारोह के लिए किया आमंत्रित



हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। अमीरपेट गुरुद्वारा के प्रतिनिधियों ने बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और पार्टी विधायक केटी रामाराव को अगले सप्ताह अमीरपेट गुरुद्वारा साहिब के तत्वावधान में भव्य रूप से आयोजित होने वाले 'खालसा सजना दिवस - वैशाखी' समारोह में शामिल होने का निमंत्रण दिया। अमीरपेट गुरुद्वारा समिति के अध्यक्ष एस. दर्शन सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल, जिसमें पूर्व मंत्री तलसानी शीनिवास यादव भी शामिल थे, ने केटीआर से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें समारोह का आधिकारिक निमंत्रण पत्र प्रस्तुत किया।1

इस अवसर पर, उन्होंने केटीआर से अनुरोध किया कि वे मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हों, जो मंगलवार, 14 अप्रैल को दोपहर 1:30 बजे अमीरपेट स्थित श्री गुरु गोविंद सिंहजी बहुउद्देशीय खेल परिसर (नगरपालिका खेल मैदान) में आयोजित होगा। समिति के प्रतिनिधियों ने बताया कि समारोह में पंजाब से आने वाले प्रसिद्ध धार्मिक उपदेशकों द्वारा संचालित गुरबानी कीर्तन और अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम शामिल होंगे, और यह भी बताया कि लगभग 8,000 से 8,500 श्रद्धालुओं के उत्सव में शामिल होने की उम्मीद है।

उन्होंने केटीआर से इस त्यौहार में भाग लेने का आग्रह किया, जिसे सिख समुदाय अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाता है, और गुरु साहब का आशीर्वाद प्राप्त करने को कहा। इस बैठक में गुरुद्वारा साहिब अमीरपेट कमेटी के सदस्य और अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।






## टॉलीवुड अभिनेता साई धर्म तेज ने वेमुलावाड़ा मंदिर में किए दर्शन

राजन्ना-सिरसिला, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। टॉलीवुड अभिनेता साई धर्म तेज ने शुक्रवार को वेमुलावाड़ा मंदिर पहुंचकर भगवान भीमेश्वर स्वामी के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना की।

मंदिर पहुंचने पर पुरोहितों ने उनका पारंपरिक स्वागत किया। दर्शन के दौरान अभिनेता ने मंदिर में विधिवत पूजा संपन्न की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद साई धर्म तेज कोंडागट्टू अंजनेयस्वामी मंदिर भी गए, जहां उन्होंने हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

# तेलंगाना माओवादी गतिविधियों से मुक्त घोषित, 42 कैडरों का आत्मसमर्पण





हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना को माओवादी सशस्त्र गतिविधियों से मुक्त घोषित कर दिया गया है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि राज्य पुलिस के समक्ष शीर्ष कमांडरों सहित 42 सीपीआई (माओवादी) कैडरों के आत्मसमर्पण के बाद हासिल हुई है।

पुलिस के अनुसार, मुख्यधारा में शामिल होने वालों में सोडी मल्ला उर्फ केशल उर्फ निखिल (पीएलजीए बटालियन कमांडर और डीकेएसजेडसी सदस्य), चापा नारायण उर्फ गजेंद्र उर्फ मधु (राज्य समिति सदस्य और जेएमएमडब्ल्यूपी डीवीसी सचिव) और कडथी सन्नू उर्फ मंथु (बीके-ए ए स आ र डिवीजन के डीवीसी सदस्य) जैसे प्रमुख नेता शामिल हैं।

आत्मसमर्पण करने वाले कैडरों ने 36 आग्नेयास्त्र भी सौंपे, जिनमें एके-47, एसएलआर, इंसास और .303 राइफलें, 9 एमएम स्टेन गन, पिस्तौल व रिवॉल्वर शामिल हैं। इसके अलावा 1007 जिंदा कारतूस और करीब 800 ग्राम सोना भी जमा कराया गया। डीजीपी बी शिवधर रेड्डी ने बताया कि यह घटनाक्रम पहले हुए आत्मसमर्पणों की कड़ी है, जिसमें वरिष्ठ माओवादी नेताओं सहित 130 कैडरों ने 124 हथियार सौंपे थे।

उन्होंने कहा कि इन सामूहिक आत्मसमर्पणों के बाद सीपीआई (माओवादी) की सशस्त्र शाखा पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) प्रभावी रूप से निष्क्रिय हो गई है। अधिकारियों के अनुसार, राज्य समिति के सभी सदस्यों के आत्मसमर्पण के साथ तेलंगाना में माओवादी नेटवर्क पूरी तरह समाप्त हो गया है।

## सेल्फी लेने में जरा सी चूक और सीधे झरने में

### देखते ही देखते आंखों से ओझल हुईं 3 लड़कियां



अमरावती, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। स्कूलों में समर वेकेशन के चलते ये लड़कियां वॉटरफॉल पर घूमने गई थीं, इसी दौरान यह हादसा हो गया। तीनों के शव बरामद कर लिए हैं। इस घटना का भयावह वीडियो भी सामने आया है।

आंध्र प्रदेश के अल्लरी सीताराम राजू में गुरुवार को सेल्फी लेने के लिए झरने में उतरी तीन लड़कियां डूब गईं। पुलिस ने बताया कि एक ही गांव की चार लड़कियां झरने पर घूमने गई थीं तभी उनमें से तीन दुर्घटनावश पानी में गिर गईं और तैरना नहीं जानने के कारण डूब गईं। पुलिस ने बताया कि चौथी लड़की बच गई और उसका इलाज चल रहा है।

वीडियो बनाते समय, तीन लड़कियों की डूबने से मौत हो गई और एक अन्य लड़की घायल हो गई। घायल लड़की की पहचान एस. अंजलि के रूप में हुई है, जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। तीनों मृत लड़कियों की पहचान तृषा (17), पवित्रा (16) और रत्नकुमारी (16) के रूप में हुई है।

**पिकनिक स्थलों के लिए मशहूर है अल्लरी जिला**

इस घटना ने अल्लरी जिले में झरनों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह जिला अपने सुंदर पिकनिक स्थलों और मनमोहक झरनों के लिए जाना जाता है, जहां पहले भी डूबने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर और अधिक चेतावनी बोर्ड, बैरिकेड और पुलिस की तैनाती की मांग की है।

## हनी ट्रैप का मामला, अंतरंग वीडियो बनाकर 25 लाख की मांग

हैदराबाद, 10 अप्रैल (स्वतंत्र वार्ता)। वनस्थलीपुरम क्षेत्र में हनी ट्रैप के एक संदिग्ध मामले में एक व्यक्ति को गुप्त रूप से रिकॉर्ड किए गए अंतरंग वीडियो के जरिए ब्लैकमेल किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित नागोल का निवासी है और सौंदर्य प्रसाधन उद्योग में कार्यरत है। उसे प्रशिक्षण लेने वाली एक महिला ने बाद में वनस्थलीपुरम स्थित अपने घर पर बुलाया था। मुलाकात के दौरान महिला ने कथित तौर पर उसके साथ अंतरंग व्यवहार किया और उसकी जानकारी के बिना वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। इसके बाद उसने वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देते हुए उन्हें हटाने के लिए 25 लाख रुपये की मांग की। पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच हनी ट्रैप के एंगल से कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.